✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 155 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 2 नवम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



छत्तीसगढ़ में आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

## बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण से ठीक पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जारी किया वीडियो संदेश, कहा

# बिहार को टॉप पर लाना हमारा लक्ष्य

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण से ठीक पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को एक वीडियो संदेश जारी कर राज्य की जनता से एक और मौका देने की अपील की। उन्होंने कहा कि 2005 से पहले जब वह सत्ता में नहीं थे तब बिहार पिछड़ापन, अपराध और भ्रष्टाचार के अंधेरे में था। एनडीए सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और बिजली में वह सुधार लाया जिससे बिहार की पहचान बदली। नीतीश ने अपनी अपील में कहा कि पहले बिहारी कहलाना अपमान समझा जाता था, आज गर्व की बात है। मुख्यमंत्री के इस संदेश में एनडीए के लिए जनता से समर्थन मांगते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि राज्य के विकास की कहानी अभी अधूरी है। उन्होंने कहा कि एनडीए को एक और मौका दीजिए ताकि हम बिहार को देश के टॉप राज्यों में शामिल कर सकें। उन्होंने चुनावी संदेश में यह भी कहा कि उनकी सरकार ने पंद्रह साल में उस बिहार को बदल दिया जहां कभी बिजली, सड़क और कानून व्यवस्था का संकट था। नीतीश ने कहा कि उनकी प्राथमिकता रही है कि आम नागरिक का जीवन बेहतर बने। वे बोले, हमने जो भी किया जनता की अपेक्षा और राज्य के भविष्य को ध्यान में रखकर किया। अब तक जो विकास हुआ, वह केवल शुरुआत है। वीडियो संदेश में नीतीश कुमार ने 2005 का उल्लेख करते हुए विपक्ष, खासकर राजद पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जब उनकी सरकार बनी थी तब बिहार की छवि देशभर में नकारात्मक थी। उस वक्त बिहारी कहलाना अपमान समझा जाता था। लोग राज्य के नाम से ही मजाक बनाते थे लेकिन हमने साबित किया कि बिहार मेहनती, ईमानदार और प्रगतिशील लोगों का प्रदेश है। उन्होंने जोड़ते हुए कहा कि उनके शासन में अपराध पर लगाम लगी, शिक्षण संस्थान विकसित हुए और हर जिले तक सड़कें पहुंचीं। हमने बिहार को पिछली पहचान से बाहर निकाला और एक नई पहचान दी। वीडियो संदेश में नीतीश कुमार ने महिलाओं की प्रगति को अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि अब महिलाएं आत्मनिर्भर हैं, शिक्षित हैं



और समाज में नेतृत्व की भूमिका निभा रही हैं। पहले महिलाओं को राजनीति और समाज में अवसर नहीं मिलते थे। आज हर पंचायत में उनकी भागीदारी है और वे खुद निर्णय ले रही हैं। नीतीश ने यह भी याद दिलाया कि उनकी सरकार ने लड़कियों की शिक्षा के लिए साइकिल योजना और छात्रवृत्ति योजना लागू की, जिसने लाखों परिवारों की सोच बदली। हमने बेटियों के लिए वो राह खोली जिससे वे अब किसी सहारे की मोहताज़ नहीं रहीं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में विपक्ष पर सीधा हमला करते हुए कहा कि पहले की सरकारें सिर्फ अपने परिवार के हित में काम करती थीं, हमने पूरे बिहार के परिवार की चिंता की। नीतीश ने कहा कि उनकी सरकार ने जाति या वर्ग से ऊपर उठकर विकास किया और सबको समान अवसर देने की कोशिश की। वे बोले, बिहार की सेवा करना ही मेरा परिवार है। इसी भावना से हमने हर वर्ग के लिए काम किया, चाहे किसान हों, मजदूर हों या नौजवान। नीतीश कुमार ने कहा कि बीते वर्षों में उनकी सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जो सुधार किए, उसी का परिणाम है कि आज बिहार आत्मविश्वास से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि गांव-गांव तक स्कूल और अस्पतालों का विस्तार हुआ है। उच्च शिक्षा के लिए नए कॉलेज खुले हैं और रोजगार की संभावनाएं बढ़ी हैं। उन्होंने यह भी बताया कि ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवा को सुलभ बनाने के लिए प्राथमिक केंद्रों की संख्या बढ़ाई गई है और टेलीमेडिसिन की शुरुआत ने गरीब परिवारों को राहत दी है। हमने गरीबी घटाई और विकास की नींव मजबूत की, नीतीश के शब्दों में यही उनका चुनावी वादा भी है। संदेश का भावनात्मक हिस्सा बिहार की अस्मिता पर केंद्रित रहा। नीतीश कुमार ने कहा कि राज्य की छवि अब बदली है और बिहार का नाम सुनकर अब गर्व होता है। हमने साबित किया कि अगर ईमानदारी और इच्छा शक्ति हो, तो बिहार जैसा राज्य भी बदल सकता है। वीडियो के अंत में नीतीश कुमार ने जनता से कहा, एनडीए को दोबारा मौका दीजिए ताकि बिहार के विकास की गति और तेज हो सके। हमने पहले भी कहा था, और आज फिर कहते हैं-बिहार को टॉप-पर लाना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने यह भी दावा किया कि राज्य के हर व्यक्ति को सम्मान और सुरक्षा दिलाना उनकी जिम्मेदारी रही है और रहेगी। नीतीश के इस संदेश को जदयू और भाजपा दोनों ने सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से साझा किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### राघोपुर से चुनाव लड़ चुके राकेश रौशन भाजपा में शामिल

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** वैशाली जिले के राघोपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ चुके राकेश रौशन भाजपा में शामिल हो गए हैं। शनिवार को अपने समर्थकों के साथ उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली। मिलन समारोह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि राघोपुर से नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को हराना एनडीए का संकल्प है। राघोपुर से तेजस्वी यादव चुनावी मैदान में है। उनका मुकाबला भाजपा के सतीश कुमार से है। 1995 से लेकर 2020 तक यहां से लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव ने चुनाव जीते हैं।

### दुलारचंद हत्याकांड में दो थानाध्यक्ष निलंबित

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** मोकामा में राजद नेता दुलारचंद हत्याकांड में घोसवरी थाना अध्यक्ष मधुसूदन कुमार और भदौर थाना अध्यक्ष रविरंजन को निलंबित कर दिया गया है। ग्रामीण एसपी विक्रम सिहाग के मुताबिक मामले में 35 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनसे पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि दोनों थानाध्यक्ष ने समय रहते सही कार्रवाई नहीं की। काम में लापरवाही की वजह से दोनों निलंबित कर दिए गए हैं।

### सदर अस्पताल से कैदी फरार

**मधुबनी(नबिटा ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में एचआईवी जांच के दौरान एक कैदी हथकड़ी निकालकर फरार हो गया। हालांकि अस्पताल के मुख्य गेट पर मौजूद लोगों ने उसे पकड़ वापस पुलिस के हवाले कर दिया। यह घटना तब हुई जब मधुबनी मंडल कारा से एक कैदी को एचआईवी टेस्ट के लिए सदर अस्पताल लाया गया था। जांच के समय कैदी ने अपने हाथों से हथकड़ी निकाल ली और अस्पताल से भागने का प्रयास किया। कैदी भागते हुए सदर अस्पताल के मुख्य गेट तक पहुंच गया। शोरगुल सुनकर वहां मौजूद भीड़ ने उसे घेरकर पकड़ लिया।

## विधायक नहीं बिहार का भविष्य तय करने का चुनाव : अमित शाह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गोपालगंज।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को वर्चुअली गोपालगंज में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। खराब मौसम के कारण उनका हेलिकॉप्टर पटना से उड़ान नहीं भर पाया। अपने भाषण में शाह ने जंगलराज की याद दिलाई, साथ ही बंद पड़े चीनी मिलों को चालू कराने का वादा किया। वहीं समस्तीपुर के दलसिंह सराय में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की जनसभा खराब मौसम की वजह से रद्द हो गई। गोपालगंज में करीब 5 मिनट के अपने भाषण में शाह ने कहा कि पीएम ने बंद पड़ी रीगा चीनी मिल को चालू करने का काम किया है। बिहार की बाकी बंद पड़ी चीनी मिल को अगले 5 साल में चालू किया जाएगा। ये चुनाव विधायक चुनने का नहीं है। ये चुनाव बिहार का भविष्य तय करने का है। बिहार किसके हाथ में रहेगा। जिन्होंने सालों तक बिहार में जंगलराज थोपा



उसके या नरेंद्र जी और नीतीश जी के नेतृत्व में जो बिहार का विकास हुआ उसे चुनेगा। उन्होंने कहा कि साधु यादव के कारनामे गोपालगंज वालों से ज्यादा किसको मालूम हैं। जंगलराज के दौर में कई नरसंहार हुए, जिनमें बथानी टोला, सोनारी, शंकरबीघा नरसंहार जैसे अलग-अलग 34 नरसंहार हुए थे। इसने बिहार की धरती को रक्तरंजित किया है। श्री शाह ने कहा कि एनडीए सरकार ने गोपालगंज जिले में डुमरिया घाट से पटना तक 2,200 करोड़ रुपए की लागत से एक एक्सप्रेसवे का निर्माण किया है। हथुआ में 340 करोड़ रुपए की लागत से एक आधुनिक एलपीजी बॉटलिंग प्लांट का निर्माण किया गया है। गोपालगंज के सबेया हवाई अड्डे पर जल्द ही उड़ान सेवाएं शुरू होंगी। हमने 131 करोड़ रुपए की लागत से मीरगंज बाईपास सड़क के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की है। छपरा-गोपालगंज खंड को चार लेन तक विस्तारित करने के लिए काम चल रहा है और थावे जंक्शन का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। हमारी एनडीए सरकार ने ऐसी कई विकास परियोजनाएं शुरू की हैं।

## 423 दागी उम्मीदवारों को सार्वजनिक करना होगा आपराधिक ब्योरा

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में खड़े 423 दागी उम्मीदवारों को मतदान तिथि से दो दिन पहले (चार नवंबर) तक अपने ऊपर दर्ज सभी आपराधिक ब्योरा सार्वजनिक करना अनिवार्य है। उनको नामांकन वापसी से लेकर मतदान तिथि से दो दिन पहले तक तीन बार यह ब्योरा पार्टी की वेबसाइट, आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल और राष्ट्रीय व स्थानीय अखबारों के माध्यम से सार्वजनिक करनी है। चुनाव आयोग के इस निर्देश के अनुपालन में राजद ने अब तक 101, कांग्रेस ने 41, जदयू ने 25 और भाजपा ने 24 उम्मीदवारों का आपराधिक ब्योरा निर्धारित फॉर्म में वेबसाइट पर अपलोड किया है। पहले चरण में चुनाव मैदान में खड़े कुल 1314 में से 423 (32 फीसदी) उम्मीदवारों ने अपने ऊपर आपराधिक मामले दर्ज होने की जानकारी दी है। इनमें 354 (27 फीसदी) पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनके विरुद्ध हत्या, अपहरण, बलात्कार, भ्रष्टाचार, गैर जमानती और पांच साल या उससे अधिक सजा वाले मामलों में केस दर्ज है।

## हमारी आवाज को कोई नहीं दबा सकता : तेजस्वी यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मुजफ्फरपुर।** खराब मौसम और बारिश के चलते शनिवार को राजद नेता तेजस्वी यादव की चुनावी रैली रद्द हो गई। तेजस्वी यादव बरुराज और साहेबगंज में महागठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा करने वाले थे। सभा कैंसिल होने के बाद तेजस्वी यादव ने पटना से फोन पर साहेबगंज के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जनता मालिक है। मौसम हमें रोक सकता है लेकिन हमारी आवाज को नहीं दबा सकता। जनता के विश्वास और आशीर्वाद से ही बिहार में बदलाव की बयार बहेगी। आज हमारी 16 सभाएं अलग-अलग जिलों में निर्धारित थीं लेकिन मौसम के कारण हेलिकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका। कई जिलों में सड़कों पर जलजमाव और लगातार हो रही बारिश से सभाओं की तैयारी प्रभावित हुई है। उन्होंने कहा कि साहेबगंज की जनता ने हमेशा राजद को सम्मान दिया है। इस बार भी आप सब पृथ्वी नाथ राय को भारी मतों से विजयी बनाएं। हमारा संघर्ष बिहार को



बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और पलायन से मुक्त करने के लिए है। मौसम से निराश न हों और राजद के संदेश को घर-घर तक पहुंचाएं। हर मुश्किल के बावजूद हमारा अभियान जारी रहेगा। हम जनता के भरोसे राजनीति करते हैं न कि हेलिकॉप्टर के भरोसे। बिहार में अब बदलाव रुकने वाला नहीं है। उन्होंने कहा कि एक मौका दीजिए उसके बाद हम हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देंगे। नया बिहार बनाना है और भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकना है। वोट देकर इस निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकिये। एक मौका दीजिए, इसके बाद जो सरकार ने 20 साल में काम नहीं किया वो तेजस्वी यादव 20 महीने में करके दिखायेगा।

## पांच साल में 50 लाख करोड़ का होगा निवेश, एक करोड़ नौकरी-रोजगार का लक्ष्य : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/सारण/परबत्ता।** बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कह कि जिस बिहार में लालू राज के दौरान इंडस्ट्री पूरी तरह समाप्त हो गई थी, आज उसी बिहार की जीडीपी में 23 प्रतिशत हिस्सेदारी उद्योग क्षेत्र की है। बिहार में देश का सबसे बड़ा बॉटलिंग प्लांट, सबसे बड़ा इथेनॉल प्लांट और सबसे ज्यादा थर्मल पावर प्रोजेक्ट लग रहे हैं। चुनाव सभाओं में श्री चौधरी ने कहा कि मैं आपसे वादा करता हूं कि अगर हमारी सरकार फिर बनने पर बिहार में अगले पांच साल में 50 लाख करोड़ रुपये का निवेश होगा। हमने यह वादा अपने संकल्प पत्र के माध्यन से भी किया है। श्री चौधरी सारण जिले के बनियापुर विधानसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी केदारनाथ सिंह (भाजपा) और परबत्ता विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी बाबूलाल शौर्य (लोजपा-रा.) के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर उनके पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि 2005 से पहले बिहार की सड़कें बदहाल थीं। तब सड़क में गड्ढा था या गड्ढे में सड़क, यह कहना मुश्किल था। पटना पहुंचने में पांच घंटे लगते थे, आज डेढ़ घंटे में सफर पूरा हो जाता है। अब हर गांव तक सड़क और बिजली पहुंच चुकी है। 23 से 24 घंटे बिजली आपूर्ति हो रही है, वह भी 125 यूनिट फ्री बिजली के साथ। उपमुख्यमंत्री चौधरी ने बताया कि बिहार अब बुनियादी विकास से आगे बढ़कर औद्योगिक विकास के नए युग में प्रवेश कर चुका है। लालू राज में जहां उद्योग-धंधे खत्म हो (शेष पृष्ठ 10 पर)

## बिहार चुनाव में एनडीए ऐतिहासिक जीत की ओर अग्रसर, नीतीश ही मुख्यमंत्री बनेंगे : विजय चौधरी

**– विनय कुमार**

**समस्तीपुर।** बिहार सरकार के जलसंसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री और समस्तीपुर जिले में सरायरंजन विधानसभा सीट पर जदयू के उम्मीदवार विजय चौधरी ने बड़े आत्मविश्वास के साथ कहा कि इस बार बिहार चुनाव में राजग ऐतिहासिक जीत की ओर अग्रसर है और इस बार महसूस ही नहीं हो रहा है कि सामने कोई मुकाबले में है। श्री चौधरी ने अपने क्षेत्र सरायरंजन में चुनाव प्रचार के दौरान आज कहा कि 2020 के चुनाव में समस्तीपुर जिले की दस विधानसभा सीटों के मुकाबले टाई हो गये थे और पक्ष-विपक्ष दोनो गठबंधनों को पांच-पांच सीटें मिली थी लेकिन इस बार तो सभी दस सीटों पर राजग का डंका बज रहा है और एक भी सीट महागठबंधन के खाते में जाती हुई नही दिख रही है। बिहार के प्रत्येक



परिवार को सरकारी नौकरी देने का वादा कर राजद के नेता तेजस्वी यादव युवाओं को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं, इस सवाल के जवाब में जदयू के वरिष्ठ नेता श्री चौधरी ने कहा कि जिस व्यक्ति को पहले से मालूम है कि मुख्यमंत्री की कुर्सी नही मिलने वाली है, उसे अनाप शनाप वादे करने से क्यों परहेज होगा। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव की वित्तीय समझ बहुत कमजोर है और उन्हें इस बात का पता नही है कि प्रत्येक वादे की एक कीमत होती है। उसके लिए सरकार को संसाधन जुटाने होते हैं। उन्होने कहा कि श्री यादव के झूठे वादों को बिहार की जनता खूब समझती है और उन्हें इसका कोई भी लाभ नही मिलने वाला है। श्री चौधरी ने बिहार में रोजगार की समस्या और युवाओं के पलायन पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि 2020 से 2025 के बीच पांच वर्षों में राजग सरकार ने करीब 50 लाख नौकरियों और रोजगार की व्यवस्था की है, जो बिहार में पिछले किसी भी पांच साल के कार्यकाल से ज्यादा है। उन्होंने कहा कि अगले पांच साल में सरकार का लक्ष्य प्रदेश में एक करोड़ नौकरियों और रोजगार के सृजन का है। कहा कि यह लक्ष्य महागठबंधन के नेताओं की तरह हवाई किले पर नही बना है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रदेश के विभिन्न इलाकों में औद्योगिक जोन बनने वाले हैं, और लघु और कुटीर उद्योगों का लक्ष्य तय किया गया है, एक करोड़ रोजगार का लक्ष्य सरकार अगले पांच साल में आसानी से हासिल करेंगी। उन्होंने कहा कि बिहार में डेयरी उद्योग का विकास, कृषि और मतस्य क्षेत्र में निर्यात और जननायक कर्पूरी ठाकुर कौशल विकास विश्वविद्यालय की स्थापना इस लक्ष्य की पूर्ति के सबसे बड़े साधन होंगे। उन्होंने कहा कि एक करोड़ 21 लाख जीविका समूह की महिलाओं को रोजगार से जोड़ने की कोशिश की जा रही है। उनके खाते में अग्रिम राशि के रूप में दस हजार भेजे जा चुके हैं। कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार महिला सशक्तिकरण और उनके लिए रोजगार सृजन का निरंतर प्रयास करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि (शेष पृष्ठ 10 पर)

## मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से राजद को आपत्ति क्यों : एनडीए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के जरिए बिहार की चयनित महिलाओं को पहले चरण के तहत 10 हजार रुपये भेजे जाने को लेकर विपक्ष द्वारा सवाल उठाए जाने पर एनडीए ने आज जोरदार पलटवार किया है। एनडीए में शामिल सभी दलों के प्रवक्ताओं ने एक प्रेस वार्ता कर राजद को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से राजद की आपत्ति क्यों है? भाजपा मीडिया सेंटर में आयोजित एक संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए एनडीए के प्रवक्ताओं ने कहा कि राजद के नेता तेजस्वी यादव के लिए उनकी मां और बहन ही उनका परिवार है जबकि नीतीश कुमार के लिए पूरा बिहार उनका परिवार है। एनडीए के प्रवक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि विपक्ष इस योजना को लेकर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रहा है कि यह ऋण है। जबकि हकीकत यह है कि यह ऋण नहीं सहायता है, जिसे कभी वापस नहीं लिया जाएगा। विपक्ष को अंतर समझना चाहिए। प्रेस वार्ता में जदयू के मुख्य प्रवक्ता एवं विधान पार्षद नीरज कुमार, भाजपा प्रवक्ता धनंजय गिरी, लोजपा (रा.) के मुख्य प्रवक्ता डॉ. राजेश भट्ट, हम पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सरोज सिंह, रालोमो के प्रदेश प्रवक्ता नितिन भारती मौजूद रहे। योजना को लेकर कहा गया कि पूरे देश में किसी भी राज्य में महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की यह अनोखी योजना है। योजना शुरू करने का मुख्य उद्देश्य प्रदेश की महिलाओं को वित्तीय सहायता प्रदान कर उन्हें स्वयं (शेष पृष्ठ 10 पर)

## बिहार में महिलाएं असुरक्षित : प्रियंका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** जिले के बछवाड़ा में प्रियंका गांधी ने शनिवार को सभा की। बढ़ते क्राइम को लेकर प्रियंका ने सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बिहार में क्राइम चरम पर है। उद्योगपतियों की हत्या हो रही है। हाल में चुनाव प्रचार में नेता की हत्या कर दी गई। महिलाएं असुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि 20 सालों से बिहार में एनडीए की सरकार है। आपको आपके अधिकार नहीं दिए गए। आपको बांटने की राजनीति की। देशभर में झूठा राष्ट्रवाद दिखाया गया। हाल में इन लोगों ने एसआइआर करवाकर 65 लाख वोट काट दिए। इसके कटने का मतलब क्या है। आपके अधिकार कट रहे हैं। आपको कमजोर किया जा रहा है। इससे आपको सरकारी फायदा नहीं मिलेगा। इन लोगों ने हर चीज पर टैक्स



लगा रखा है। बड़े-बड़े उद्योग अपने दोस्तों को दे रखे हैं। इन लोगों ने प्राइवेटाइजेशन कर दिया है। सब ठेके पर हो रहा है। मोदी जी अपने 2 दोस्तों को सारी सरकारी कंपनियां दे दी हैं। मोदी जी मंच पर आकर कहते हैं सरकार बना दो करोड़ों नौकरी देंगे। अरे इससे पहले क्यों नहीं नौकरी दी गई। आप क्या कर रहे थे अब तक। किसानों को लूट रहे हैं। बिजनेस खत्म कर रहे हैं। इनके हाथों में कुछ नहीं बचा है। जो आपका था वो ये लोग अपने दोस्तों को दे चुके हैं। ये झूठे वादे करते हैं। झूठे सपने दिखाते हैं। प्रियंका ने कहा कि बिहार में महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। महिलाएं असुरक्षित हैं। बच्चों की चिंता है, बेटियों की चिंता है। डर ऐसा है कि कमाने जाना भी चाहें तो नहीं जा सकती हैं। बिहार में नीतीश कुमार के हाथ में कुछ नहीं बचा है। यहां की सरकार दिल्ली से चल रही है। वो लोग जो कहते हैं नीतीश कुमार वही करते हैं। आप दूसरे शहरों में नौकरी के लिए जाते हैं। घबराहट लेकर आप वहां नौकरी करते हैं। मेरे परिवार का क्या होगा। मेरा परिवार कैसा होगा। उस वक्त आपको बचाने कोई नहीं आता। आपको बिहार की स्थिति बदलनी है तो खुद आगे आना होगा।

## मोकामा से जुड़े तीन अधिकारियों का तबादला, एक निलंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** मोकामा में दुलारचंद यादव की चुनाव प्रचार के दौरान हत्या और तनाव के बीच बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के दौरान प्रशासनिक निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग ने मोकामा विधानसभा क्षेत्र से जुड़े तीन अधिकारियों का तत्काल प्रभाव से तबादला कर दिया है और उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई का आदेश जारी किया है। आयोग के प्रधान सचिव अरविंद आनंद द्वारा जारी आदेश के तहत यह निर्देश बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को भेजा गया है। जारी आदेश के अनुसार, मोकामा विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी एवं बाढ़ अनुमंडल पदाधिकारी चंदन कुमार को तत्काल प्रभाव से हटाया गया है। उनकी जगह पटना नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त अशिष कुमार को पदस्थापित किया गया है। इसी प्रकार बाढ़ के एसडीपीओ (फ्लड-1) राकेश कुमार को हटाकर उनकी जगह सीआईडी पटना में पदस्थापित उप पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार सिंह को नियुक्त किया गया है। वहीं बाढ़ के एसडीपीओ (फ्लड-2) अभिषेक सिंह को भी तत्काल प्रभाव से हटा उनकी जगह एटीएस पटना के उप पुलिस अधीक्षक आयुष श्रीवास्तव को तैनात किया गया है। चुनाव आयोग ने इन तीनों अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई प्रारंभ करने का भी आदेश दिया है। साथ ही एसडीपीओ अभिषेक सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्देश जारी किया गया है। इसके अतिरिक्त आयोग ने पटना (ग्रामीण) के पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग का भी तबादला करने का निर्णय लिया है और उनके स्थान पर नियुक्ति के लिए वैकल्पिक अधिकारियों का पैनल जल्द भेजने का निर्देश दिया है।

CMYK

# विकसित बिहार के संकल्प के साथ एनडीए का 'संकल्प पत्र' : डॉ. दिलीप जायसवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल आज मुजफ्फरपुर पहुंचे। मुजफ्फरपुर पहुंचने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। यहां उन्होंने कार्यकर्ताओं से मिलकर चुनावी रणनीति पर चर्चा की और दमखम के साथ एनडीए के उम्मीदवारों को विजयी बनाने का आह्वान किया। इसके बाद उन्होंने मुजफ्फरपुर में आयोजित एक प्रेस वार्ता के माध्यम से एनडीए के 'संकल्प पत्र' से जुड़ी विस्तृत जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि इस संकल्प पत्र में बिहार के सर्वांगीण विकास, युवाओं के सशक्तिकरण, महिला उत्थान, रोजगार सृजन और औद्योगिक प्रगति के ठोस रोडमैप को स्पष्ट किया गया है। उन्होंने कहा 'यह संकल्प पत्र केवल वादों का संग्रह नहीं, बल्कि हर वर्ग के कल्याण और विकसित बिहार के निर्माण का ठोस संकल्प है। एनडीए की यह प्रतिबद्धता बिहार को आत्मनिर्भरता और समृद्धि के नए युग में ले जाएगी।' उन्होंने कहा कि हम घोषणा पत्र नहीं, संकल्प पत्र के जरिए अपनी प्रतिबद्धता के साथ लोगों के सामने आते हैं और उन योजनाओं को पूरा करते हैं। यह परिकल्पना नहीं, हमारी प्रतिबद्धता होती है। भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने इसके बाद औराई पहुंचे। मुजफ्फरपुर जिले के औराई विधानसभा क्षेत्र के जजुआर हाई स्कूल मैदान में आयोजित 'विशाल जनसभा' में सम्मिलित हुए और लोगों को संबोधित किया। इस अवसर पर माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा वर्चुअली जुड़े रहे। एनडीए समर्थित प्रत्याशियों औराई से भाजपा प्रत्याशी रमा निषाद एवं गायघाट से जद(यू) प्रत्याशी कोमल सिंह के पक्ष में आयोजित इस जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल ने कहा कि यह जनसैलाब का आशीर्वाद ही एनडीए की विजय का संकेत है। उन्होंने लोगों से एनडीए समर्थित सभी प्रत्याशियों को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जन-जन की पुकार ने यह स्पष्ट कर दिया कि बिहार की जनता विकास, स्थिरता और सुशासन के पक्ष में एकजुट है। जनता-जनार्दन के इस अपार स्नेह और आशीर्वाद से एनडीए का संकल्प और भी मजबूत हुआ है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि बिहार के उज्ज्वल भविष्य और सर्वांगीण प्रगति के संकल्प के साथ बिहार की जनता एनडीए के साथ है और इस बार एनडीए रिकॉर्ड सीट के साथ सत्ता में आएगी। इधर, भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल के औराई पहुंचने पर विधायक रामसूरत राय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा उनका आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

# राजद सांसद सुरेंद्र यादव का बयान निंदनीय, संपूर्ण महिलाओं का अपमान : अनामिका पासवान

## राजद के नेता तेजस्वी यादव सांसद सुरेंद्र यादव पर कार्रवाई करें: अनुप्रिया यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजद नेता सुरेंद्र यादव के बेलागंज से जदयू की प्रत्याशी मनोरमा देवी के खिलाफ दिए गए आपत्तिजनक बयान की निंदा करते हुए एनडीए में शामिल दलों की महिला नेत्रियों ने जोरदार निशाना साधा है। भाजपा मीडिया सेंटर में आयोजित एक प्रेस वार्ता में भाजपा की प्रवक्ता अनामिका पासवान ने कहा कि राजद नेता ने जिस तरह जदयू की महिला प्रत्याशी के खिलाफ भद्दी टिप्पणी की है वह सिर्फ एक प्रत्याशी या एक महिला का अपमान नहीं है, यह सम्पूर्ण महिला जाति का अपमान है। उन्होंने कहा कि राजद का यही चाल, चरित्र और चेहरा है। एक ओर जहां वे महिलाओं के कल्याण की योजना चालू करने को लेकर ढिंढोरा पीटते हैं, दूसरी ओर उनके नेता खुले मंचों से महिलाओं का अपमान करते हैं। एक तरफ एनडीए महिलाओं का सशक्तिकरण और उनका आत्मसम्मान बढ़ा रही है, वहीं राजद उनका अपमान कर रही है। आज एनडीए ने देश के सर्वोच्च पद पर एक महिला को बैठाया है। इधर, जदयू की प्रवक्ता अनुप्रिया यादव ने कहा कि राजद सांसद ने जिस तरह के शब्दों का इस्तेमाल एक महिला के लिए किया है, वह राजद के महिलाओं के प्रति घृणा और उनकी सोच को प्रदर्शित करता है। उन्होंने विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव से सवाल करते हुए कहा कि क्या वे राजद सांसद के खिलाफ कार्रवाई करेंगे? अगर वे कार्रवाई नहीं करते हैं, तो यही समझा जाएगा कि पूरे राजद की सोच यही है। उन्होंने महागठबंधन को सचेत करते हुए कहा कि बिहार की महिलाएं अपमान का बदला लेना भी जानती हैं और छह और 11 नवंबर को यहां की आधी आबादी वोट के जरिए ऐसे बयानों का जवाब देगी। भाजपा की प्रवक्ता प्रीति शेखर ने कहा कि राजद के नेता सुरेंद्र यादव ने ऐसी महिला के खिलाफ बयान दिया है जिनकी मांग का सिंदूर उजड़ गया है। राजद के नेता के ऐसे घृणित बयान की जितनी निंदा की जाए, उतनी कम है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि यह नहीं भूलना चाहिए कि महिलाएं अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं कर सकतीं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि बिहार की महिलाएं लोकतांत्रिक तरीके से इस घृणित बयान का जवाब देंगी।

# बिहार ग्रामीण बैंक के कर्मियों ने किया रक्तदान

## बिहार ग्रामीण बैंक के सभी 26 क्षेत्रीय कार्यालयों में रक्तदान सह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार ग्रामीण बैंक द्वारा 27.10.2025 से 02.11.2025 तक पूरे राज्य में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इस अवसर पर के.एम. दस्तूर रिइंश्योरेंस ब्रोकर्स प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से बैंक के प्रधान कार्यालय, पटना में एवं विभिन्न सदर अस्पतालों के सहयोग से बिहार ग्रामीण बैंक के सभी 26 क्षेत्रीय कार्यालयों में रक्तदान सह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ बैंक के अध्यक्ष मुकुल सहाय एवं अपर मुख्य सतर्कता अधिकारी, कोलकाता रमण कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अध्यक्ष द्वारा सभी सदस्यों एवं अन्य को अच्छे स्वास्थ्य हेतु प्रयासरत रहने की सलाह दी गई। स्वास्थ्य जांच शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा बैंक में कार्यरत कर्मियों के अलावा बैंक के ग्राहकों एवं आम नागरिकों का भी स्वास्थ्य परिक्षण किया गया। रक्तदान शिविर में बैंक कर्मियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लेकर रक्तदान महादान के संकल्प को मजबूत किया। पूरे बिहार में इस अवसर पर 500 से अधिक कर्मियों ने रक्तदान कर समाज के प्रति बिहार ग्रामीण बैंक की प्रतिबद्धता दर्शायी। उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन में पटना के प्रतिष्ठित अस्पतालों यथा पारस अस्पताल, एएसजीआई अस्पताल, एम.जी.एम, रेड क्रॉस ब्लड बैंक ने पटना में तथा अन्य जिलों में सम्बंधित जिला सदर अस्पतालों ने अपना अमूल्य सहयोग दिया और इस शिविर के सफल आयोजन में अपनी सहभागिता दी। मौके पर बैंक के महाप्रबंधक संतोष कुमार सिन्हा, नागेन्द्र कुमार गुप्ता, संजय श्रीवास्तव, संजीव श्रीवास्तव एवं चितरंजन चौधरी ने भी अपना उद्बोधन दिया और सभी ने स्वास्थ्य जांच भी करवाया।

# बिहार चुनाव 2025: अब तक 10246.9 लाख की जब्ती

## नकद-शराब-ड्रग्स पर लगातार कार्रवाई जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दौरान आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद पूरे राज्य में प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा सघन निगरानी और जांच अभियान चलाया जा रहा है ताकि मतदाताओं को प्रलोभन देने के उद्देश्य से नकद, शराब, मादक पदार्थ, कीमती वस्तुएं या अन्य उपहारों के वितरण पर रोक लगाई जा सके। इस क्रम में 01 नवम्बर 2025 को बड़ी मात्रा में जब्ती की गई जिसमें नकद 21.2502 लाख, शराब 56.7 लाख, ड्रग्स 42.6 लाख, कीमती धातु 20 लाख तथा फ्रीबीज या अन्य वस्तुएं 21 लाख मूल्य की बरामद की गईं। इस प्रकार एक दिन में कुल 141.6 लाख की जब्ती की गई। वहीं आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद अब तक की कुल जब्ती 10246.9 लाख की हुई है जिसमें नकद 931.9 लाख, शराब 4048.2 लाख, नशीले पदार्थ 2158.6 लाख, कीमती धातु 571.9 लाख और फ्रीबीज या अन्य वस्तुएं ?2536.3 लाख रुपये की जब्त की गई हैं। चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस, आबकारी विभाग, आयकर विभाग, नारकोटिक्स ब्यूरो, सीमा शुल्क और फ्लाइंग स्क्वाड टीमों द्वारा लगातार संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रेस नोट जारी किए जाने के बाद विधि-व्यवस्था से संबंधित कार्रवाई के अंतर्गत बंध पत्रों का तामिला 3,75,591 किया गया है, एनएसए, पीआईटीएनडीपीएस और अन्य अधिनियमों के तहत कुल 985 गिरफ्तारियां हुई हैं, गैर-जमानती वारंटों का निष्पादन 21,604 किया गया है, कुल 1,049 नाका (चेक पोस्ट) कार्यरत हैं और अब तक 702 अवैध हथियार जब्त किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने सभी जिलों को निर्देश दिया है कि निगरानी को और सशक्त बनाते हुए हर शिकायत पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें ताकि मतदाता बिना किसी प्रलोभन या दबाव के स्वतंत्र रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें।

# 41 आवेदनों का निराकरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** कम्प्लेन मॉनिट्रिंग-सह-जिला नियंत्रण कक्ष-सह-हेल्पलाइन कोषांग, गया के नोडल पदाधिकारी वरीय उप समाहर्ता अंशु कुमारी द्वारा बताया गया कि गहन पुनरीक्षण अथवा वोटर कार्ड से संबंधित किसी भी तरह की शिकायत अथवा सहायता हेतु आम नागरिक सरकार द्वारा जारी किये गये टॉल फ्री नंबर 1950 पर संपर्क कर सकते हैं। यह कोषांग चुनाव कार्य समाप्ति तक 24 घंटे चालू रहेगा। इस कोषांग में अभी तक वोटर कार्ड से संबंधित शिकायत एवं सहायता हेतु एनजीएसपी पर कुल 401 आवेदन प्राप्त हुआ है जिनका निराकरण किया जा चुका है।

# संयुक्त किसान मोर्चा ने की बर्बाद फसलों पर पर्याप्त मुआवजे की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** संयुक्त किसान मोर्चा, बिहार ने मोंथा चक्रवात से हुई भारी तबाही पर गहरी चिंता जताते हुए राज्य सरकार से किसानों को पर्याप्त मुआवजा देने की मांग की है। मोर्चा के नेताओं दिनेश कुमार, अशोक प्रसाद सिंह, डॉक्टर आनंद किशोर, अमेरिका महतो, भूप नारायण सिंह, अनिल कुमार सिंह, रामचंद्र आजाद, अशोक कुमार सिंह, आशीष रंजन, नरेश कुमार यादव, कल्लू सिंह, बृजेश राय, बैजनाथ शर्मा, चंद्रशेखर यादव, पशुपति सिंह, भोला यादव, सुरेश मिश्रा, वशिष्ठ सिंह, हरिलाल प्रसाद सिंह और डॉ विनय सिंह ने संयुक्त बयान जारी कर कहा कि असमय आई वर्षा, तूफान और ओलावृष्टि से राज्यभर में फसलों की व्यापक बर्बादी हुई है। नेताओं ने कहा कि खेतों में खड़ी धान की फसल जलमग्न हो गई है जबकि रबी फसलों विशेषकर गेहूं और आलू की बुआई प्रभावित हुई है। लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। उन्होंने कहा कि यह तबाही किसानों के लिए आर्थिक रूप से विनाशकारी साबित हो रही है। संयुक्त किसान मोर्चा ने कहा कि बार-बार आने वाले चक्रवात, सूखा, बाढ़ और जलवायु असंतुलन का सीधा संबंध विकसित देशों और बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन से है। नेताओं ने सुझाव दिया कि इस आपदा की घड़ी में किसानों को राहत देने के लिए सरकार को जिम्मेदार पूंजीपतियों पर विशेष कर (स्पेशल टैक्स) लगाकर मुआवजा और सहायता राशि उपलब्ध करानी चाहिए।

# फिर से जंगल राज आने नहीं देंगे एनडीए के देव दुर्लभ कार्यकर्ता : रविशंकर

## एनडीए बिहार के विकास का प्रतीक : प्रो रणवीर नंदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पटना साहिब से सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा कि बिहार की एनडीए सरकार समाज के सभी वर्गों का ख्याल कर बीस साल से विकास कर रही है। कुछ लोग फिर से जंगल राज वापस लाना चाहते हैं मगर एनडीए के देव दुर्लभ कार्यकर्ता ऐसा होने नहीं देंगे। इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व विधान पार्षद प्रोफेसर रणवीर नंदन ने कहा कि एनडीए बिहार में विकास का प्रतीक है और हमारे नेता नीतीश कुमार बिहार के हर वर्ग का ध्यान रखकर योजनाएं बनाते हैं। प्रोफेसर नंदन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जो देश व प्रदेश का विकास कर रहे हैं उसमें मातृशक्ति का बड़ा योगदान है। अब संजीव चौरसिया को मातृ शक्ति से अराधना करना है कि वो उनको आशीर्वाद दे। उन्होंने कहा कि दीघा से प्रत्याशी संजीव चौरसिया सरल सुलभ व मृदुभाषी हैं ऐसा प्रतिनिधि मिलना दुर्लभ है। उन्होंने कहा कि एनडीए के लोग पृथ्वी राज चौहान, वीर कुंवर सिंह व महाराणा प्रताप को मानने वाले लोग हैं। प्रोफेसर नंदन शनिवार को दीघा विधानसभा क्षेत्र के जयंत मंडल के अंतर्गत शिवपुरी के खुशी कम्युनिटी हॉल में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। सभा को संबोधित करते हुए प्रोफेसर नंदन ने कहा कि पूरे बिहार में लगभग 7. 50 करोड़ मतदाता हैं जिनमें से लगभग दो करोड़ मतदाता 18 से 25 आयु वर्ग के युवा हैं। भाजपा ने युवा मोर्चा के नेता रहे संजीव चौरसिया को अपना प्रत्याशी बनाया है। भाजपा ने युवा को सम्मान दिया है और अपना किया हुआ कमिटमेंट पूरा किया है।

# श्याम बाबा जन्मोत्सव पर अखंड कीर्तन पाठ का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** श्याम बाबा जन्मोत्सव पर शनिवार को शक्तिधाम दादीजी मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण में अखंड कीर्तन पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूरे मंदिर परिसर को देसी-विदेशी फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था। कार्यक्रम में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साह से भाग लिया। इस आयोजन में भजन गायिकाओं ने चार चांद लगा दिया। इनके भजनों पर श्रद्धालु रातभर झूमते रहे। मौके मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि श्याम बाबा का जन्म हिंदू माह कार्तिक शुक्ल एकादशी को हुआ था। इसी उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष मंदिर में अखंड पाठ एवं जन्मोत्सव का आयोजन किया जाता है। शनिवार को आयोजित अखंड ज्योति एवं कीर्तन पाठ में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। दोपहर तीन बजे तक चले इस आयोजन में श्रद्धालुओं ने भावपूर्ण भजन गाए–'माता एईलवती के अंगनिये में श्याम लियो अवतार' धरती झूमे, अंबर झूमे'। धीरे से बोले बर्बरीक माता के कान में' मैया भेज दे तू मुझे युद्ध के मैदान में' भजन-कीर्तन का नेतृत्व प्रमुख रूप से स्वरूपा केजरीवाल, कोमल देवड़ा एवं संध्या केजरीवाल ने किया जिनकी मनमोहक प्रस्तुतियों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। महिला मंडल की शकुंतला अग्रवाल, चंदा पोद्दार, सुधा शर्मा, अनुसूईया खेतान, रेखा मोदी आदि का भी आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान रहा। भजन-कीर्तन की समाप्ति के बाद श्रद्धालुओं के बीच फल एवं मिठाई का प्रसाद वितरित किया गया। रात्रि 9:30 बजे से प्रातः 4 बजे तक श्याम जन्मोत्सव एवं रात्रि जागरण का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। इस पावन आयोजन के यजमान राजेश सिकारिया एवं रेखा सिकारिया रहे। एम पी जैन ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में अमर कुमार अग्रवाल, पीके अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, सूर्य नारायण, ओम पोद्दार, ललन लाठ, दीपक भुवानिया, बिमल माधोगरिया, मुन्ना अग्रवाल, राजेश सिकरिया, राजेश सुल्तानिया, रवि केडिया, मुकेश नेवटिया, उमंग शाखा, रोहन झुनझुनवाला, संतोष खीरवाल आदि की प्रमुख भूमिका रही।


**Format C-1**

Declaration about criminal cases

*(As per the judgment dated 25' September, 2018, of Hon 'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India &Anr.)*

Name and address of candidate: Sunil Kumar Village/PO- Dudhiyawa, PS-Nawalpur, West Champaran

Name of political party : JAN SURAAJ PARTY_

*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election : General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2025

Name of Constituency : 5-LAURIYA

I Sunil Kumar , a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| S. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | J.M.-I, Bettiah | Yogapatti, P.S. Case No. 326/15, Yoga | Pending | Sec- 188 IPC &123/127 R.P. Act (Disobedience to public order and corrupt electoral practices such as undue influence and publication of false statements during elections.) |
| 2. | C.J.M., Bettiah | Yogapatti Nawalpur P.S. Case No. 510/21 | Pending | Sec. 147, 148, 149, 341, 323, 332,333, 186, 188, 189, 353, 427, 307, 504, 506, 120(b), IPC & 3/4 P.P.D (Rioting with deadly weapons, unlawful assembly, wrongful restraint, voluntarily causing hurt and grievous hurt to public servants, obstructing and disobeying lawful authority, intimidation, assault to deter public servant, mischief, attempt to murder, insult, criminal intimidation, conspiracy, and causing damage to public property.) |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| SI.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Maximum punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| | N.A | N.A | N.A |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

# सरकारीकर्मी पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन मामले में प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन मामले में सेक्टर पदाधिकारी एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारी-8, 206-करगहर विधानसभा ने एक सरकारी कर्मी पर प्राथमिकी दर्ज कराया है। सामान्य प्रेक्षक 209-करगहर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के व्हाट्सएप पर उमेश कुमार (बक्सर निवासी), ऑपरेटर, कोचस पावरग्रिड, विद्युत विभाग के द्वारा फेसबुक पर एक पार्टी के पक्ष में प्रचार करने संबंधी शिकायत 31.10.2025 को सूचना प्राप्त हुई। शिकायत में फेसबुक पोस्ट में एक पार्टी विशेष का चुनावी प्रचार का पोस्ट किया गया था। निर्वाची पदाधिकारी, 209 करगहर विधान सभा क्षेत्र-सह-भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, सासाराम के द्वारा गठित जांच दल के प्रतिवेदन के अनुसार प्रश्नगत व्यक्ति उमेश सिंह, पिता-धर्म कुमार सिंह, ग्राम- खरवनिया, पोस्ट- कटीयां, थाना- धनसोई, जिला- बक्सर वर्तमान में ग्रीड उपकेन्द्र कोचस में तकनीकी कोटी– ॥ के रूप में स्थायी सरकारी पद पर कार्यरत है। उक्त व्यक्ति द्वारा सरकारी पद पर रहते हुए राजनीतिक पार्टी विशेष पक्ष में पोस्ट करना सरकारी वेतन भोगी कर्मी के नियमों के विरूद्ध है जिसके बाद उक्त व्यक्ति उमेश सिंह पर आधार संहिता के उल्लंघन के लिए सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराया गया। ज्ञात हो कि चुनाव के दौरान प्रशासन ने सभी सेक्टर पदाधिकारियों, सरकारी कर्मचारियों, चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे किसी भी प्रकार की राजनीतिक गतिविधि या सोशल मीडिया पोस्ट से दूरी बनाए रखें। निर्वाचन आयोग ने भी दोहराया है कि सोशल मीडिया पर की गई राजनीतिक टिप्पणी भी आचार संहिता उल्लंघन के दायरे में आती है।

## शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** स्थानीय मुख्य बाजार के हनुमानगढ़ी के समीप से पुलिस ने पांच लीटर महुआ शराब के साथ दो धंधेबाजों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि गश्ती के दौरान बक्सर नहर से गुजर रहे पुलिस के वाहन को देख रात के अंधेरे में नहर के रास्ते हाथ में प्लास्टिक का झोला लेकर भाग रहे दो युवकों को पुलिस ने शक के आधार पर दौड़ा कर पकड़ लिया। पुलिस ने जब युवक को हिरासत में लेकर झोला की तलाशी लिया तो झोला से एक सौ एमएल का प्लास्टिक के पॉलीथिन का पाउच बना कर रखे गए पांच लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि अजय प्रजापति व विशुन देव राम को शराब बेचने के मामले में हिरासत में लेकर न्यायालय को सौंप दिया गया।

## डीडीयू मंडल में सेवानिवृत्त रेलकर्मियों का किया गया समापक भुगतान



**नवबिहार टाइम्स बयूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू मंडल) द्वारा माह अक्टूबर -2025 में सेवानिवृत होने वाले रेलकर्मियों को समापक भुगतान करने के लिये सामुदायिक भवन, इंडियन इंस्टीट्यूट कॉलोनी में कार्मिक विभाग द्वारा एक समापक भुगतान समारोह का आयोजन किया गया। अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार द्वारा आज डीडीयू मंडल के कुल 17 रेलकर्मियों का सभी कागजात के साथ विभिन्न मदों में कुल 8,37,66,015/- का समापक भुगतान सौंपा गया। कार्यक्रम के आरंभ में सभी के स्वागत के साथ समापक भुगतान का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। वित्तीय प्रबंधन एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। समारोह में मंडल के विभिन्न उच्च अधिकारी, मंडल के यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधि तथा रेलकर्मी व उनके परिजन उपस्थित रहे।

## हथियार के साथ दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने बताया कि सासाराम टाऊन थाना अंतर्गत फजलगंज में असामाजिक तत्वों के बीच आपस में विवाद हुआ जिसमें गोली चलने और 2 लोगों के जख्मी होने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए की गई छापामारी में घटना में प्रयुक्त वाहन और अभियुक्त के ठिकानों पर छापामारी करते हुए हथियार के साथ 6 लाख नगद भी बरामद किया गया है। पुलिस हिरासत में लिए गए व्यक्ति रामांशु सिंह, प्रशांत पाठक और 3 अन्य संदिग्ध से भी पूछताछ की जा रही है। जख्मी और घटना में शामिल सभी लोगों का पूर्व का आपराधिक इतिहास है। घटना में शामिल सभी अपराधियों और उनके साथ संलिप्त अन्य अपराधियों की पहचान की जा चुकी है। इन सब की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी जारी है।

## डिहरी विधानसभा के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध : सोनू सिंह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी विधानसभा में एनडीए समर्थित लोजपा प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह के जनसंपर्क में उमड़ा रहा है जनसैलाब, विधानसभा क्षेत्र में एनडीए समर्थित लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रत्याशी राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह लगातार जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। उनके जनसंपर्क के दौरान लोगों का जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। विभिन्न गांवों और मोहल्लों में जनता उनसे मिलकर समर्थन का भरोसा जता रही है। जनसंपर्क के क्रम में सोनू सिंह ने कहा कि डिहरी विधानसभा के सर्वांगीण विकास के लिए वे प्रतिबद्ध हैं। जनता के आशीर्वाद से क्षेत्र में विकास की नई दिशा तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने हर वर्ग के हित में काम किया है और आगे भी विकास की गति को और तेज किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में हुए जनसंपर्क के दौरान युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने सोनू सिंह के समर्थन में नारे लगाए और पूर्ण समर्थन देने का भरोसा जताया। सोनू सिंह ने कहा 'यह चुनाव जनता के विश्वास और विकास की राजनीति का है। मैं हर घर, हर दिल तक पहुंचने का प्रयास कर रहा हूं ताकि डिहरी विधानसभा को बिहार का आदर्श क्षेत्र बनाया जा सके।

## डॉ.ओ.पी.आनन्द को राजद प्रदेश कार्यालय से डिहरी के चुनाव प्रचार का प्रभार मिला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** राजद के प्रदेश अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल के द्वारा एवं चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मोहित यादव के निर्देश पर चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव डॉ.ओ.पी. आनन्द को डिहरी विधानसभा के प्रचार की जिम्मेदारी दी गयी है। इस पत्र के प्राप्त होने पर डॉ. आनन्द ने कहा कि पार्टी ने हम पर विश्वास जता कर जो दायित्व सौंपा है उसकी पूरी निष्ठा से जिम्मेदारी निभाऊंगा और डिहरी विधानसभा सहित जिले के सातों सीटें जीतकर महागठबंधन की झोली में डालने की कोशिश की जाएगी। वही डिहरी के प्रत्याशी गुड्डु चंद्रवंशी ने कहा कि डाक्टर साहब को पार्टी के जिम्मेदारी देने से मेरे चुनाव अभियान में बहुत सहयोग मिलेगा और आशा नहीं पूर्ण विश्वास है कि हमलोग अपने लक्ष्य में कामयाब होंगे।

## पटेल स्मारक में धूमधाम से मनाई गई सरदार पटेल जयंती

### एकता, साहस और समर्पण के प्रतीक लौह पुरुष को दी गई श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स बयूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** मोहन बीघा स्थित पटेल स्मारक परिसर में भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष चौधरी महाराणा उर्फ गुड्डु पटेल एवं संचालन सचिव राज कुमार उर्फ बंटी पटेल ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जदयू के वरिष्ठ नेता जिले के चर्चित चिकित्सक डॉ. निर्मल कुशवाहा ने स्वतंत्र भारत के प्रथम गृहमंत्री व उप प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय एकता के प्रतीक एवं भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपरांत उन्होंने सरदार पटेल के जीवन एवं योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज का भारत उनकी एकता, दृढ़ संकल्प और संगठन क्षमता का परिणाम है। कार्यक्रम में विशाल पटेल, शेखर सिंह, हरिमोहन कुमार, अनिल कुमार, विंध्याचल पासवान, मुन्ना कुशवाहा, कृष्णा पटेल, अरुण पटेल, धीरज पटेल, प्रतिक पटेल, कृष पटेल, आर्यन पटेल, सुदामा पटेल, अमित पटेल तथा पटेल स्मारक की अध्यक्ष मालती पटेल समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और युवाओं ने भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल ने जिस तरह देश की रियासतों को एक सूत्र में पिरोया, वह भारत के इतिहास का सबसे बड़ा उदाहरण है। उनके विचार और आदर्श आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी ने पटेल स्मारक पर पुष्प अर्पित कर राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प लिया।

## चोरों ने पोल्ट्री फार्म से मोटर पंप उड़ाये

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** थाना क्षेत्र के गोवर्धनपुर गांव के समीप पोल्ट्री फार्म में लगाये गए मोटर पम्प को चोर चोरी कर फरार हो गए। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि डालमियानगर थाना क्षेत्र के सिंधौली निवासी आबिद अंसारी आवेदन देकर बताया कि गोवर्धनपुर गांव में पोल्ट्री फार्म से मोटर पंप की चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराया है। उन्होंने बताया कि पोल्ट्री फार्म के समीप लगाये गए मोटर पम्प को चोर खोल कर फरार हो गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

## 50 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के पश्चात एन सी सी 'ए' का दिया जाएगा सर्टिफिकेट

**नवबिहार टाइम्स बयूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** आर एस के पब्लिक स्कूल बस्तीपुर डिहरी के प्रांगण में शनिवार को एन सी सी 42 बटालियन, सासाराम के कमांडेंट कर्नल धर्मेंद्र सिंह 'मलिक' के द्वारा विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह को अलॉटमेंट लेटर प्रदान किया गया जिसके पश्चात विद्यालय को आधिकारिक रूप से एन सी सी के प्रशिक्षण देने का निर्देश प्राप्त हो चुका है। पूरे डिहरी प्रखंड में इस ख्याति को प्राप्त करने वाला आर एस के पब्लिक स्कूल पहला विद्यालय होगा जहां प्रत्येक वर्ष 50 कैडेट्स (विद्यार्थियों) को प्रशिक्षण के पश्चात एन सी सी का 'ए' सर्टिफिकेट प्रदान किया जाएगा। एन सी सी कमांडेंट ने आर एस के पब्लिक स्कूल के प्रबंधन को सराहते हुए विद्यार्थियों में कौशल शिक्षण पर विशेष जोर देते हुए अनुशासन को आवश्यक बताया और ये भी कहा एनसीसी से प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थी देश सेवा मानव सेवा के प्रति समर्पित होते हैं। साथ ही उच्च शिक्षा, अनेक प्रकार के तकनीकी तथा व्यवसायिक शिक्षण क्षेत्रों में नामांकन में विशेष छूट का भी प्रावधान है। विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह ने एनसीसी कमांडेंट कर्नल मलिक का

## एकता दिवस पर बेलाव थाना के पुलिसकर्मियों ने निकाला फ्लैग मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड क्षेत्र के बेलाव थाना के पुलिसकर्मियों ने राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को बेलाव थाना परिसर से फ्लैग मार्च निकाला। कार्यक्रम का नेतृत्व बेलाव थाना प्रभारी चंद्रप्रभा की अध्यक्षता में निकाली गई जिसमें कई पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उनके योगदान को याद करना और राष्ट्रीय एकता, अखंडता व भाईचारे का संदेश देना था। इस अवसर पर थानाध्यक्ष चंद्रप्रभा ने कहा कि सरदार पटेल ने स्वतंत्र भारत के निर्माण में जो भूमिका निभाई, वह आज भी सभी के लिए प्रेरणास्रोत है उनके आदर्शों पर चलकर ही हम सशक्त और एकजुट भारत का निर्माण कर सकते हैं। दौड़ के दौरान पुलिस कर्मियों ने 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' और 'देश की एकता हमारी पहचान' जैसे नारे लगाते हुए लोगों को राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया। रास्ते में लोगों ने भी ताली बजाकर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। मौके पर एसआई परमहंस, प्रीतेश कुमार, मो. फिरोज अहमद सहित सभी पुलिसकर्मी एवं चौकीदारों ने भाग लिया।

## पुलिस वर्दी में व्यवसायी से चैन और अंगूठी की छिनतई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** थाना क्षेत्र के बराव मोड़ और सतर बिगहवा गांव के बीच शनिवार की सुबह करीब 9:45 बजे एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। पुलिस की वर्दी में सवार दो नकाबपोश युवकों ने एक व्यवसायी को रोककर सोने की चैन और हाथ की अंगूठी लूट ली। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से इलाके में दहशत का माहौल है। नोखा नगर के निवासी व्यवसायी विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि वे किसी काम से बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से पुलिस वर्दी में दो युवक बाइक से आए और कहा कि बराव चेकपोस्ट पर जांच चल रही है, आप वहां क्यों नहीं रुके। पुलिस की वर्दी देखकर उन्होंने उन्हें असली पुलिसकर्मी समझ लिया और बाइक रोक दी। तभी दोनों युवकों ने झटके से उनकी सोने की चैन और अंगूठी छीन ली और नोखा की ओर फरार हो गए। घटना के तुरंत बाद पीड़ित व्यवसायी नोखा थाना पहुंचे और पुलिस को पूरी जानकारी दी। उन्होंने थाना अध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार को लिखित आवेदन सौंपा और साथ ही जिला पुलिस कप्तान एसपी रोशन कुमार को भी घटना से अवगत कराया। थानाध्यक्ष ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस की टीम घटनास्थल पर पहुंची और आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस ने शक के आधार पर कई स्थानों पर छापेमारी भी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि लुटेरों की पहचान कर जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

**स्थानीय लोगों में भय और आक्रोश**

दिनदहाड़े पुलिस की वर्दी में लूट की घटना ने क्षेत्र के लोगों को हिला दिया है। ग्रामीणों और स्थानीय व्यापारियों ने कहा कि अगर अपराधी पुलिस की वर्दी पहनकर खुलेआम लूटपाट करने लगे तो आमजन की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो जाते हैं। उन्होंने प्रशासन से रात-दिन गश्त बढ़ाने और संदिग्धों की निगरानी तेज करने की मांग की है।


## निर्वाचन विभाग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय

7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना – 800015

बिहार सरकार

**बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के अवसर पर निर्वाचकों की पहचान के संबंध में आयोग के आदेश से संबंधित आवश्यक सूचना**

बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के अवसर पर निर्वाचकों की व्यक्तिगत पहचान अनिवार्य है। निर्वाचक की व्यक्तिगत पहचान स्थापित होने के पश्चात् ही मतदान करने की अनुमति दी जायेगी। निर्वाचकों की व्यक्तिगत पहचान के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्वाचकों को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र निर्गत किये गये हैं। ऐसे निर्वाचक फोटो पहचान पत्र के आधार पर अपनी व्यक्तिगत पहचान स्थापित कर मतदान में भाग ले सकते हैं। वैसे निर्वाचक जिन्हें किसी कारणवश निर्वाचक फोटो पहचान पत्र निर्गत नहीं किया जा सका है अथवा निर्वाचक फोटो पहचान पत्र किसी कारणवश प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उनकी व्यक्तिगत पहचान के लिए आयोग के द्वारा वैकल्पिक फोटो दस्तावेजों की सूची जारी कर दी गई है, जिनका इस्तेमाल मतदान के समय व्यक्तिगत पहचान स्थापित करने में किया जा सकता है। वैकल्पिक दस्तावेजों की सूची निम्न प्रकार है:–

(i) आधार कार्ड,
(ii) मनरेगा जॉब कार्ड,
(iii) बैंको/डाकघरों द्वारा जारी किये गये फोटोयुक्त पासबुक,
(iv) श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड/आयु मान भारत हैल्थ कार्ड,
(v) ड्राइविंग लाइसेन्स,
(vi) पैन कार्ड,
(vii) एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड,
(viii) भारतीय पासपोर्ट,
(ix) फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,
(x) केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र,
(xi) सांसदों/विधायकों/विधान परिषद् सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, और
(xii) यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार।

उपर्युक्त दस्तावेजों में से कोई भी एक दस्तावेज प्रस्तुत करने पर निर्वाचक द्वारा मताधिकार का प्रयोग किया जा सकेगा, बशर्ते कि इससे निर्वाचक की पहचान स्थापित हो जाती हो।

निर्वाचक फोटो पहचान पत्र के संबंध में, लेखन अशुद्धि, वर्तनी की अशुद्धि इत्यादि को नजरअंदाज कर देना चाहिए बशर्ते निर्वाचक की पहचान निर्वाचक फोटो पहचान पत्र से सुनिश्चित की जा सके। यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रदर्शित करता है, जो कि किसी अन्य विधान सभा निर्वाचन–क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया है, ऐसे निर्वाचक फोटो पहचान पत्र भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किए जाएंगें बशर्ते निर्वाचक का नाम, जहाँ वह मतदान करने आया है, उस मतदान केन्द्र से संबंधित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध होना चाहिए। यदि फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण निर्वाचक की पहचान सुनिश्चित करना संभव न हो तब निर्वाचक को उपर्युक्त वर्णित किसी एक वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज को प्रस्तुत करना होगा।

उपर्युक्त वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों के होते हुए भी, प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 20क के अधीन निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत हैं, को मतदान केन्द्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा कोई अन्य पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

(अमित कुमार पाण्डेय)
अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार

PR- 017382 ( Election ) 2025-26

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी प्राप्त की जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।


## रेलकर्मियों ने ली राष्ट्रीय एकता की शपथ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में आज राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता के सूत्रधार भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर श्रद्धांजलि एवं राष्ट्रीय एकता शपथ समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना के साथ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सरदार पटेल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन करते हुए उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान को स्मरण किया। इसके पश्चात मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा उपस्थित अधिकारियों व रेलकर्मियों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई जिसमें राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने तथा देशवासियों के बीच एकता का संदेश फैलाने का संकल्प लिया गया। शपथ में सरदार पटेल की दूरदर्शिता से प्रेरणा लेकर देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु योगदान देने का भी संकल्प लिया गया।

## देसी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स बयूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** निरीक्षक प्रभारी/रेसुब डिहरी ऑन सोन-रामविलास राम के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक उपेन्द्र कुमार, साथ सहायक उप निरीक्षक जे पी चतुर्वेदी, प्रधान आरक्षी बी.बी. मिश्र, आरक्षी अभिमन्यु सिंह, आरक्षी सर्वोदय पासवान सभी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन सोन, सभी रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन सोन में गश्त व अपराधी गतिविधि निगरानी करते हुए स्टेशन से पाली पुल के तरफ जा रहे थे उसी दौरान स्टेशन से करीब 200 मीटर पूरब दो व्यक्तियों रंजन चौधरी, उम्र 19 वर्ष, पिता सुरेंद्र चौधरी, ग्राम कुम्हार टोली वार्ड नंबर 34, थाना नगर डिहरी, जिला-रोहतास (बिहार) एवं बीरेंद्र कुमार, उम्र 22 वर्ष, पिता-रामचन्द्र पासवान, ग्राम-भरकुरिया, थाना-दरिहट, जिला-रोहतास (बिहार) को तीन बैग में कुल 29.4 लीटर छबीली देसी मसाला शराब के साथ पकड़ा गया जिसे मौके की सभी आवश्यक कागजी कार्रवाई कर सभी अवैध शराब को विधिवत जब्त किया गया। जब्त सभी देशी शराब की अनुमानित कीमत 6615/- रुपए है जिसे अग्रिम कानूनी कार्रवाई वास्ते थानाध्यक्ष मद्यनिषेध सासाराम को उपरोक्त गिरफ्तार दोनों अभियुक्त, जब्त शराब मय कागजात के साथ सुपुर्द किया गया जहां दोनों व्यक्तियों एवं जब्त देशी शराब के विरुद्ध संबंधित धारा में कांड पंजीकृत किया गया।


## D.A.V. PUBLIC SCHOOL

**Danibigha, Aurangabad**

**TENDER NOTICE**

Dated:- 01/11/2025

Sealed quotations are invited from Registered parties through Registered post/by hand for Purchase of Lift (Brand: Otis) alongwith civil work towards the installation of same.

For specifications and other details please visit the school Website https://davdanibigha.com/ or scan the QR code or the Notice Board in the school campus.

| | |
|---|---|
| Name of the Work | Purchase of Lift (Brand: Otis) alongwith civil work towards the installation of same |
| Date of Tender Notification | 01/11/2025 |
| Last Date/Time for receipt of Bids | 10/11/2025 |
| Name and address of Official who inviting Tender | Headmistress DAV Public School, Danibigha, Aurangabad Bihar-824101 |
| Contact Number | 9608862226 |

Mrs. Alpana Mishra, Headmistress — Mr. S.K. Jha, Manager — Mr. V.K. Pathak, Asstt. Regional Officer, BR Zone - F

# अवैध हथियार के साथ पांच गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नगरनौसा थाना पुलिस ने शुक्रवार की देर रात अवैध हथियार कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए थानाक्षेत्र के बडिहा गांव से पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में तीन वयस्क के साथ दो विधि-विरुद्ध बालक (नाबालिग) शामिल हैं। पुलिस ने छापेमारी के दौरान तीन देशी कट्टा, 17 जीवित कारतूस, दो खोखा, तीन मोबाइल फोन और गोली रखने के दो बिंडोलिया बरामद किए हैं। थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार मिश्रा को शुक्रवार की रात गुप्त सूचना मिली कि बडिहा गांव में कुछ लोग अवैध आग्नेयास्त्र छुपाकर रखे हुए हैं। सूचना के




सत्यापन एवं कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, हिलसा-01 के नेतृत्व में पुलिस टीम और सीएपीएफ बल के साथ संयुक्त छापेमारी की गई। टीम ने पहले मुन्ना भगत (55 वर्ष, पिता स्व. कपिलदेव प्रसाद, निवासी बडिहा) के घर की घेराबंदी कर तलाशी ली। तलाशी के दौरान कमरे में सो रहे दो विधि-विरुद्ध बालकों के पास से तीन जीवित कारतूस और दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। इसके बाद मुन्ना भगत के घर के पीछे झोपड़ी में तलाशी के दौरान एक लोडेड देशी कट्टा, चार जीवित कारतूस और दो खोखा मिले। झोपड़ी से बाहर आने वाले व्यक्ति की पहचान मुन्ना भगत के रूप में हुई, जिसे मौके पर गिरफ्तार कर लिया गया। उसके दूसरे घर की तलाशी में भी काले प्लास्टिक बैग से एक और देशी कट्टा बरामद हुआ। पुलिस को आगे सूचना मिली कि गाँव के ही लक्ष्मण कुमार (25 वर्ष) और शत्रुधन कुमार (23 वर्ष), दोनों पिता अशोक यादव, अपने घर में भी अवैध हथियार छुपाए हुए हैं। पुलिस ने दोनों घरों की घेराबंदी कर तलाशी ली, जहां से एक लोडेड देशी कट्टा, नौ जीवित कारतूस और एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। बरामद सभी सामग्रियों को पुलिस ने जब्त करते हुए आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। सभी अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजने की कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए थाना क्षेत्र में अवैध हथियार बरामदगी और अपराध नियंत्रण के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा, कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। छापेमारी दल में अंचल निरीक्षक चण्डी सत्यम चन्द्रवंशी, थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार मिश्रा, अपर थानाध्यक्ष ईसमा प्रवीण, स.अ.नि. धर्मेन्द्र यादव, तथा सिपाही शंकर कुमार, विकास कुमार, मोहम्मद इमरान अहमद, काजल कुमारी और निरंजन कुमार शामिल थे।

## पावापुरी में प्रशांत किशोर ने किया रोड शो

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जन स्वराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने शनिवार को राजगीर विधानसभा क्षेत्र के पावापुरी में रोड शो किया। इस दौरान उन्होंने अपने पार्टी के प्रत्याशी सत्येंद्र पासवान के लिए जन समर्थन मांगा।

सुबह से ही पावापुरी के राइफल मोड पर जन स्वराज के हजारों कार्यकर्ताओं की भीड़ प्रशांत किशोर के स्वागत में इंतजार कर रही थी। इस अवसर पर जैसे ही पावापुरी मोड़ के समय प्रशांत किशोर पहुंचे पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत फूल मालाओं से किया इस दौरान युवाओं ने "जन सुराज ज़िंदाबाद", "प्रशांत किशोर आगे बढ़ो, हम तुम्हारे साथ हैं" के नारे लगाए वही महिलाओं ने भी पारंपरिक तरीके से तिलक और आरती कर स्वागत किया। पावापुरी में सैकड़ों बाइक और गाड़ियों का काफ़िला उनके साथ चलता दिखा, बच्चे हाथों में झंडे और बैनर लिए खड़े थे,जगह-जगह स्वागत मंच बनाकर कार्यकर्ताओं ने उन्हें सम्मानित किया। स्वागत के बाद प्रशांत किशोर ने लोगों के बीच छोटी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जन सुराज केवल राजनीतिक अभियान नहीं, बल्कि जनता की भागीदारी से बेहतर शासन लाने का प्रयास है ।

## एक नजर

### घर के पास से मोटरसाइकिल की चोरी

**नारदीगंज,नवादा।** जिले के नारदीगंज थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल चोरी की घटना में बेतहाशा वृद्धि हुई है। कब किसकी मोटरसाइकिल चोरी हो जाएगा कहना मुश्किल है। जिसके कारण बाइक चालक डरे सहमे रहते हैं। शुक्रवार के दिन कहुआरा निवासी देवेंद्र कुमार की बाइक को चोरों ने घर के पास से चुरा लिया। जिसका लिखित शिकायत नारदीगंज थाना में की गई है। सबसे बड़ी बात है कि प्रत्येक वर्ष दर्जनों बाइक की चोरी नारदीगंज थाना क्षेत्र में हो रहा है लेकिन पुलिस के द्वारा एक भी बाइक बरामद नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण लोगों में काफी रोष है।

### बीएलओ कर रहे मतदाता पर्ची का वितरण

**नवादा।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन, 2025 के सफल एवं निष्पक्ष संचालन के उद्देश्य से नवादा विधानसभा क्षेत्र में बीएलओ के द्वारा मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है। प्रत्येक बीएलओ द्वारा मतदाता पर्ची घर-घर पहुंचाई जा रही है, ताकि मतदाता अपने नाम, पता एवं विवरण की जांच कर सकें तथा किसी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर सुधार हेतु आवेदन कर सकें। बीएलओ ने हर घर दस्तक देकर मतदाताओं से अपील की गई है कि आगामी 11 नवम्बर, 2025 को होने वाले मतदान में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाएं।

### चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता अभियान

**नवादा।** जिले के गोविंदपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कौआकोल प्रखंड में मतदाता जागरूकता हेतु जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं ने घर-घर जाकर लोगों को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी तथा सभी पात्र मतदाताओं से 11 नवंबर, 2025 को होने वाले विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान नारे, रैली एवं संवाद के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया गया। उपस्थित जनसमूह से यह भी आग्रह किया गया कि वे अपने परिवार एवं समुदाय के प्रत्येक सदस्य को मतदान के लिए प्रेरित करें ताकि लोकतंत्र को और सशक्त बनाया जा सके।

### विधानसभा मतदान को ले इवीएम का आखिरी रेंडमाइजेशन संपन्न



**बिहारशरीफ ।** बिहार विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण के मतदान आगामी छह नवंबर को संपन्न होना है। इसको लेकर शनिवार को जिले के सातों विधानसभा क्षेत्र के लिए ईवीएम (बीयू & सीयू) तथा वीवीपैट के पूरक रेंडमाइजेशन सभी जिले के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्षों तथा सचिवों की उपस्थित में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम कुंदन कुमार की अध्यक्षता में सफलता पूर्वक संपन्न हो गया। इस अवसर पर रेंडमाइजेशन 171 अस्थावां, 172 बिहारशरीफ, 173 राजगीर (सुरक्षित), 174 इस्लामपुर, 175 हिलसा, 176 नालंदा तथा 177 हरनौत विधानसभा में आगामी छह नवंबर को मतदान को ले किया गया। इस मौके पर रेंडमाइजेशन के दौरान उप विकास आयुक्त सह ईवीएम कोषांग नोडल पदाधिकारी श्रीकांत कुंडलिक खाण्डेकर, उप निर्वाचन पदाधिकारी अवधेश कुमार, डीपीआरओ गुप्तेश्वर कुमार, जिला आइटी प्रबंधक के अतिरिक्त राजद, जदयू, बीजेपी, लोजपा (आर) कांग्रेस तथा बसपा पार्टी के जिलाध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित थे।

### समारोह आयोजित कर बीएओ को दी विदाई



**पकरीबरावां।** पकरीबरावां के प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी अशोक कुमार के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई। पकरीबरावां प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित ई किसान भवन परिसर में पकरीबरावां में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित की गई। इस दौरान उनके कार्यों की लोगों ने जमकर सराहना की। कहा कि कृषि के क्षेत्र में उनके द्वारा किसान हित में उठाए गए कार्य काफी सराहनीय रहा। इस दौरान कृषि समन्वयकों एवं किसान सलाहकारों ने उन्हें बुके एवं अंगवस्त्र तथा उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार, प्रगतिशील कृषक नागेंद्र सिंह, किसान पप्पू सिंह, कृषि समन्वयक पंकज कुमार सिन्हा, दिनेश कुमार, सुनील कुमार ,राजेश कुमार, रविन्द्र कुमार सिंह प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सुनील कुमार सहायक तकनीकी प्रबंधक विनोद यादव, प्रभात कुमार, किसान सलाहकार अरविंद कुमार, पप्पू कुमार दास, राहुल कुमार, अविनाश कुमार, आनंद स्वरूप, अनिल कुमार सहित कई अन्य मौजूद थे।

## विकास से वंचित क्षेत्रों की बदहाली पर उठी आवाज, वोट बहिष्कार पर विचार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सती स्थान के पास एक निजी भवन में शनिवार को अदरखी समाज की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अदरखी महासंघ रजौली विधानसभा अध्यक्ष एवं प्राणचक निवासी बीरेंद्र प्रसाद ने की। धामुचक, गैरिबा, दत्ती टिलहा, चमर बिगहा, बड़गांव, बभनी, कसियाडीह, बीसिया तथा सिरदला क्षेत्र से बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए। बैठक में धामुचक गांव की मूलभूत समस्याओं, विशेषकर सड़क और पुल-पुलिया निर्माण नहीं होने का मुद्दा प्रमुख रहा। ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के लगभग आठ दशक बीत जाने के बावजूद धामुचक में एक भी सड़क या पुल-पुलिया का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में स्वास्थ्य सेवाओं से लेकर अन्य आवश्यक सुविधाएँ पूरी तरह बाधित हो जाती हैं। एंबुलेंस, पुलिस वाहन और अग्निशमन की गाड़ियाँ भी गांव तक पहुंचने में असमर्थ रहती हैं। धामुचक के कुंदन कुमार ने कहा कि गांव के कई लोग सरकारी पदों पर कार्यरत हैं, फिर भी क्षेत्र उपेक्षा का शिकार है। गांव में +2 विद्यालय तो है, परंतु 20 से अधिक शिक्षक-शिक्षिकाएं खराब मार्ग के कारण बाधित परिस्थितियों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। राजनीतिक दलों द्वारा उपेक्षा का आरोप बैठक में मौजूद मदन मोहन प्रसाद ने आरोप लगाया कि पूरे बिहार में अदरखी समाज को राजनीतिक रूप से न तो सम्मान मिला और न ही प्रतिनिधित्व। उन्होंने कहा कि समाज के सैकड़ों युवा सीमा पर सुरक्षा में तैनात हैं, कई शहीद भी हुए हैं, फिर भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने गांवों के विकास पर कभी ध्यान नहीं दिया। उन्होंने जानकारी दी कि पूर्व में ग्रामीणों ने विकास की मांग पर मतदान का बहिष्कार किया था, और इस बार भी वही कदम उठाने पर विचार हो रहा है। निर्णायक है अदरखी समाज का वोट अदरखी महासंघ के विधानसभा अध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद ने बताया कि रजौली विधानसभा क्षेत्र में अदरखी समाज के लगभग 20 से 22 हजार मतदाता हैं, जो चुनावी परिणामों को प्रभावित करने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि कई प्रत्याशी चुनाव जीतने के बाद समाज की उपेक्षा करते हैं, जिससे मान-सम्मान को ठेस पहुंचती है। इस बार समाज ने तय किया है कि जो प्रत्याशी चुनाव से पहले और बाद में साथ निभाएगा और सम्मान देगा, वोट उसी को मिलेगा।

## प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर तैयार किया गया रुट चार्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** 2 नवम्बर 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नवादा जिला परिभ्रमण निर्धारित है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर सुरक्षा एवं आवागमन की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु जिला प्रशासन नवादा द्वारा विशेष ट्रैफिक प्लान एवं पार्किंग व्यवस्था लागू की गई है। सभी नागरिकों, वाहन चालकों और परिवहन सेवाओं से अपेक्षा है कि वे प्रशासन को सहयोग करते हुए निम्न दिशा-निर्देशों का पालन करें।

**पटना/नालंदा की ओर से आने वाली गाड़ियां:** जय शिवशंकर नगर वार्ड (एग्रीकल्चर हॉलैंड शॉप के पास) में यात्रियों को उतारकर बसें सीधे फ्लाईओवर होते हुए मस्तानगंज की ओर बढ़ेंगी और निर्धारित स्थान पर पार्क करेंगी।

सभी बसें/वाहन एक सीध में (लाइन से) पार्क किए जाएंगे, किसी भी मार्ग के बीच में वाहन खड़ा नहीं किया जाएगा। पटना से आने वाली सभी बसें किसी भी स्थिति में सर्विस लेन में पार्क नहीं होंगी।

**रजौली/अकबरपुर** से आने वाली बसें यात्रियों को फ्लाईओवर समाप्ति स्थल (क्रिडेंस हॉस्पिटल के पास) उतारकर एनएच पर ही एक लेन में पार्क करेंगे।

**गया/हिसुआ/सद्भावना** से आने वाली गाड़ियां यात्रियों को बुधौल बस स्टैंड में पार्किंग स्थल भरने तक लगाएंगे।भरने के उपरांत बाबा के ढाबा के निकट उतारकर सर्विस लेन के एक हिस्से में क्रमबद्ध तरीके से पार्क की जाएंगी। नारदीगंज मार्ग से आने वाली कोई भी बस/सार्वजनिक वाहन मुख्य मार्ग में प्रवेश नहीं करेंगे, यह मार्ग पूर्णतः वीवीआइपी/वीआइपी मूवमेंट हेतु आरक्षित रहेगा।

## वॉकथॉन, रक्तदान शिविर एवं बीमा दावा भुगतान कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के उपलक्ष्य में बिहार ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय बिहारशरीफ द्वारा आज एक बहुउपयोगी सामाजिक एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रम कल्याण मैदान से वॉकथॉन (पदयात्रा) के साथ की गई, जिसमें बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सतर्कता, नैतिकता और जागरूक नागरिकता का संदेश दिया। वॉकथॉन के उपरांत बैंक परिसर में रक्तदान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग




लेते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर में प्रथम रक्तदान डीसीओ-प्रबंधक रवि कांत कुमार द्वारा किया गया, जिससे कार्यक्रम की प्रेरणादायक शुरुआत हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख संदीप कुमार चौधरी, एलडीएम नालंदा तथा डीडीएम, नाबार्ड थे। उनकी उपस्थिति ने पूरे आयोजन को विशेष महत्व प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान बैंक की शाखा रामचंद्रपुर के एक पीएमजेजेबीवाइ (प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना) के लाभार्थी, अशोक कुमार (पंडित गली, बिहारशरीफ) के नाम 2,00,000/- (दो लाख रुपये) का बीमा दावा चेक प्रदान किया गया, जिससे उनके परिवार को आर्थिक सहायता सुनिश्चित की गई। यह बैंक की सामाजिक प्रतिबद्धता और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में सराहनीय योगदान है। इस अवसर पर प्रभारी क्षेत्रीय प्रबंधक कुमार अंकुष, मुख्य प्रबंधक अमरदीप, कन्हैया कुमार झा तथा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के नोडल अधिकारी राहुल कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और सक्रिय योगदान किया।

## नवादा की जनता राजनीति समीकरण बदलने को तैयार : डॉ. अनुज

**नवादा/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नवादा विधानसभा क्षेत्र-237 से जन सुराज पार्टी के प्रत्याशी, शिक्षाविद एवं समाजसेवी डॉ. अनुज सिंह इन दिनों लगातार जनसंपर्क अभियान में जुटे हुए हैं। शुक्रवार को उन्होंने नगर परिषद नवादा के वार्ड संख्या 22 गढ़पर, वार्ड संख्या 23 पुरानी बाजार के अलावा नथनपुरा, आषाढ़ी, पटवासरराय, जामुआवां, गोपालगंज, आंती, कमलपुरा, अतौआ सहित कई गांवों का दौरा किया। विभिन्न स्थानों पर स्थानीय कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने उनका फूलमालाओं से स्वागत किया। जन संवाद के दौरान मतदाताओं को संबोधित करते हुए डॉ. अनुज ने कहा कि नवादा की जनता अब भ्रष्टाचार और स्वार्थ की राजनीति से ऊब चुकी है। उन्होंने कहा कि "यदि आप बदलाव चाहते हैं, तो शांति और दृढ़ता के साथ 11 नवंबर को इवीएम में क्रम संख्या 5 पर 'स्कूल का बस्ता' चुनाव चिन्ह दबाकर अपने अधिकार का उपयोग करें।" उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि वे नवादा की समस्याओं को समझने और समाधान करने के लिए पूर्ण निष्ठा से काम करेंगे। डॉ. अनुज ने कहा कि वर्षों से चुने गए प्रतिनिधियों ने केवल स्वयं को मजबूत किया, लेकिन जनता की समस्याओं की ओर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने अपील की कि सभी मतदाता एकजुट होकर व्यवस्था परिवर्तन के इस प्रयास में साथ आएं, ताकि नवादा को विकास की नई दिशा दी जा सके।


**This may be published in Newspapers and TV from the day following the last date for withdrawal of candidature and up to two days before the date of poll**

**Format C-1**

*(for candidate to publish in newspapers, tv)*

Declaration about criminal cases
*(As per the judgment dated 25' September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India &Anr.)*

Name and address of candidate: ALOK KUMAR SINGH
VILL: BAGHINI, PO: HARNATHPUR, P.S: MOHANIA, DISTRICT: KAIMUR (BHABHUA)

Name of political party : RASHTRIYA LOK MORCHA
*(Independent candidates should write "Independent" here)*

Name of Election : General Election of legislative Assembly of Bihar- 2025

*Name of Constituency : 210, DINARA ASSEMBLY CONSTIUENCY, BIHAR

I ALOK KUMAR SINGH (name of candidate), a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| S. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Gaya Mufassil P,S | Case 287/2017, GR CASE NO.6309/2017 | PENDING | Section(s) 287,429,427,34 OF IPC Allegation of negligent and malicious acts causing harm or damage. |
| 2 | Dinara P.S | P.S Case No- 475/2025 | PENDING | Section(s) 171,174,223 OF BNS |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| SI.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Maximum punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| 1 | Nil | Nil | Nil |
| 2 | Nil | Nil | Nil |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.



**Format C-1**

Declaration about criminal cases
*(As per the judgment dated 25' September, 2018, of Hon 'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)*

Name and address of candidate : RAJESHWAR MANJHI, Jat Dumrai, Dumri, Patna, 804453
Name of political party : JAN SURAAJ PARTY
*(Independent candidates should write "Independent" here)*
Name of Election : General Elections to Legislative Assembly of Bihar -2025
Name of Constituency : 189-MASURHI (SC)
I Rajeshwar Manjhi, a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

(A) Pending criminal cases

| S. No. | Name of Court | Case No. and Dated | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | A.C.J.M (I) – MP,MLA Court Patna | Case No. 133/2020 | Pending | Section- 147, 148, 149, 188, 186, 341, 342, 323, 504, 506 of IPC (Rioting, rioting with weapon, unlawful assembly, disobedience to public order, obstructing public servant, wrongful restraint, wrongful confinement, hurt, insult, and criminal intimidation) |

(B) Details about cases of conviction for criminal offences

| SI.no. | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Maximum punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| | NIL | NIL | NIL |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

# मगध विश्वविद्यालय में 22वें दीक्षांत समारोह की तैयारियां तेज

## कुलपति प्रो. एस. पी. शाही ने की शिक्षकेतर कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गयाजी।** बोधगया स्थित मगध विश्वविद्यालय में आगामी 22वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर शनिवार को राधाकृष्णन सभागार में शिक्षकेतर कर्मी संघ और विश्वविद्यालय प्रशासन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता कुलपति प्रो. एस. पी. शाही ने की। बैठक में कुलसचिव प्रो. बी. के. मंगलम, कुलानुशासक प्रो. उपेंद्र कुमार सिंह, विश्वविद्यालय परीक्षा नियंत्रक डॉ. पार्थ प्रतिम दास, विभिन्न शाखाओं और स्नातकोत्तर विभागों के शिक्षकेतर कर्मी सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत में डॉ. पार्थ प्रतिम दास ने सभी का स्वागत किया और समारोह की तैयारियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आयोजन समितियों की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। कुलपति प्रो. एस. पी. शाही ने कहा कि विश्वविद्यालय की गौरवशाली परंपरा को पुनर्स्थापित करने के लिए यह दीक्षांत समारोह अत्यंत महत्वपूर्ण है और यह ऐतिहासिक आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में ही संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने सभी शिक्षकेतर कर्मियों से आग्रह किया कि वे समारोह को सफल बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करें। यह विशेष उल्लेखनीय है कि लगभग 10 वर्षों के अंतराल के बाद विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जा रहा है जिसकी तिथि 25 नवम्बर 2025 निर्धारित की गई है। इस अवसर पर राज्यपाल सह कुलाधिपति विश्वविद्यालय परिवार को अपनी उपस्थिति से गौरवान्वित करेंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि समारोह के उपरांत संध्या समय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा और इसके साथ एक स्मारिका तथा कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन किया जाएगा। कुलसचिव प्रो. बी. के. मंगलम ने कहा कि विश्वविद्यालय परिवार इस समारोह को एक उत्सव के रूप में मनाए ताकि यह आयोजन संस्थान की गरिमा को नई ऊंचाई प्रदान करे। शिक्षकेतर कर्मी संघ के अध्यक्ष सुबोध कुमार ने सभी कर्मियों से निष्ठा और सहयोग की भावना के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया जबकि बैठक का समापन संघ के सचिव दीपक कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# स्वीप गतिविधि अंतर्गत सामुदायिक संगठनों ने जिले में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम के निदेर्शानुसार जिले में विधानसभा चुनाव 2025 में मतदाता जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जीविका दीदियों एवं कर्मियों द्वारा स्वीप गतिविधि अंतर्गत सामुदायिक संगठनों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान ग्राम संगठनों द्वारा विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के साथ-साथ लोगों के घर जाकर भी मतदान करने कर लिए कहा गया। इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया ताकि आगामी 11 नवंबर को होने वाले मतदान के लिए मतदाताओं को निष्पक्ष, निर्भीक और जागरूक बनाया जा सके। इस जागरूकता अभियान में जीविका के सभी संकुल स्तरीय महिला संघों, टीएलसी और सीएमटीसी सामुदायिक संगठन ने अपनी सक्रिय भूमिक निभाई। गया टाउन, बोधगया, वजीरगंज, आमस, गुरुआ, बेलागंज, डुमरिया, शेरघाटी, इमामगंज, टेकारी, नीमचक बथानी, अतरी, बाराचट्टी और मोहरा सहित सभी प्रखंडों में जागरूकता कार्यक्रम, उन्मुखीकरण सत्र, शपथ ग्रहण और रैलियों का आयोजन किया गया। जीविका दीदियों ने यहां रंगोली और मेंहदी के माध्यम से मतदाता जागरूकता का सन्देश दिया। साथ ही जगह जगह रैली निकलकर लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। ग्रामीण लोगों को मतदान की जानकारी दी गई। सभी जीविका दीदियों को निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान के लिए शपथ दिलाई गई और रैलियों के माध्यम से आमजन को मतदान के महत्व से अवगत कराया गया। साथ ही मतदाता जागरूकता का संदेश देते हुए आकर्षक रंगोली, मेंहदी बनाय गया। जगह -जगह आयोजित कार्यक्रमों में जीविका के जिला एवं प्रखंड स्तरीय अधिकारी और कर्मियों ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक आचार्य मम्मट ने बोधगया में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सेदारी लिया। सभी जिला स्तरीय प्रबंधकों ने सभी प्रखंडों में अलग-अलग आयोजित होने वाले जागरूकता अभियानों में हिस्सा लिया। इसमें प्रशिक्षण प्रबंधक धर्मेंद्र कुमार, प्रबंधक वित्त समोद कुमार प्रणव, प्रबंधक सामजिक विकास प्रबंधक राकेश कुमार सिंह, प्रबंधक मूल्यांकन एवं अनुश्रवण राकेश कुमार, प्रबंधक गौतम कुमार, ब्रजेश कुमार, विनय कुमार, प्रशिक्षण अधिकारी जय राम सिंह, संभु कुमार एवं अन्य अधिकारियों सहित सभी प्रखंड परियोजना प्रबंधकों ने मतदाता जागरूक अभियान में भाग लेकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

## पति-पत्नी शराब के साथ गिरफ्तार, मादक पदार्थ जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के काबर गांव में पुलिस ने छापेमारी कर पति-पत्नी को देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान अजय चौधरी पिता नवल किशोर चौधरी और उनकी पत्नी ललिता देवी पति अजय चौधरी के रूप में की गई है। दोनों के पास से पुलिस ने 5 लीटर देसी महुआ शराब एवं शराब बनाने की सामग्री बरामद की है। पुलिस के अनुसार सूचना मिली थी कि गांव में अवैध रूप से देसी शराब का निर्माण किया जा रहा है। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस दल ने मौके पर छापेमारी की और दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तार पति-पत्नी को बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में उपस्थापन के लिए शनिवार को भेजा गया है।

# मगध सम्राट जरासंध जयंती पर प्रेम कुमार ने किया माल्यार्पण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया जी।** सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने भगवान बुद्ध की ज्ञानस्थली बोधगया के ग्राम धनामा के निकट मगध सम्राट जरासंध भगवान की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना की। यह आयोजन वार्ड संख्या 45 पंतनगर में रामसुंदर बाबू सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक की अध्यक्षता में हुआ। डॉ प्रेम कुमार मगध सम्राट जरासंध भगवान की पूजा में शामिल हुए और महाराज जरासंध जन्मोत्सव समिति बड़की पडरिया तथा गया स्थित देवाराम पंचायती चंद्रवंशी धर्मशाला, गेवाल बिगहा में भगवान जरासंध जी की जयंती पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। उन्होंने कहा कि आज हम सब मगध सम्राट जरासंध जी महाराज की 5,228वीं जयंती मना रहे हैं। द्वापर युग के प्रथम चक्रवर्ती सम्राट जरासंध महाभारत काल के सबसे शक्तिशाली राज्य मगध के शासक थे जिनकी वीरता और शासन व्यवस्था की झलक आज भी राजगीर में मौजूद है। उन्होंने 99 राजाओं को युद्ध में पराजित कर बंदी बनाया था, परंतु उन्हें मारने के बजाय जीवनदान दिया जिससे उनके उदार स्वभाव और धर्मनिष्ठा का परिचय मिलता है। वे परम शिव भक्त थे और स्नान, दान एवं पूजा से पहले कभी भोजन ग्रहण नहीं करते थे। उन्होंने 17 बार भगवान कृष्ण को युद्ध में परास्त किया था और इसलिए कृष्ण को रणछोड़ कहा गया। कृष्ण से उनकी विरोध की भावना इसलिए थी क्योंकि उनके दामाद कंस की हत्या कृष्ण ने की थी। उन्होंने मल्ल युद्ध में भीम जैसे शक्तिशाली योद्धा को प्रतिद्वंद्वी चुना और युद्ध में वीरगति प्राप्त की। डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि जरासंध एक प्रतापी राजा, सुदृढ़ शासन व्यवस्था के निर्माता और धार्मिक व्यक्ति थे जो एक साथ दस पहलवानों से कुश्ती लड़ सकते थे। उनका अखाड़ा आज भी उनकी पराक्रम गाथा का साक्षी है। उन्होंने समाज से पिछड़ेपन, अशिक्षा और कुरीतियों को दूर करने का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षित होकर समाज को आगे बढ़ाने में हर व्यक्ति को योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा का चुनाव धर्म युद्ध की तरह है जिसमें एक ओर पांच पांडव हैं और दूसरी ओर महागठबंधन कौरवों की सेना है जिसे पराजित कर राज्य को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाना है। उन्होंने लोगों से 11 नवम्बर को कमल छाप पर बटन दबाकर नौवीं बार उन्हें आशीर्वाद देने की अपील की ताकि गया को चकाचक और विकसित शहर बनाया जा सके। इस अवसर पर पूर्व पार्षद राकेश कुमार, राजेंद्र कुमार अधिवक्ता, बम बम सिंह चंद्रवंशी, सचिन कुमार, संजय कुमार, बबलू चंद्रवंशी, सत्येंद्र कुमार सिंह, छोटू कुमार, मनोज सिंह, दीपू चंद्रवंशी, भरत कुमार, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, विनोद चंद्रवंशी, राजू चंद्रवंशी, बबलू चंद्रवंशी सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

## मगध सम्राट जरासंध की जयंती पर चंद्रवंशी समाज ने किया भव्य आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** गया में देव राम चंद्रवंशी पंचायत न्यास भवन गेवाल बिगहा समीर तकिया में चंद्रवंशी समाज द्वारा मगध सम्राट जरासंध की जयंती के अवसर पर प्रतिमा पर माल्यार्पण, पूजा-पाठ, हवन और भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर न्यास के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा कि महाराज जरासंध केवल वीर योद्धा ही नहीं बल्कि धर्मनिष्ठ और न्यायप्रिय शासक थे जिन्होंने मगध को राजनीति, अर्थव्यवस्था और सैन्य शक्ति का केंद्र बनाया। उन्होंने कहा कि जरासंध का उपदेश था 'राजा का धर्म प्रजा की रक्षा और न्याय की स्थापना करना है' और आज समाज को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। पूर्व नगर आयुक्त विजय कुमार ने समाज से संगठित होकर अधिकार और सम्मान की रक्षा करने का आह्वान किया तथा कहा कि जरासंध ने जैसे मगध को एकजुट किया, वैसे ही समाज को भी एकता के सूत्र में बंधना चाहिए। समारोह में राकेश कुमार उर्फ मंटू कुमार, अमित चंद्रवंशी, उपेंद्र कुमार सिन्हा, राकेश कुमार, दीपक कुमार चंद्रवंशी, विजय कुमार सिन्हा, धीरेन्द्र कुमार खरखुरा, सिद्धार्थ कुमार, अरुण चंद्रवंशी, विकास कुमार, मुरारी कुमार चंद्रवंशी, जितेंद्र चंद्रवंशी, राहुल चंद्रवंशी, महेंद्र सिंह चंद्रवंशी, बिहारी चंद्रवंशी, सचिन चंद्रवंशी, बुद्धदेव चंद्रवंशी, भारत चंद्रवंशी, मुकेश चंद्रवंशी, संजू चंद्रवंशी, सरोज चंद्रवंशी, गोपाल प्रसाद चंद्रवंशी, मुन्ना चंद्रवंशी, अजय चंद्रवंशी, ललित चंद्रवंशी, पवन चंद्रवंशी, बल्लू चंद्रवंशी और छोटू चंद्रवंशी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आए श्रद्धालुओं का स्वागत कोषाध्यक्ष राकेश कुमार उर्फ मंटू कुमार ने किया।

## कुलपति एसपी शाही ने प्रो. निभा सिंह को मानविकी संकाय का संकायाध्यक्ष किया नियुक्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलपति प्रो. एस. पी. शाही द्वारा प्रो. निभा सिंह को मानविकी संकाय की संकायाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। विदित हो कि पूर्व संकायाध्यक्ष प्रो. रहमत जहां 31 अक्टूबर, 2025 को सेवानिवृत्त हो गई थीं जिसके परिणामस्वरूप यह पद रिक्त हो गया था। आज कुलसचिव प्रो. वी. के. मंगलम द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकगणों ने प्रो. निभा सिंह को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। प्रो. निभा सिंह वर्तमान में मानविकी संकाय के अंतर्गत अंग्रेजी विभाग में आचार्य के पद पर कार्यरत हैं।

## एनडीए के शासन में बिहार का नाम देश स्तर पर ऊंचा हुआ : डा. भीम सिंह



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** विधानसभा चुनाव को लेकर शनिवार को टिकारी में बीजेपी के राज्यसभा सांसद डॉ. भीम सिंह चंद्रवंशी पहुंचे। उन्होंने चंद्रवंशी समाज के लोगों के साथ बैठक की। राज्यसभा सांसद ने कहा कि एनडीए के शासन में बिहार का नाम देश स्तर पर ऊंचा हुआ है। पीएम मोदी और सीएम नीतीश के नेतृत्व में बिहार में सभी क्षेत्रों में काम हुए हैं। हमारी सरकार विकास के लिए प्रतिबद्ध है। एनडीए के संकल्प पत्र की बातों से सभी को अवगत कराया। विपक्षी दलों पर राजद और उनके सहयोगी दलों का शासन लोगों ने देखा है। लालू और राबड़ी की सरकार में पंद्रह वर्षों तक बिहार गर्त में चला गया था। अपराध और हिंसा-प्रतिहिंसा का दौर आ गया था। शहर से गांव तक लोग सुरक्षित नहीं थे। राजद के शासनकाल में नून से सस्ता खून हो गया था जब से बिहार में नीतीश के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनी है यहां शांति का माहौल कायम हुआ। विकास ने रफ्तार पकड़ी और बिहार पूरी तरह से बदल गया। बिहार का मतलब अब विकास हो गया है। उन्होंने टिकारी के एनडीए प्रत्याशी अनिल कुमार पर हमला की निंदा करते हुए कहा कि राजद समर्थक फिर से गुंडाराज स्थापित करना चाहते हैं। सांसद भीम सिंह ने विकास के नाम पर पर एनडीए के प्रत्याशी को वोट देकर जीताने की अपील की। एनडीए के प्रत्याशी अनिल कुमार ने कहा कि टिकारी और कोंच में उन्होंने काम किया है। काम के आधार पर एक बार फिर से वोट मांगने आये हैं। बैठक में अनिरुद्ध चंद्रवंशी, बेचन चंद्रवंशी, नीरज चंद्रवंशी आदि मौजूद थे।

## माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले के राजकीय +2 कन्या विद्यालय रमना में इमामगंज, बेलागंज, बाराचट्टी, टेकरी, गया शहर और +2 जिला स्कूल गया में वजीरगंज और अतरी विधान सभा में प्रतिनियुक्त माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मतदान दिवस पर माइक्रो ऑब्जर्वर के 18 कॉलम में दिए जाने वाले प्रतिवेदन के साथ मतदान की अन्य सारी प्रक्रियाओं का विस्तार से जानकारी दी गई। इवीएम के माध्यम से मॉक पॉल के संबंध में बारीक जानकारी दी गई। कई माइक्रो ऑब्जर्वर खुद हैंड्स ऑन इवीएम की जानकारी ली। उन्हें मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान की पूरी प्रक्रिया से अवगत करवाया गया। प्रशिक्षण के दौरान चुनाव आयोग द्वारा प्रतिनियुक्त प्रेक्षकों ने प्रशिक्षण केन्द्रों का दौरा किया।

## व्यय प्रेक्षक ने निर्वाचन में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों एवं प्राधिकृत प्रतिनिधियों से की मुलाकात

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिला परिषद गया के सभागार में बिहार विधान आम सभा निर्वाचन, 2025 के क्रम में जिला के विधान सभा क्षेत्रों 229-बोधगया, 230-गया सदर, 232-बेलागंज, 233-अतरी एवं 234-वजीरगंज के लिये निर्धारित प्रथम व्यय लेखा जांच की तिथि शनिवार को व्यय प्रेक्षक अमनप्रीत (आईआरएस) द्वारा निर्वाचन में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों एवं उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों से मुलाकात की गई। इस दौरान उनके साथ निर्वाचन व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग के नोडल पदाधिकारी विनय कुमार, राज्य कर अपर आयुक्त, गया अंचल 1 एवं ओम कुमार सिन्हा, राज्य कर संयुक्त आयुक्त, गया अंचल-2 उपस्थित रहे। उपस्थित अभ्यर्थियों एवं उनके प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर अनुदेशों के सारसंग्रह के अनुसार प्रत्येक अभ्यर्थी को दैनिक निर्वाचन के लेखा का संधारण तथा प्रचार अवधि के दौरान कम से कम तीन बार निजी रूप से अपने निर्वाचन एजेंट के माध्यम से या अपने द्वारा विधिवत रूप से प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा व्यय प्रेक्षक / निरीक्षण के लिए पदाभिहित अधिकारी के सम्मुख रजिस्टर प्रस्तुत करने के संबंध में विस्तार से पुनः जानकारी दी गई।

## फरार दो वारंटी गिरफ्तार, गये जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** स्थानीय थाना पुलिस ने फरार चल रहे वारंटियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के अलग-अलग इलाकों में की। प्रशिक्षु डीएसपी अभिषेक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आधार पर फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाया गया।


Form C-1

(for candidate to publish in Newspapers. TV)

**Declaration about Criminal Cases.**

(As per the Judgment dated 25th September. 2018 of Hon'ble Supreme Court WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name and Address of Candidate : **Rohit Kumar,** Vill-Shahpur, P.O.-Bhoja, P.S.-Chhaurahi, Distt.-Begusarai

Name of Political Party : **Jan Suraaj Party**

Name of Election : **General Elections to Legislative Assembly of Bihar-2055**

* Name of Constituency : **139-Rosera (SC)**

I, **Rohit Kumar**(Name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**(A) Pending Criminal Cases :**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and Dates | Status of Case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | J.M 1ST Patna | 39/2020 | Pending | Sec. 354D, 504, 506, of IPC Stalking, Provoke breach of peace Criminal Intimidation |
| 2. | J.M 1st class Manjhaul | 27/22 | Pending | See147,323,341,504,506of-IPCrioting & voluntarily causing hurt |
| 3. | A.C.J.M. Manjhaul | 129/23 | Pending | Sec341,323,324,325,354B,393, 504,506 of IPC wrongful restraint, causing hurt by dangerous, weapons. grievous hurt,robbery |

*In the case of election to Council of states or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.



बिहार सरकार

समाहरणालय, औरंगाबाद।
(बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025)
(प्रेक्षक कोषांग)

बैलट बिटिया

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के द्वारा बिहार विधान सभा आम चुनाव 2025 के सफल संचालन एवं पर्यवेक्षण हेतु औरंगाबाद जिलान्तर्गत छः (06) सामान्य प्रेक्षक, एक (01) पुलिस प्रेक्षक एवं दो (02) व्यय प्रेक्षक की प्रतिनियुक्ति की गयी है, जिसकी विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0सं0 | प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षकों का नाम एवं पदनाम | संबंद्ध विधान सभा संख्या एवं नाम | मिलने का स्थान एवं समय | स्थानीय मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई0डी0 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Amitava Banerjee, IAS : 2010 (G-33285) | 219–गोह | जिला अतिथि गृह (नया), मीटिंग हॉल समय : 10.00 AM to 11.00 AM | 8271282414 cellobserver701@gmail.com |
| 2 | Kiran H Kulkarni, IAS : 2009 (G-23511) | 220–ओबरा | जिला अतिथि गृह (नया), मीटिंग हॉल समय : 10.00 AM to 11.00 AM | 8271283411 cellobserver701@gmail.com |
| 3 | R Mutyalaraju Revu, IAS : 2007 (G-28073) | 221–नबीनगर | जिला अतिथि गृह (नया), मीटिंग हॉल समय : 10.00 AM to 11.00 AM | 8271283399 cellobserver701@gmail.com |
| 4 | Adil Khan, IAS : 2011 (G-29449) | 222–कुटुम्बा | जिला अतिथि गृह (नया), मीटिंग हॉल समय : 10.00 AM to 11.00 AM | 8271283442 cellobserver701@gmail.com |
| 5 | D Senthil Pandiyan, IAS : 2002 (G-14432) | 223–औरंगाबाद | जिला अतिथि गृह (नया), मीटिंग हॉल समय : 10.00 AM to 11.00 AM | 8271283276 cellobserver701@gmail.com |
| 6 | G.V. Rashmi, IAS : 2005 (G-28584) | 224–रफीगंज | जिला अतिथि गृह (नया), मीटिंग हॉल समय : 10.00 AM to 11.00 AM | 8271283050 cellobserver701@gmail.com |

| क्र0सं0 | प्रतिनियुक्त पुलिस प्रेक्षक का नाम एवं पदनाम | संबंद्ध विधान सभा संख्या एवं नाम | मिलने का स्थान एवं समय | स्थानीय मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई0डी0 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Avula Ramesh Reddy, IPS : 2007 (P-22949) | 219–गोह 220–ओबरा 221–नबीनगर 222–कुटुम्बा 223–औरंगाबाद 224–रफीगंज | जिला अतिथि गृह (नया), मीटिंग हॉल समय : 10.00 AM to 11.00 AM | 9060782700 cellobserver701@gmail.com |

| क्र0सं0 | प्रतिनियुक्त व्यय प्रेक्षक का नाम एवं पदनाम | संबंद्ध विधान सभा संख्या एवं नाम | मिलने का स्थान एवं समय | स्थानीय मोबाईल नम्बर एवं ई–मेल आई0डी0 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Shudhakar Shukla, IRS (IT) : 2016 R-36348 | 219–गोह 220–ओबरा 224–रफीगंज | जिला अतिथि गृह (नया), मीटिंग हॉल समय : 10.00 AM to 11.00 AM | 8271282923 expendobserveraurangabad01@gmail.com |
| 2 | Isaac Riman Khakongor, IRS (C&IT) : 2010 R-21642 | 221–नबीनगर 222–कुटुम्बा 223–औरंगाबाद | जिला अतिथि गृह (नया), मीटिंग हॉल समय : 10.00 AM to 11.00 AM | 7320802700 expendobserveraurangabad02@gmail.com |

साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि बिहार विधान सभा आम चुनाव–2025 के संदर्भ में किसी प्रकार की शिकायत/सुझाव हेतु उपरोक्त नम्बर पर संपर्क स्थापित किया जा सकता है। उपरोक्त सूचना का अवलोकन जिले के वेबसाईट https://aurangabad.bih.nic.in पर भी किया जा सकता है।

नोडल पदाधिकारी
प्रेक्षक कोषांग, औरंगाबाद।

उक्त सूचना state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR- 017354 ( Election ) 2025-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

संपादकीय

# पर्यावरणहंता अमीर!

आज विश्व में पर्यावरण को सबसे ज्यादा नुकसान अमीर लोगों की अदम्य लालची वृत्ति पहुंचा रही है। यह चौंकाने वाला खुलासा हाल में जारी नई क्लाइमेट इनिक्वेलिटी रिपोर्ट- 2025 में हुआ है। इसके मुताबिक़, दुनिया के 7 करोड़ अमीर लोग वैश्विक कार्बन उत्सर्जन के 15 प्रतिशत के ज़िम्मेदार हैं। जानिए कैसे जलवायु संकट में आर्थिक असमानता और अमीरी की जीवनशैली अहम भूमिका निभा रही है।

क्या इंसान की आर्थिक तरक्की धरती पर जीवन को मुश्किल बना रही है? धरती को प्रदूषित करने में अमीर लोग सबसे आगे हैं। बुधवार को जारी 'क्लाइमेट इनइक्वैलिटी रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के शीर्ष 1 प्रतिशत अमीर लोग वैश्विक उपभोग-आधारित कार्बन उत्सर्जन में 15 प्रतिशत योगदान देते हैं। वहीं निजी पूंजी स्वामित्व 41 प्रतिशत उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार है। रिपोर्ट ने चेतावनी दी है कि 2050 तक धरती का तापमान दो फ़ीसदी बढ़कर 15 डिग्री सेल्सियस तक हो सकता है जो करोड़ों लोगों की मौत और विस्थापन का कारण बनेगा। वैज्ञानिकों के अनुसार ब्रह्मांड में दो ट्रिलियन आकाशगंगाएं हैं। हर आकाशगंगा में सौ से चार सौ अरब तक तारे हैं। तारे गैस के गोले हैं, जो हाइड्रोजन जलाकर रोशनी देते हैं। हमारा सूरज भी ऐसा ही एक तारा है। उसके इर्द-गिर्द पृथ्वी समेत आठ ग्रह घूमते हैं। इससे हमारा सौरमंडल बनता है। ब्रह्मांड में मनुष्य की हैसियत इससे ज्यादा कुछ नहीं। फिर भी वह खुद को धरती का मालिक समझता है और उसे बर्बाद करने पर तुला है। दरअसल मानव सभ्यता के अस्तित्व और प्रकृति के बीच संघर्ष की शुरूआत औद्योगिक क्रांति से हुई। जब मनुष्य के सुखोपभोगों के लिए प्राकृतिक संसाधनों का बेतहाशा दोहन शुरू हुआ। इसकी अगली कड़ी के रूप में कच्चे माल और बाजार की लड़ाई ने उपनिवेशवाद को जन्म दिया। दूसरी तरफ प्राकृतिक संसाधनों के घटने से धरती की गर्मी भी बढ़ी। आंकड़े बताते हैं कि 1750 में धरती का तापमान 13.5 डिग्री सेंटीग्रेड था। 1750 से 1850 के बीच यह सिर्फ 0.2 डिग्री सेंटीग्रेड बढ़ा। 1850-2025: 1.2 डिग्री सेंटीग्रेड और बढ़ गया। कारण? कोयला, तेल, फैक्टरियां। 2050 तक धरती का तापमान 15 डिग्री सेंटीग्रेड हो सकता है। तब स्थिति परिवर्तनीय हो जाएगी। यानी जो काम लाखों सालों में नहीं हुआ, जो दो सौ सालों में हो गया। अमेजन जंगल दक्षिण अमेरिका के नौ देशों में फैला है। इसका 60 प्रतिशत ब्राजील में है। 67 लाख वर्ग किलोमीटर (भारत से दोगुना में ये जंगल फैला है)। यह जंगल ष्ह्र2 सोखकर ऑक्सीजन बनाता है। हर साल 20 प्रतिशत नई ऑक्सीजन–हमारी सांस का पांचवां हिस्सा यहीं से बनता है। लेकिन 2025 तक यह जंगल 20 प्रतिशत कट चुका है। 25 प्रतिशत और कटा तो सवाना बनेगा–घास का मैदान। ऑक्सीजन कम, ष्ह्र2 ज्यादा होगी। धरती को सांस की तकलीफ हो जाएगी। धरती का तापमान बढ़ने से मौसम में उलट-पुलट अब सभी महसूस कर रहे हैं। इसकी मुख्य वजह है कार्बन उत्सर्जन। अब तो उसकी मात्रा काफ़ी बढ़ गयी है। सवाल यह है कि इस हानिकारक कार्बन उत्सर्जन का ज़िम्मेदार कौन है? क्लाइमेट इनइक्वालिटी रिपोर्ट 2025 कहती है कि धरती को बर्बाद करने में अमीर सबसे आगे हैं। दुनिया के 1 प्रतिशत अमीर ( यानी 7 करोड़ लोग)–कुल उत्सर्जन के 15 प्रतिशत के लिए ज़िम्मेदार हैं। लेकिन उपभोग से ज़्यादा उनकी संपत्ति उत्सर्जन की ज़िम्मेदार है। वे तेल कंपनियों में निवेश करते हैं। शेयर खरीदते हैं कंपनियां कोयला जलातीं हैं। रिपोर्ट कहती है कि 1 प्रतिशत अमीरों की संपत्ति से 41 प्रतिशत उत्सर्जन का कारण है! एक अमीर का उत्सर्जन एक गरीब से 680 गुना ज्यादा। यानी अमीरी धरती का संकट बन रही। ऐसा ही चला तो 2030 के बाद स्थिति अपरिवर्तनीय हो जाएगी। मूल प्रश्न यह है कि क्या इस चेतावनीभरी रिपोर्ट के बाद भी दुनिया जागेगी? फिलहाल तो ऐसे कोई संकेत नहीं हैं।

# बिहार की चुनावी तस्वीर स्पष्ट हो रही है

**बिहार चुनाव अभियानों के प्रचंड शोर से के बीच से निकलने वाले संकेतों को आप समझ सकते हैं। दोनों प्रमुख गठबंधनों तथा तीसरी शक्ति के रूप में खड़ा होने की कोशिश कर रही जन सुराज व उम्मीदवारों तक ने अपने मुद्दे भी घोषित कर दिए। मतदाताओं के सामने मुख्य प्रश्न यही है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और प्रदेश की नीतीश कुमार सरकार को कायम रखनी है या बदलने के लिए विपक्षी गठबंधन को सत्ता में लाना है ? प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र और भाजपा ने राष्ट्रीय - अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने कार्यों, वक्तव्यों तथा व्यवहारों से स्थायी एवं तात्कालिक मुद्दे लगातार बनाए रखें है।**

**अवधेश कुमार**

छोटे से छोटे चुनाव में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा एक प्रबल कारक की भूमिका निभाते हैं। इसमें चुनावी आकलन की मुख्य वस्तुनिष्ठ कसौटियां क्या हो सकतीं हैं? एकमात्र कसौटी यही होगी कि आखिर सामने दिखने वाले तीनों प्रमुख धाराओं के चुनाव में उद्देश्य क्या हैं? जब हम उद्देश्यों पर विचार करेंगे तो यह भी प्रश्न उभरेगा कि क्या उनकी संपूर्ण भूमिका उन उद्देश्यों के अनुरूप हैं? इन्हीं के अगले चरण में आपको चुनावी संभावनाओं के भावी दृश्य भी धीरे-धीरे स्पष्ट हो जाएंगे।

पहले दोनों मुख्य गठबंधनों यानी सत्तारुढ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन या राजग तथा दूसरी ओर जिसे महागठबंधन कहते हैं उनकी चर्चा। हालांकि विपक्ष को महागठबंधन तब कहा गया था जब नीतीश कुमार जदयू के साथ इस ओर आ गए थे। जब नीतीश कुमार इससे निकल चुके हैं तो यह महागठबंधन नहीं है। दोनों ओर सामान्य गठबंधन है। विपक्षी गठबंधन के सामने सीधा लक्ष्य महाराष्ट्र, हरियाणा तथा दिल्ली में भाजपा के विजय अभियान को रोक कर लोकसभा चुनाव में दिए गए धक्के को फिर सतह पर लाना है। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर हमला करते हुए यही कहा कि वोट चोरी नहीं होती तो भाजपा की सीटें घट जातीं और उनकी सरकार नहीं बनती। यह स्पष्ट है कि 2014 से हिंदुत्व, हिंदुत्व अभिप्रेरित राष्ट्रवाद के साथ सामाजिक न्याय एवं विकास आदि के आधार पर भाजपा का स्थिर ठोस वोट आधार कायम हो चुका है। भाजपा चाहे चुनाव जीते या हारे इसकी शुरुआत उस निश्चित वोट प्रतिशत से ही होती है। इस नाते विपक्ष का पहला लक्ष्य हर हाल में उम्मीदवारों, राजनीतिक मुद्दों और चुनाव अभियानों में सशक्त एकजुटता प्रदर्शित करनी चाहिए थी। इससे मतदाताओं के बीच संदेश जाता कि वाकई ये विचार और मुद्दों के आधार पर भाजपा का विरोध करते हैं केवल सत्ता पाने के लिए इनका साथ नहीं है। राहुल गांधी, वम दल, स्वयं तेजस्वी यादव आदि सेक्युलरिज्म आदि के आधार पर भाजपा से विचारधारा का टकराव घोषित करते हैं । क्या इनका आचरण इसके अनुरूप रहा?

23 अक्टूबर की संयुक्त प्रेस वार्ता के पहले विपक्षी गठबंधन के शीर्ष नेताओं की एक भी बैठक नहीं हुई।

इसके उलट जब लालू प्रसाद यादव,



राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव दिल्ली में अपने मुकदमों के लिए न्यायालय में उपस्थित होने आए थे तो माना गया था कि कांग्रेस के शीर्ष नेताओं साथ उनकी बैठक होगी। केवल यह समाचार आया कि लालू यादव ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से फोन पर बातचीत की। यानी तेजस्वी यादव और राहुल गांधी की बैठक नहीं हो सकी। सभी पार्टियों ने स्वयं ही उम्मीदवारों की घोषणा की है। इसका संदेश यही है कि चूंकि इनको मालूम है कि आपस में लड़ने पर हम चुनाव नहीं जीत पाएंगे इसलिए इन्होंने एक दूसरे की सीट से कुछ उम्मीदवार हटाए और या उम्मीदवार खड़ा नहीं किया। बावजूद 11 स्थानों पर गठबंधन के उम्मीदवार एक दूसरे के विरुद्ध लड़ रहे हैं और अनेक स्थानों पर बिना पार्टी चुनाव चिन्ह के निर्दलीय खड़े हैं । क्या चुनाव पर इसका असर नहीं होगा? गठबंधन में पार्टियों द्वारा अधिक से अधिक सीटों की चाहत अस्वाभाविक नहीं है। किंतु कांग्रेस का रवैया गठबंधन धर्म के विपरीत रहा। कांग्रेस का तर्क था कि पिछले चुनाव में 70 सीटों पर केवल 19 पर ही जीत इसलिए मिली क्योंकि ये स्थान हमारे अनुकूल नहीं थे। दरअसल, कांग्रेस मान रही है कि राहुल गांधी सेकुलरिज्म के सबसे बड़े चेहरे हैं, उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा, संघ और हिंदुत्व विचार पर लगातार आक्रमण किया और चुनाव आयोग तक को भाजपा समर्थक घोषित करने के लिए अभियान चलाया इस कारण उनकी लोकप्रियता विपक्ष के सभी नेताओं से ज्यादा है। इसीलिए गठबंधन या सीटों के बंटवारे में आत्मविश्वास और समानता से हमें व्यवहार करना है। कांग्रेस राजद को ब्लैंक चेक देने के मूड में नहीं रही और इसी कारण तेजस्वी यादव गठबंधन के मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित करने में काफी विलम्ब हुआ। ऐसा लगा कि कुछ विरोधियों तथा विश्लेषकों द्वारा लगातार इस पहलू को उठाने के बाद चुनावी क्षति का भय पैदा हुआ और फिर ये तेजस्वी यादव को नेता घोषित करने को बाध्य हो गए।

स्वयं कांग्रेस के अंदर टिकटों को लेकर पटना सदाकत आश्रम कार्यालय में मारपीट, गाली- गलौज तथा प्रदेश अध्यक्ष, विधानसभा में विपक्ष के नेता एवं प्रभारी के हवाई अड्डे पर उतरने के बाद कार्यकर्ताओं के गुस्से वाले दृश्य ने बहुत कुछ स्पष्ट कर दिया। झारखंड मुक्ति मोर्चा पहले गठबंधन का भाग हुई लेकिन नाराज होकर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने घोषणा कर दिया कि उनकी पार्टी बिहार में चुनाव नहीं लड़ेगी और झारखंड उपचुनाव में भी अकेले उतरेगी। इससे तो राष्ट्रीय स्तर पर आईएनडीआईए का अवशेष भी प्रश्नों के घेरे में आ गया।

दूसरी ओर भाजपा जद-यू के समान वर्चस्व वाले राजग के नेताओं ने बार-बार स्पष्ट किया कि वे नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही चुनाव लड़ रहे हैं। सीटों के बंटवारे पर भी स्पष्ट वक्तव्य जारी किया। यहां भी सीटों पर मतभेद थे तथा रालोमो प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा और हम के जीतन राम मांझी ने इसे सार्वजनिक प्रकट भी किया। गहराई से देखेंगे तो समस्या चिराग पासवान की लोजपा को 29 सीटें देने के कारण पैदा हुई। उनके खाते कुछ सीटें ऐसी जिनमें कुछ क्षेत्रों से रालोमो और हम के साथ भाजपा प्रदेश नेतृत्व भी अपना उम्मीदवार लडाना चाहता था। इसीलिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजगीर और सोनबरसा में अपने उम्मीदवार को चुनाव चिन्ह देकर नामांकन करवा दिया। ऐसा होने के बावजूद नीतीश कुमार ने हर पार्टी के लिए अपना चुनाव प्रचार जारी रखा, सभी ने एक स्वर से एकजुट होने के बयान जारी किए। आज की स्थिति में राजग के सभी घटक एकजूट चुनाव लड़ रहे हैं। पार्टियों के अंदर उम्मीदवारों को लेकर असंतोष हैं ।स्थानीय भाजपाकार्यकर्ताओं में हम औरलोजपा नेतृत्व द्वारा अपने परिवार रिश्तेदारों तथाकुछ गलत लोगों के टिकट देने का भी विरोध है। इनका थोड़ा असर चुनाव परिणाम पर पड़ता है।

मुद्दों की दृष्टि से राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर भाजपा के लिए वोट चोरी करने का आरोप लगाते हुए वोट अधिकार यात्रा निकाली और इसे बिहार सहित आगामी सभी चुनाव के लिए सबसे बड़ा मुद्दा बनाने की रणनीति अपनाई। वास्तव में जानबूझकर किसी मतदाता का नाम हटा नहीं इसलिए यह मुद्दा बन ही नहीं सका। तेजस्वी यादव और उनके रणनीतिकारों को इसका आभास हुआ तो उन्होंने राहुल की यात्रा के बाद बिहार अधिकार यात्रा शुरू कर दी। आप देखेंगे कि चुनाव में राजद या अन्य घटक यह मुद्दा नहीं उठा रहे थे। इतना शोर वाले मुद्दा ही निराधार हो तो मतदाताओं के मनोविज्ञान पर इसका असर नकारात्मक ही होता है। दूसरी ओर भाजपा और जदयू लगातार लालू राबड़ी काल के कुशासन व जंगल राज को शीर्ष पर ला रही है तथा अपने काल में बिहार में आधारभूत संरचनाओं से लेकर स्वास्थ्य आदि के विकास की तस्वीर प्रस्तुत करते हुए मतदाताओं के सामने दोनों के बीच तुलना का विकल्प दे रहे हैं। जब विपक्ष एकजुट नहीं होगा तो सरकार के विरुद्ध प्रभावी तरीके से मुद्दे भी नहीं बनाये जा सकते। यही बिहार चुनाव में दिख रहा है।

प्रशांत किशोर ने पिछले दो वर्ष में बिहार से जुड़े मुद्दे उठाए। किंतु मुद्दे उठाने और राजनीतिक नेतृत्व का चेहरा बनने में मौलिक अंतर है। बिहार में तीसरी शक्ति को मत तीन स्थितियों में ही मिल सकता है। एक, जब मतदाताओं के अंदर सरकार के विरुद्ध इतना व्यापक असंतोष हो कि वे उसे उखाड़ फेंकना चाहें। दो, यह मान लें कि वर्तमान विपक्ष भाजपा जदयू कि मुकाबला करने में बिल्कुल सक्षम नहीं है। और तीन, सामने तीसरा विकल्प इन दोनों से बेहतर चेहरों मुद्दों और रणनीति के साथ सामने है। ये तीनों स्थितियों बिहार में नहीं हैं। इसके बाद आप निष्कर्ष निकालिए कि आखिर चुनाव की अंतिम तस्वीर क्या होगी?

अध्यात्म

## जीवन का समस्या चक्र कब खत्म होगा?

पुराने समय की बात है किसी नगर में एक भोला नाम का व्यक्ति रहता था। भोला दिन भर खेतों में काम करता और खेत में उगाये अन्न से ही उसके परिवार का गुजारा चलता था। भोला ने बचपन से ही गरीबी का सामना किया था। उसके माता पिता बेहद ही गरीब थे। अब बच्चे बड़े हो गये, स्कूल जाने लगे, उनकी फ़ीस का खर्चा और ऊपर से महंगाई। भोला अक्सर सोचता कि जीवन कितना कठिन है। एक समस्या खत्म नहीं होती तो दूसरी शुरू हो जाती है। पूरा जीवन इन समस्याओं को हल करने में ही निकलता जा रहा है। ऐसे ही एक दिन भोला एक साधु के पास पंहुचा, और उन्हें सारी परेशानी बताई: कि कैसे मैं अपनी जिंदगी की कठिनाइयों का सामना करूँ? एक परेशानी खत्म होती है तो दूसरी शुरू हो जाती है। साधु महाराज हंसकर बोले: तुम मेरे साथ चलो मैं तुम्हारी परेशानी का हल बताता हूँ.. साधु भोला को लेकर एक नदी के किनारे पहुंचे और बोले: मैं नदी के दूसरी पार जाकर तुमको परेशानी का हल बताऊंगा। यह कहकर साधु नदी के किनारे खड़े हो गए। नदी के किनारे खड़े-खड़े जब बहुत देर हो गयी, भोला बड़ा आश्चर्यचकित होकर बोला: महाराज हमें तो नदी पार करनी है तो हम इतनी देर से किनारे पर क्यों खड़े हैं। साधु महाराज: बेटा मैं इस नदी के पानी के सूखने का इंतजार कर रहा हूँ, जब ये सूख जायेगा फिर आराम से नदी पार कर लेंगे। भोला को साधु की बातें मूखर्तापूर्ण लगीं, वो बोला: महाराज नदी का पानी कैसे सूख सकता है आप कैसी मूखर्तापूर्ण बातें कर रहे हैं। साधु हंसकर बोले: बेटा यही तो मैं तुमको समझाना चाह रहा हूँ, ये जीवन एक नदी है और समस्या पानी की तरह हैं। जब तुमको पता है कि नदी का पानी नहीं सूखेगा, तो तुमको खुद प्रयास करके नदी को पार करना होगा। वैसे ही जीवन में समस्याएं तो चलती रहेंगी, तुमको अपने प्रयासों से इन परेशानियों से पार पाना है।.. ..अगर किनारे बैठ कर नदी का पानी सूखने का इंतजार करोगे तो जीवन भर कुछ नहीं पा सकोगे। पानी तो बहता रहेगा, समस्या तो आती रहेंगी लेकिन आपको नदी की धार को चीरते हुए आगे जाना होगा, हर समस्या को धराशायी करना होगा। तभी जीवन में आगे बढ़ सकोगे।

# घर की चौखट तक असुरक्षित, कैसे बदलेगी महिलाओं के खिलाफ हिंसा की सोच?

**युद्ध की विभीषिका में जब बारूद की गंध हवा में घुलती है, तब सबसे पहले खामोश हो जाती है किसी मां की लोरी, बेटी की हंसी और महिलाओं की सुरक्षा का भरोसा। यही वह क्षण है, जब यह सवाल सबसे गहरा लगता है कि शांति की राह में महिलाएं कहां हैं? संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस की ओर से विश्व में संघर्षों को लेकर उठाया गया मसला महज औपचारिक चिंता नहीं, बल्कि उस सच्चाई का प्रतिरूप है जो दुनिया के हर कोने में महिलाओं के अनुभवों में दर्ज है।**

**सोनम लववंशी**

उन्होंने चेतावनी दी है कि आज वैश्विक स्तर पर सैन्य खर्च बढ़ रहा है, सशस्त्र संघर्षों की संख्या पहले से अधिक है तथा इन सबके बीच महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा भयावह रूप ले चुकी है। संयुक्त राष्ट्र महिला एजंसी के अनुसार, इस समय लगभग 67.6 करोड़ महिलाएं घातक संघर्षों के पचास किलोमीटर के दायरे में रह रही हैं। यह संख्या वर्ष 1990 के दशक के बाद से सबसे अधिक है। यह आंकड़ा केवल एक सांख्यिकीय सूचना नहीं, बल्कि शांति के प्रयासों में हमारी सामूहिक विफलता का प्रमाण है।

विश्व बैंक और संयुक्त राष्ट्र की रपट बताती है कि जहां भी किसी देश ने शांति वार्ताओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की, वहां युद्धविराम औसतन पैंतीस फीसद अधिक समय तक कायम रहा। फिर भी आज केवल तेरह फीसद शांति समझौतों में ही महिलाओं की प्रत्यक्ष भूमिका दर्ज की जाती है। यह वैश्विक असंतुलन केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व का प्रश्न नहीं है, बल्कि मानवीय समझ के संकट का संकेत है। क्योंकि जहां महिलाएं निर्णय में अनुपस्थित होती हैं, वहां शांति भी अधूरी रह जाती है। महिलाएं युद्ध के दौरान केवल पीड़िता नहीं होतीं, वे जीवन, पुनर्निर्माण और सामंजस्य की वाहक होती हैं। लेकिन जब दुनिया के बड़े मंचों पर युद्ध और कूटनीति की बातें होती हैं, तब उनकी आवाज किसी कोने में दब जाती है। मानो यह दुनिया केवल हथियारों और सत्ता की भाषा ही समझती हो।

भारत के संदर्भ में यह सवाल और भी जटिल है। यहां नारी को देवी के रूप में पूजने की परंपरा रही है, लेकिन सत्ता, नीति और निर्णय लेने में उसकी भागीदारी आज भी सीमित है। पंचायतों में आरक्षण ने महिलाओं को जनप्रतिनिधित्व का अवसर दिया, लेकिन राष्ट्रीय नीति-निर्माण, सुरक्षा परिषदों और शांति वार्ताओं में उनकी संख्या नाममात्र की है। भारत की संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व आज भी केवल चौदह फीसद के आसपास है, जो वैश्विक औसत छब्बीस फीसद से काफी कम है।

यह तब है, जब भारत उन देशों में शामिल है जहां महिलाओं ने स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर सामाजिक सुधारों तक हर मोर्चे पर अग्रणी भूमिका निभाई है। झांसी की रानी, अरुणा आसफ अली, कस्तूरबा गांधी, सावित्रीबाई फुले, या आज की इरोम शर्मिला। इन सभी ने यह साबित किया कि महिला जब नेतृत्व करती है, तो संघर्ष भी करुणा में बदल सकता है। मगर आज भी निर्णय लेने वाले मंचों पर उनकी उपस्थिति अपवाद है, नियम या परंपरा नहीं। दुनिया भर में शांति निर्माण की प्रक्रियाएं यह दर्शाती हैं कि जब महिलाएं किसी संघर्ष के समाधान में शामिल होती हैं, तो वे मुद्दों को केवल राजनीतिक दृष्टिकोण से ही नहीं, सामाजिक पुनर्गठन के स्तर पर भी देखती हैं। वे परिवार और समाज के उस ताने-बाने को समझती हैं, जो युद्ध की विभीषिका में टूट कर बिखर जाता है। उदाहरण के लिए-लाइबेरिया की शांति प्रक्रिया में महिलाओं के नेतृत्व ने वर्षों से चले आ रहे गृहयुद्ध का अंत किया। लेयमा गबोवी और उनकी साथियों ने शांति के लिए ऐसा आंदोलन चलाया,



जिसने पूरी दुनिया को दिखाया कि बिना हथियारों के भी युद्ध समाप्त हो सकता है।

बोस्निया, कोलंबिया और फिलीपींस में भी महिला मध्यस्थों ने शांति समझौतों को स्थायित्व दिया। इसके बावजूद वैश्विक स्तर पर वर्ष 2023 तक किसी भी बड़ी अंतरराष्ट्रीय वार्ता में महिलाओं की भागीदारी पंद्रह फीसद से आगे नहीं बढ़ पाई। यह स्थिति केवल लैंगिक असमानता नहीं, बल्कि सामूहिक विवेक की विफलता है। संयुक्त राष्ट्र महिला एजंसी के ताजा आंकड़े बताते हैं कि आज दुनिया में हर दस में से एक महिला किसी न किसी प्रकार की हिंसा से प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित है। युद्धग्रस्त क्षेत्रों में यह अनुपात और भयावह है। सीरिया, सूडान, यूक्रेन, गाजा, कांगो जैसे क्षेत्रों में महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा को हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है।

हर संघर्ष के बाद जब इतिहास 'शांति' के नाम पर समझौते लिखता है, तब वह उन लाखों महिलाओं की पीड़ा को दरकिनार कर देता है, जिनके शरीर और मन पर युद्ध के घाव दर्ज होते हैं। और जब पुनर्निर्माण का दौर आता है, तो वही महिलाएं घरों, बच्चों, समाज और भविष्य को फिर से जोड़ने का काम करती हैं। यह विडंबना नहीं तो और क्या है कि जिनके कंधों पर पुनर्निर्माण का भार है, उन्हें निर्णय के मंच पर स्थान ही नहीं मिल पाता। भारत की सामाजिक वास्तविकता भी किसी संघर्ष क्षेत्र से कम नहीं। यहां हिंसा के स्वरूप बदल गए हैं। कभी घरेलू हिंसा, कभी झूठी शान के लिए हिंसा, कभी कार्यस्थलों पर शोषण तो कभी राजनीतिक बहिष्कार। समाज के भीतर जो असमानता पलती है, वह धीरे-धीरे उस बड़े संघर्ष में बदल जाती है, जो किसी सीमा या धर्म से बंधा नहीं होता। ऐसे में महिलाओं की भागीदारी सिर्फ अधिकार नहीं, बल्कि सामाजिक स्थायित्व की शर्त बन जाती है।

जब कोई महिला पंचायत में निर्णय लेती है, तो वह किसी सामाजिक आंदोलन का नेतृत्व करती है। जब वह न्याय की मांग के लिए सड़कों पर उतरती है, तो केवल अपने अधिकारों की बात नहीं करती, बल्कि वह समाज की दिशा तय करती है। शांति का अर्थ केवल युद्धविराम नहीं है, बल्कि यह भय से मुक्ति, न्याय की उपस्थिति और समानता का अनुभव है। लेकिन शांति की इस परिभाषा को गढ़ने का अवसर अब भी पुरुष-प्रधान व्यवस्था ने अपने पास रखा है। जब तक शांति को 'सुरक्षा नीति' और 'सैन्य रणनीति' के दायरे में सीमित रखा जाएगा, तब तक यह अधूरी ही रहेगी। क्योंकि वास्तविक शांति केवल हथियार डाल देने से नहीं आती, वह तब आती है जब समाज की चेतना हिंसा के विचार को अस्वीकार कर देती है। और यह चेतना महिलाओं के भीतर जन्मजात होती है। वे जानती हैं कि युद्ध की कीमत सिर्फ सैनिकों की जान नहीं, बल्कि पीढ़ियों का भविष्य चुकाता है। भारत को भी इस सच्चाई से मुंह नहीं मोड़ना चाहिए।

आज जब हम 'नारी शक्ति वंदन' की बातें करते हैं, तो हमें यह भी देखना होगा कि क्या हमारे नीति-निर्माण, कूटनीति और सुरक्षा मंचों पर महिलाओं की आवाज सचमुच सुनी जा रही है। क्या शांति, विकास और न्याय के विमर्शों में महिलाओं की राय को शामिल किया जा रहा है? यह प्रश्न केवल लैंगिक समानता से जुड़ा नही है, बल्कि मानवीय स्थायित्व का है। शांति की सबसे गहरी परिभाषा वही महिला लिखती है, जो सब कुछ खोकर भी जीवन से उम्मीद नहीं छोड़ती है। जब वह राख के बीच से आशा की नई किरण खोजती है, तो वही मानवता का पुनर्जन्म होता है। इसलिए, दुनिया अगर सचमुच शांति चाहती है, तो उसे महिलाओं को दर्शक नहीं, सहभागी बनाना होगा। क्योंकि अंततः शांति किसी संधि पर लिखे गए शब्दों से नहीं आती, वह एक महिला के हृदय से निकलती है, जो बारूद की गंध के बीच भी जीवन की खुशबू तलाश लेती है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपकी आर्थिक स्थिति सबल रहेगी। विदेश से नौकरी के अवसर मिलने के योग बन रहे हैं। आपके साहस और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र में आपको बड़ा पद दिया जा सकता है। नये प्रोजेक्ट्स को लेकर आप अत्यधिक सक्रिय रहने वाले हैं। वैवाहिक जीवन में संवादहीनता न होने दें।

**मिथुन**
धैर्यवान होकर सभी काम करें। लेन-देन में त्रुटि होने के कारण आर्थिक नुकसान हो सकता है। भाग्य का साथ न मिलने से आपके काम प्रभावित हो सकते हैं।

**कर्क**
व्यवसाय में बड़े अनुबन्ध हो सकते हैं। धन कमाने के नये स्रोत निर्मित हो सकते हैं। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिल सकता है।

**सिंह**
पारिवारिक कार्यों को लेकर भागदौड़ करनी पड़ सकती है। घर के बुजुर्ग आपसे अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। प्रेमी जन के साथ पर्यटन की योजना बना सकते हैं।

**कन्या**
आज दिन काफी अच्छा रहेगा। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के ऊपर से काम का दबाव कम होगा। व्यापार के नये विचार आपके मन में पूरे दिन आते रहेंगे।

**तुला**
आपका मन अत्यन्त प्रसन्न रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में अपनी छवि को लेकर चिन्तित रहेंगे। प्रेम सम्बन्धों के बीच नकारात्मक बातें आ सकती हैं।

**वृश्चिक**
नये काम की शुरुआत करने के लिये दिन अत्यन्त शुभ है। कारोबार को लेकर यात्रा कर सकते हैं। आपकी कोई इच्छा पूरी हो सकती है।

**धनु**
आपके कार्यों से परिजन नाराज हो सकते हैं। किन्तु आपको उनसे झगड़ने के बजाय उन्हें अपनी बातें मनानी चाहिये। आप लोगों की सहायता करने के लिये उधार दे सकते हैं।

**मकर**
जीवनसाथी आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेगा। किसी मांगलिक समारोह में सम्मिलित होने की सम्भावना है। छात्रों का पढ़ाई में प्रदर्शन बहुत शानदार रहेगा। वैचारिक तनाव होने की सम्भावना है।

**कुंभ**
आज आपको कार्यक्षेत्र में अनुशासनहीन व्यवहार से बचना चाहिये। व्यापार को लेकर बड़ी योजना बनाने से बचें। इष्ट मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन**
अपनी प्रतिष्ठा के कारण आप अत्यन्त लोकप्रिय रहेंगे। बच्चों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। किसी मित्र के साथ गम्भीर विषय पर चर्चा कर सकते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### जयप्रकाश विश्वविद्यालय में मनाई गई लौहपुरुष सरदार पटेल की जयंती

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती बुधवार को जयप्रकाश विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सीनेट हॉल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में वक्ताओं ने सरदार पटेल के योगदान और राष्ट्र निर्माण में उनकी



भूमिका पर विस्तृत चर्चा की तथा देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में दोपहर 1 बजे कुलसचिव प्रो. नारायण दास, कुलानुशासक प्रो. विश्वामित्र पांडेय, परीक्षा नियंत्रक प्रो. अशोक मिश्रा, एनएसएस समन्वयक प्रो. हरिश्चंद्र सहित विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने राष्ट्रीय एकता और आंतरिक सुरक्षा को अक्षुण्ण रखने की शपथ ली।

### डीएचएस के डीपीएम से जबाव तलब

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष सह जिला पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने जिला कार्यक्रम प्रबंधक अमित अचल से मुख्यालय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के मामले में स्पष्टीकरण की मांग की है। इस संबंध में पत्र जारी कर कहा गया हैं कि 30 अक्टूबर 2025 को आवश्यक कार्यवश उनकी खोजबीन की गई, लेकिन, वे मुख्यालय पर उपस्थित नहीं पाए गए। पत्र में कहा गया हैं कि किसी भी परिस्थिति में मुख्यालय छोड़ने से पूर्व संबंधित अधिकारी को विधिवत अनुमति लेना अनिवार्य है, बावजूद इसके अमित अचल बिना अनुमति मुख्यालय से अनुपस्थित पाए गए। इसे दायित्व के प्रति घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता और स्वेच्छाचारिता का परिचायक मानते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया हैं कि जिला कार्यक्रम प्रबंधक 48 घंटे के अंदर अनधिकृत अनुपस्थिति पर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें, अन्यथा उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। साथ ही उनका मानदेय भुगतान अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।

### बेमौसम बरसात बनी किसानों के लिए आफत की बारिश, किसान परेशान

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** क्षेत्र में पिछले चार दिनों से रुक रुक कर हो रही लगातार बारिश से एक तरफ जहां आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लगातार बारिश से लोगो की रोजमरा की जिंदगी को प्रभावित कर दिया है, वही दूसरी तरफ किसानों के लिए आफत बनी हुई है। किसानों का कहना है कि जब बारिश की आवश्यकता थी तो बारिश नही हुई। खेत मे लगे फसलो में समय से पानी नही मिलने से अधिकतर फसल खेत मे ही सुख गए। और जो बचा है। उसे काट कर घर लाने के समय यह बारिस के चलते वह भी खेत मे ही नुकसान हो रहा है। कई खेत मे धान का फसल काटकर पानी मे पड़ा हुआ है। वही इस बारिश से गन्ना के फसल भी खेतो में ही गिर गए है। खेत मे गिरने से उसके कटाई व ढुलाई में भी परेशानी होगी और पैदावार में भी कमी आएगी। किसानों ने यह बताया कि यह मौसम की मार से किसान भुखमरी के कगार पर है। किसान बताते है कि खरीफ की फसल पानी के अभाव में सुख गया। रबी, तेलहन और दलहन के समय यह बे मौसम बारिश खेती करने के लिए आफत बनी हुई हैं। उनका कहना है कि खेत की नमी कम होती तो धान की कटनी शुरू होती, कुछ जगहों पर हुई भी है तो बारिश में खराब हो रहा है। वही तिलहन व दलहन के फसल खेतो में लगाने में भी देरी हो रही।

### पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधान सभा चुनाव की तैयारी को लेकर पुलिस प्रशासन के अधिकारी अलर्ट मोड में आ गए है। चुनाव को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए एसडीपीओ रागनी कुमारी के निर्देश पर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में नगर समेत ग्रामीण क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। नगर के मुडिला, नरैनापुर रोड, मेघवल मठिया ,गोला बाजार हरिनगर समेत अन्य स्थानों पर फ्लैग मार्च निकाला गया। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया है कि विधानसभा चुनाव पारदर्शी व स्वच्छ चुनाव कराए जाएंगे। इस फ्लैग मार्च में शामिल एसएसबी इंस्पेक्टर सुशील कुमार यादव, एसआई नेहा कुमारी समेत बड़ी संख्या में एसएसबी के जवान शामिल रहे।

### चुनाव प्रचार में लगे मुखिया से मारपीट, सोने का चैन छीना, प्राथमिकी दर्ज

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ढाका विधान सभा जनसूरज के प्रत्याशी डॉ एलबी प्रसाद के साथ जनसंपर्क अभियान में शामिल मलकौनिया मुखिया से मारपीट का मामला सामने आया है.घटना बीती रात लगभग आठ बजे झरौखर थाना क्षेत्र के आठमुहान के पास की बताई जाती है. घटना को लेकर ढाका थाना क्षेत्र के परसा निवासी तथा संबंधित पंचायत के मुखिया बाबूलाल प्रसाद आर्य ने घटना से संबंधित एक आवेदन झरौखर थाना को देते प्राथमिकी दर्ज कराया है.दर्ज प्राथमिकी में उन्होंने बताया कि ढाका विधान सभा प्रत्याशी डॉ एलबी प्रसाद के साथ रात्रि के आठ बजे प्रखंड क्षेत्र के विशुनपुर पंचायत के कोन्हवा टोला आठमुहान में जनसंपर्क अभियान में शामिल थे,इसी बीच लौटने के क्रम नशे में धुत एक युवक ने वाहन पर लात और मुक्का से मारते भद्दी भद्दी गाली देने लगा तभी वाहन से सिद्धार्थ जायसवाल और मै उतर कर उसे समझाने का प्रयास किया लेकिन उसने मुझे पीछे से पकड़ कर मारपीट करने लगा इसी क्रम में मेरा चश्माऔर मोबाइल गिर गया तथा मेरे गले में डेढ़ लाख का सोने का चैन झपट कर फरार हो गया.ग्रामीणों से पूछने पर बताया गया कि आठमुहान गांव निवासी श्रीकांत यादव का पुत्र विपिन यादव है.थानाध्यक्ष असलम अंसारी ने बताया कि मामले में विपिन यादव के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है तथा उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### रेड क्रॉस सोसाइटी एवं बिहार ग्रामीण बैंक के सौजन्य से मेगा रक्तदान का किया गया आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटीज ,पूर्वी चंपारण और बिहार ग्रामीण बैंक के सौजन्य एवं तत्वावधान में एक मेगा रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर का उद्घाटन श्री शैलेन्द्र कुमार भारती,अध्यक्ष, रेड क्रॉस सोसाइटीज एवं श्री मनीष कुमार ,ब्रांच मैनेजर द्वारा संयुक्त रुप से किया गया।रक्त दान महादान है इसकी महत्ता पर प्रकाश डालते हुए यह बताया गया कि प्रत्येक स्वस्थ्य वयस्क मानव को तीन महीने में एक बार रक्तदान करना चाहिए। इससे शरीर में नयी स्फूर्ति आती है और कैंसर




जैसी बिमारी से भी बचाव होता है।इसलिए मोतिहारी के आमजनों से अनुरोध किया कि बढचढ कर रक्त दान करें ताकि आपात स्थिति में घायलों एवं मरीजों को रक्त आसानी से उपलब्ध हो सके।इस शिविर में कुल 36बैंक कर्मियों ने रक्तदान किया मनीष कुमार, नलीनी कान्त, अभिषेक रंजन, दीपक कुमार, नूरेन निसार,परंशात,स्वणं सत्यम, प्रिया कुमारी,विकरान्त ठाकुर, रितेश कुमार वर्मा, राहुल कुमार, अवनीत कुमार, कुंदन कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सुरभि प्रिया आदि।सभी प्रतिभागी ने इस रेड क्रॉस सोसाइटीज के कार्यो की सराहना की।

### एक पिस्तौल व दो गोली बरामद

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शाहपुर पुलिस ने गुप्त सूचना पर गंगहरा में छापेमारी कर एक देसी पिस्तौल व दो गोली बरामद किया गया है. छोटे सरकार पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया. सिटीएसपी पश्चिमी भानू प्रताप सिंह ने पत्रकारों को बताया कि शाहपुर पुलिस ने गुप्त सूचना मिला कि गंगहरा निवासी छोटे सरकार अपने घर पर किसी घटना को अंजाम देने के लिए हथियार छुपा कर रखे हुए है. सूचना पर पुलिस ने सन्नी उर्फ छोटे सरकार के घर छापेमारी कर एक देसी पिस्तौल व दो गोली बरामद किया गया है. जबकि छोटे सरकार फरार हो गया है. फरार सन्नी उर्फ छोटे सरकार के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया जा रहा है. सन्नी उर्फ छोटे सरकार पर शाहपुर थाना में तीन मामला दर्ज है.

# बच्चों ने अनोखे अंदाज में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

## पोस्टर और नारे लिखकर दिया संदेश- पहले मतदान, फिर जलपान

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्राथमिक विद्यालय प्रखंड कॉलोनी के छात्र-छात्राओं ने गुरुवार को एक रचनात्मक मतदाता जागरूकता अभियान चलाया. बच्चों ने पोस्टर, पेंटिंग और नारों के माध्यम से अभिभावकों व आम लोगों से अपील की कि मतदान करना हर नागरिक का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक कर्तव्य है. बच्चों के हाथों में लिखे प्रेरक स्लोगन थे- जिनमे मेरा वोट, मेरा अधिकार. पहले मतदान, फिर जलपान. छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान. हर वोट कीमती है, वोट देना सबसे जरूरी है. जागरूक मतदाता, मजबूत लोकतंत्र. वोट करो वफादारी से, चयन करो समझदारी से. जो सच्चा और ईमानदार, वही है







वोट का हकदार. बच्चों ने रंग-बिरंगी पेंटिंग बनाकर लोकतंत्र की शक्ति और वोट के महत्व को दशार्या. इस अभियान को विद्यालय की शिक्षिका नीतू शाही ने प्रेरित किया. उन्होंने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, भविष्य गढ़ने की जिम्मेदारी भी है. उन्होंने बच्चों से कहा कि वे अपने घर-परिवार तथा मोहल्ले के लोगों से भी मतदान के लिए आग्रह करें. नीतू शाही ने कहा- बच्चे देश का भविष्य हैं. यदि वे आज से लोकतंत्र की बुनियाद को समझेंगे, तो कल एक जागरूक समाज का निर्माण होगा. बच्चों ने भी एक आवाज में कहा- मेरा वोट, मेरा भविष्य. अभियान के अंत में सभी छात्रों ने शपथ ली कि वे खुद बड़े होकर वोट करेंगे और अपने आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे.

## दानापुर बीआरसी का 80वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार रेजिमेंट केंद्र का 80वां स्थापना दिवस शनिवार को धूमधाम से मनाया गया. देश की खातिर अपने प्राण न्योछावर कर देने वाले शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने के साथ-साथ, विशेष सैनिक सम्मलेन का आयोजन किया गया. रेजिमेंट के कार्यवाहक समादेष्टा कर्नल तेजिंदर पाल सिंह हुंदल (वीएसएम) रेजिमेंट के वीर स्मृति स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर वीर जवानों को याद किया और सभी रैंकों को स्थापना दिवस की बधाई दी.बिहार रेजिमेंट केंद्र की स्थापना 1 नवंबर 1945 को लेफ्टिनेंट कर्नल आरसी मुलर द्वारा आगरा में की गई थी. स्थापना के बाद रेजिमेंट को थोड़े समय के लिए गया और बाद में 1949 में दानापुर में स्थानांतरित कर दिया गया. भारतीय सेना के इतिहास में, 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान बिहार रेजिमेंट के यो द्धाओं की वीरता और साहस स्वर्ण अक्षरों में अंकित है. 1971 में वीर बिहारी जवानों ने बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. कारगिल और हाल ही में गलवान ऑपरेशन में रेजिमेंट के सैनिकों ने अदम्य साहस और बहादुरी का प्रदर्शन किया और विपरीत परिस्थितियों में पाक और चीनी सेना के खिलाफ अपनी ताकत और क्षमता साबित की. रेजिमेंट को अपनी अनुकरणीय सेवा के लिए 3 अशोक चक्र, 3 महावीर चक्र 13 कीर्ति चक्र, 16 वीर चक्र, 47 शौर्य चक्र, 6 परम विशिष्ट सेवा पदक, 12 अति विशिष्ट सेवा पदक, 40 विशिष्ट सेवा पदक, 7 युद्ध सेवा पदक, 196 सेना मेडल, 3 जीवन रक्षक पदक और 40 मॅशन इन डिस्पैच समेत कई सम्मानों से नवाजा जा चुका है.

## एम्स पटना में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025, वॉकथॉन के साथ दिया गया 'सतर्कता-हमारी साझा जिम्मेदारी' का संदेश






**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एम्स पटना में 27 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम केंद्रीय सतर्कता आयोग की पहल के तहत पारदर्शिता, ईमानदारी और जवाबदेही को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया गया. इस वर्ष थीम रही- सतर्कता : हमारी साझा ज़िम्मेदारी. कार्यक्रम का संचालन मुख्य सतर्कता अधिकारी डॉ. उत्पल आनंद के मार्गदर्शन में हुआ. सप्ताह के दौरान प्रशासनिक ब्लॉक से ओपीडी तक वॉकाथॉन आयोजित किया गया, जिसमें कार्यकारी निदेशक प्रो. (ब्रिगे.) डॉ. राजू अग्रवाल, उप निदेशक नीलोत्पल बल, अधिष्ठाता डॉ. पुनम प्रसाद भदानी सहित संकाय, रेजिडेंट, नर्सिंग स्टाफ और कर्मचारी शामिल हुए. कार्यकारी निदेशक ने कहा कि सतर्कता केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि सार्वजनिक सेवा की नैतिक जिम्मेदारी है. मुख्य सतर्कता अधिकारी डॉ. आनंद ने कहा कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई आत्म-अनुशासन से शुरू होती है. सप्ताह की शुरूआत सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा से हुई, जिसमें अधिकारी और कर्मचारियों ने ईमानदारी बनाए रखने की शपथ ली. इसके अलावा सतर्कता विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें कर्मचारियों और रेजिडेंट्स ने भाग लिया. सप्ताह का समापन इस संदेश के साथ हुआ कि भ्रष्टाचार-मुक्त समाज के लिए जागरूकता और सामूहिक जिम्मेदारी अनिवार्य है.

## नौबतपुर के अजवान गांव में जागरूकता कार्यक्रम के साथ किया ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस मंथ का समापन



**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस मंथ के अंतिम दिन 31 अक्टूबर 2025 को एम्स पटना के कम्युनिटी एंड फैमिली मेडिसिन विभाग ने नौबतपुर प्रखंड के अजवान गांव में ग्रामीण महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया. कार्यक्रम का उद्देश्य ब्रेस्ट कैंसर की शुरूआती पहचान, रोकथाम और समय पर जांच के महत्व को समझाना था.यह पहल समुदाय आधारित स्वास्थ्य जागरूकता, निवारक कैंसर रोकथाम और महिला सशक्तिकरण के प्रति एम्स पटना की प्रतिबद्धता को दशार्ती है. इस जागरूकता कार्यक्रम के दौरान फैकल्टी और रेजिडेंट डॉक्टरों ने महिलाओं को शुरूआती लक्षण, जोखिम कारक और स्क्रीनिंग की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी. स्वयं जांच (सेल्फ - ब्रैस्ट एग्जामिनेशन) का लाइव डेमो भी किया गया, ताकि महिलाएं खुद अपनी सेहत की प्राथमिक निगरानी कर सकें. इंटर्न और पीजी रेजिडेंट्स ने नुक्कड़ नाटक के जरिये ब्रेस्ट कैंसर से जुड़े भ्रम और मिथकों को दूर करते हुए जागरूकता का संदेश दिया. कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.

## तीन दिनों में मोथा चक्रवात का असर रहा

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार तीसरे दिन भी मोथा चक्रवात का असर रहा। तीसरे दिन शनिवार को भी रुक रुक कर बारिश होती रही। जिससे आम जन जीवन प्रभावित हुआ। तो दूसरी ओर मोंथा चक्रवात का असर किसानों के खेतों पर पड़ा। किसानों की 40 फीसदी से अधिक धान की फसल इस चक्रवात से प्रभावित हुई है। किसानों की तैयार धान की फसल खेतों में पूरी तरह से पट गई है। साथ ही खेतों में जल जमाव से धान के फसल के सड़ने की भी असर बढ़ गए हैं। ऐसे में इस चक्रवात में किसानों की कमर तोड़ दी है। किसानों का कहना है कि चक्रवात से धान व सब्जी के फसलों के साथ-साथ रवि फसल की बुवाई पर भी इसका असर पड़ेगा।

## दुलारचंद हत्याकांड : लापरवाही में दो थानाध्यक्ष नपे

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भदौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बसावनचक के पास गुरुवार को हुए दुलारचंद यादव की हत्या के मामले में पुलिस ने कई जगहों पर छापेमारी की है। वहीं एसआईटी का भी गठन किया जा रहा है। उधर दूसरी तरफ मृतक के पोस्टमार्टम रिपोर्ट से कई सबूत भी सामने आए हैं ।गिरफ्तारी को लेकर भदौर थानाध्यक्ष ने कोई भी जानकारी देने से इनकार कर दिया है । दुलारचंद यादव की मोकामा के जन सुराज पार्टी प्रत्याशी पीयूष प्रियदर्शी के जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता दल यूनाइटेड के प्रत्याशी अनंत सिंह और उनके समर्थकों पर कथित हत्या का केस दर्ज किया गया था। वही भदौर में दो और पंडारक में एक केस दर्ज किया गया था। दुलारचंद यादव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है कि मृतक की छाती के दोनों तरफ के पसली एवं बीच की हडडी टूटी हुई थी ।कई जगहों पर छिलने के निशान थे। बाया हाथ कंधे से नीचे एक जगह तथा दाहिना पैर तीन हिस्सों में टूट गया था। गोली पैर की एड़ी की हड्डी को छेद कर आर पार हो गई थी। मेडिकल बोर्ड ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट को प्रक्रिया पूरी होने के तुरंत बाद ही पुलिस को सौंप दिया। आशंका है कि संघातिक चोट की वजह से दुलारचंद की मौत हुई है ।हालांकि गोली मौत के पहले लगी या बाद में इसको लेकर भी पुलिस जांच कर रही है।

**पुलिस अभिरक्षा में प्रत्याशी को प्रचार करने का आदेश**

मोकामा विधानसभा में मुख्य प्रत्याशियों को सुरक्षित तरीके से चुनाव प्रचार करने को लेकर जिला प्रशासन ने दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिसकर्मी और वीडियो ग्राफर तैनात किया है। पुलिस का कहना है कि प्रत्याशियों के मूवमेंट और संभावित खतरे को देखते हुए यह आदेश निर्गत किया गया है ।

**सबूत के आधार पर गिरफ्तारी का आदेश**

**पंडारक में हुए उपद्रव को लेकर 25 गिरफ्तार, एसआइटी के गठन की तैयारी**

दुलारचंद हत्याकांड एवं अन्य मामलों में सबूत के आधार पर गिरफ्तारी करने की बात कही है ।पुलिस के अनुसार तकनीकी अनुसंधान के जरिए अभियुक्तों को चिन्हित करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है ।कई अभियुक्त को पकड़ा भी गया है। लगातार छापेमारी चल रही है।

**दो थानाध्यक्ष निलंबित**

दुलारचंद हत्याकांड को लेकर घोसवरी थानाध्यक्ष मधुसूदन कुमार और भदौर थानाध्यक्ष रवि रंजन चौहान को लापरवाही के लिए निलंबित कर दिया गया। शत्रुघ्न कुमार को भदौर का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। नये थानाध्यक्ष ने अपना कार्यभार संभाल लिया है।

**सीआईडी टीम कर रही जांच**

दुलारचंद हत्याकांड के पूरे मामले को लेकर सीआईडी टीम भी जांच कर रही है। टीम ने जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है ।घटनास्थल एवं अन्य सबूत को इकट्ठा किया जा रहा है । आरोप के अनुसार रेलवे ट्रैक वाले पत्थर घटनास्थल पर कैसे मिले ,इसे भी जांच के दायरे में रखा गया है।

**अलग-अलग चुनाव कराने की मांग**

लोहिया जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव राजू प्रसाद चंद्रवंशी ने बाढ़ और मोकामा विधानसभा क्षेत्र का चुनाव अलग-अलग तिथि को कराने की मांग की है। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन आयोग को पूर्व में ही इस आसय का प्रतिवेदन दिया गया था ।चंद्रवंशी ने बताया कि दोनों विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक मतभेद बढ़ रहा है। इससे शांति भंग होने की संभावना है।

## सभी थानों में लाइसेंसी हथियार जमा करने की प्रक्रिया जारी

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो इसको लेकर प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। चुनाव आयोग का निर्देश है की लाइसेंसधारी नागरिकों को अपने आर्म्स (हथियार) संबंधित थानों में 24 घंटे के अंदर जमा करें। एसपी सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में बगहा पुलिस जिला के सभी थानों में लाइसेंसी हथियार जमा करने की प्रक्रिया जारी हैं। नगर थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि नगर थाना क्षेत्र में कुल 180 आर्म्स हैं, जिनके धारकों को तत्काल अपने-अपने हथियार थाना में जमा कराने का निर्देश दिया गया है। हथियार जमा करने वाले लाइसेंसधारियों को रसीद (रिसीविंग) भी दी जा रही है। अंचल निरीक्षक संजय कुमार पाठक ने चौतरवा थाना में इस अभियान की समीक्षा की। थाना अध्यक्ष राहुल कुमार द्वारा थाना क्षेत्र में आर्म्स जमा करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## सुगौली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में बनाये गये डिस्पैच में चल रहे इवीएम कमीशनिंग का लिया गया जायजा

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 11 - सुगौली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक हनीश छाबड़ा के द्वारा सुगौली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए बनाए गए डिस्पैच सेंटर नन्द +2 हाई स्कूल सुगौली में चल रहे ईवीएम कमीशनिंग का जायजा लिया गया। उनके द्वारा कमीशनिंग कर रहे कर्मियों से कमीशनिंग की प्रक्रिया से संबंधित सवाल पूछे गए तथा उपस्थित सभी को इस प्रक्रिया को ध्यानपूर्वक एवं समुचित तरीके से करने का निदेश दिया गया। कमीशनिंग के दौरान 11- सुगौली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर सह एसडीएम सुश्री श्वेता भारती ,सहायक निवार्ची पदाधिकारी सुगौली के साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। यहां से निकलने के बाद प्रेक्षक महोदय के द्वारा सीएस डीएवी पब्लिक स्कूल बनकट



में दिए जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण कर जायजा लिया गया। यहां पर प्रशिक्षण प्राप्त करें सभी मतदान कर्मियों को बोला गया कि सभी लोग मास्टर ट्रेनर्स का मोबाइल नंबर जरूर रखेंगे एवं मतदान के दिन किसी भी तरह की परेशानी हो तो उनसे तुरंत संपर्क स्थापित कर लेंगे।प्रेक्षक के द्वारा सीएस डीएवी पब्लिक स्कूल बनकट में मतदान कर्मियों से कराए जा रहे पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान प्रक्रिया को भी देखा गया एवं वहां उपस्थित पदाधिकारियों से जरूरी जानकारी प्राप्त की गई।

## एम्स पटना मलयाली एसोसिएशन ने 69वां केरल स्थापना दिवस रक्तदान शिविर के साथ मनाया

**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एम्स पटना मलयाली एसोसिएशन ने एम्स पटना ब्लड बैंक के सहयोग से 69वां केरल स्थापना दिवस (केरल पिरवी) बड़े उत्साह और सामाजिक प्रतिबद्धता के साथ रक्तदान शिविर आयोजित कर मनाया. यह कार्यक्रम एम्स पटना ब्लड बैंक में आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक प्रो. (ब्रिगे.) डॉ. राजू अग्रवाल द्वारा किया गया. उन्होंने सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और केरल राज्य की उल्लेखनीय उपलब्धियों — जैसे कि देश में सर्वोच्च साक्षरता दर, उत्कृष्ट स्वास्थ्य सूचकांक और गरीबी उन्मूलन में महत्वपूर्ण प्रगति — की सराहना की. डॉ. पुनम भदानी, अधिष्ठाता





(शैक्षणिक), ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि केरल ने शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास के क्षेत्र में जो समग्र प्रगति की है, वह पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत है. डॉ. अमित राज, चिकित्सा अधीक्षक, ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के इस नेक प्रयास की सराहना की और कहा कि रक्तदान जीवन बचाने और सामुदायिक स्वास्थ्य को सशक्त बनाने का एक अत्यंत मानवीय कार्य है. श्री नीलोत्पल बल, उप निदेशक (प्रशासन), ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि केरल दिवस के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम एकता और सेवा का प्रतीक है. डॉ. बंकिम दास, ब्लड बैंक विभागाध्यक्ष, ने आयोजन को पूर्ण समर्थन प्रदान किया और रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए आयोजकों को बधाई दी. मुख्य नर्सिंग अधिकारी डॉ. रथीश नायर ने रक्त दो, जीवन बचाओ के मानवीय संदेश की सराहना की और कहा कि यह पहल करुणा और सेवा की भावना को प्रोत्साहित करती है. डॉ. उमेश भदानी, संज्ञाहरण विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ संकाय सदस्य, ने संरक्षण और दान के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि आपातकालीन स्थितियों में यह रक्त अत्यंत आवश्यक भूमिका निभाता है. कार्यक्रम का समन्वय श्री सुजीश एन. एस., अध्यक्ष, एम्स पटना मलयाली एसोसिएशन द्वारा किया गया, जबकि श्री सीनोज थॉमस, महासचिव, ने संपूर्ण व्यवस्थाओं का सफलतापूर्वक संचालन किया. एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति ने भी आयोजन में पूर्ण सहयोग दिया. ब्लड बैंक की विभिन्न इकाइयों, एम्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग, नर्सिंग अधीक्षक, उप नर्सिंग अधीक्षक, सहायक नर्सिंग अधीक्षक, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी, नर्सिंग अधिकारी तथा एम्स के कई अन्य कर्मचारियों ने रक्तदान किया. इसके अलावा, कई बाहरी दाताओं ने भी प्रेरित होकर रक्तदान में भाग लिया. इस अवसर पर 50 से अधिक यूनिट रक्त एकत्र किया गया. कार्यक्रम का समापन केरल पिरवी की शुभकामनाओं और एकता, करुणा एवं मानव सेवा के सामूहिक संदेश के साथ हुआ.

## संक्षिप्त समाचार

### शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से चुनाव सम्पन्न कराने हेतु सीमा क्षेत्र में समीक्षा बैठक

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 को शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने हेतु जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक, पूर्वी चम्पारण द्वारा पुलिस प्रेक्षक तथा एसएसबी के एडीजीपी के साथ सीमा क्षेत्र में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में चुनाव से 3 दिन पहले भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा को पूर्णतः सील किये जाने के निर्देश दिये गये। सीमा सभी रास्तों एवं 64 चेकपोस्ट पर कड़ी निगरानी हेतु आवश्यक बल की तैनाती सुनिश्चित की गई है। सीमा के माध्यम से अवैध आवागमन, शराब, नकदी एवं आपत्तिजनक सामग्री के संभावित प्रवाह पर शून्य सहनशीलता की नीति अपनायी जा रही है।साथ ही, जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के सभी महत्वपूर्ण मार्गों का स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है तथा आदर्श आचार संहिता के सख्त अनुपालन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। किसी भी प्रकार के उल्लंघन की सूचना प्राप्त होते ही तत्काल कार्रवाई की जा रही है। दोषियों के विरुद्ध कठोर एवं त्वरित प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया है।जिला प्रशासन आमजन से अपील करता है कि निर्वाचन प्रक्रिया में सहयोग करें एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को उपलब्ध कराएं।



### निर्वाचन पर्यवेक्षक ने केसरिया एवं पिपरा विधानसभा क्षेत्रों का किया भ्रमण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के क्रम में निर्वाचन पर्यवेक्षक ने आज केसरिया एवं पिपरा विधानसभा क्षेत्रों का भ्रमण किया। उनके साथ संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, डीएसपी तथा थाना प्रभारी उपस्थित थे। पर्यवेक्षक ने दोनों क्षेत्रों के चिन्हित हॉट स्पॉट्स एवं संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, मतदान केंद्रों की उपलब्ध सुविधाओं तथा निर्वाचन संबंधी तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मतदान दिवस पर शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान सुनिश्चित किया जाए। पर्यवेक्षक ने यह भी कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी रखी जाए तथा मतदाताओं में विश्वास एवं निष्पक्षता का वातावरण बनाए रखा जाए।

### डीएम, एसपी द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के मद्देनजर जिले में आदर्श आचार संहिता के कड़े अनुपालन हेतु जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा लगातार सभी महत्वपूर्ण मार्गों एवं संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार के आचार संहिता उल्लंघन पर तत्काल संज्ञान लिया जा रहा है। ऐसे मामलों को रिकॉर्ड किया जा रहा है तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जाएगी। जिला स्तर पर पुलिस कंट्रोल रूम को सुदृढ़ किया गया है, जहाँ चुनाव संबंधी शिकायतों, संदेहास्पद गतिविधियों एवं आचार संहिता उल्लंघन की सूचनाएँ 247 प्राप्त की जा सकती हैं। प्राप्त सूचना पर त्वरित एक्शन सुनिश्चित किया जाएगा। जिला प्रशासन आम नागरिकों से अपील करता है कि शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए सहयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस कंट्रोल रूम या प्रशासन को उपलब्ध कराएं।



### बार्डर पर अरेस्ट विदेशी नागरिक के खिलाफ केस दर्ज

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत नेपाल सीमा के बभनौली बार्डर पर अरेस्ट कोलंबीया के नागरिक आस्कर अगस्टो के खिलाफ मैनाटांड पुलिस ने केस दर्ज कर ली है। थानाध्यक्ष शंभूशरण गूप्ता ने बताया कि बभनौली बीओपी में तैनात एसआईजीडी राजकुमार के आवेदन पर केस दर्ज कर आस्कर अगस्टो को जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आस्कर अगस्टो के पास से पासपोर्ट चौदह सौ डालर दो मोबाइल भी बरामद किया गया है। विदित हो कि बिते तीन दिन पुर्व बभनौली एसएसबी ने जांच के दौरान कोलंबीया के नागरिक आस्कर अगस्टो एंव बासठा के मिस्टर मिया को गिरफ्तार किया था। वहीं सहयोगी मिस्टर मियां को पीआर बांड पर रिहा किया गया।

### ड्यूटी के दौरान पुलिस अफसर का निधन

**दिघवारा (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अवतार नगर थाना में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक राणा प्रताप मंडल (53) का शुक्रवार को ड्यूटी के दौरान निधन हो गया। वे राष्ट्रीय राजमार्ग-19 स्थित हराजी मोड़ (कल्लु चौक) एसएसटी चेकपोस्ट पर तैनात थे। जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 3:45 बजे उन्होंने ड्यूटी पर मौजूद प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी को सिर में तेज दर्द की शिकायत की और शौचालय की ओर गए, जहां वे अचानक बेहोश होकर गिर पड़े। तत्काल सहयोगी पुलिस कर्मियों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रथम दृष्टया चिकित्सकों के अनुसार, उनकी मृत्यु ब्रेन हेमरेज से हुई है। मौके पर उनके नाक और कान से रक्तस्त्राव देखा गया। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है, जो सहरसा स्थित अपने पैतृक आवास से सारण के लिए रवाना हो चुके हैं। पुलिस लाइन, सारण में उन्हें सम्मानपूर्वक सलामी सहित अन्य औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। सारण पुलिस ने उनके दुखद एवं आकस्मिक निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की है। पुलिस प्रशासन ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# एनडीए का घोषणा पत्र जन कल्याणकारी घोषणा पत्र है : राधामोहन सिंह

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विधान सभा चुनाव में एनडीए द्वारा जारी संयुक्त घोषणा-पत्र एक जनकल्याणकारी घोषणा-पत्र है। यह घोषणा-पत्र बिहार के विकास की रफ्तार को अत्यधिक गति और नया आयाम देने वाला घोषणा-पत्र है।उक्त बातें सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं। श्री सिंह ने कहा कि बिहार की एनडीए सरकार आजादी के बाद से अभी तक कि सबसे संवेदनशील, प्रगतिशील और न्याय के साथ विकास करने वाली सरकार है। यह सरकार बिहार के विकास की रफ्तार को अत्यधिक गति और नया आयाम देने वाली ऐसी सरकार है जो बिहार को विकसित राज्य बनाने को संकल्पित है। उन्होंने कहा कि बिहार में एनडीए की नई सरकार में एक करोड़ से अधिक सरकारी नौकरी व रोजगार के साथ हर जिले में मेगा स्किल सेंटर की स्थापना, बिहार स्पोर्ट्स सिटी व प्रमंडलों में खेलों के लिए 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' की स्थापना और हर जिले में फैक्ट्री व 10 नए औद्योगिक पार्क का निर्माण होगा। 100 एमएसएमई पार्क एवं 50 हजार से अधिक कुटीर उद्यम लगाया जाएगा। डिफेंस कॉरिडोर, सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग पार्क की स्थापना किया जाएगा। महिला रोजगार योजना से महिलाओं को दो लाख तक की सहायता राशि और एक करोड़ महिलाएं बनेंगी लखपति दीदी साथ ही 'मिशन करोड़पति' के माध्यम से महिला उद्यमी करोड़पति बनेंगी। श्री सिंह ने कहा कि जिन्हें पीएम किसान सम्मान निधि 6,000 मिल रही है, उन्हें अब कर्पूरी ठाकुर किसान सम्मान निधि के तहत 3,000 अतिरिक्त दिए जाएंगे। इससे किसानों को कुल 9,000 प्रति वर्ष मिलेंगे। साथ ही सभी फसलों के लिए एमएसपी की गारंटी भी दी जाएगी।श्री सिंह ने महागठबंधन की घोषणाओं पर प्रहार करते हुए कहा कि तेजस्वी यादव हर घर नौकरी देने की बात कह रहे हैं। हर घर नौकरी के हिसाब से देखा जाए तो बिहार में लगभग ढाई करोड़ परिवार हैं, यानी तेजस्वी जी ढाई करोड़ नौकरी देंगे। वो भी 20 महीने में, जिसमें लगभग 600 दिन होते हैं। अगर देखा जाए तो हर दिन शनिवार- रविवार को भी मिलाकर 41,666 नई सरकारी नौकरियां देनी होंगी। अब ये कितना संभव है, ये बिहार की जनता खुद कैलकुलेट कर लेगी। उन्होंने कहा कि सपनों के राजकुमार या तो कुछ चाट के ये पूरा ढकोसला पत्र बनाए हैं या इन्होंने अपने साथी राहुल गांधी की तरह अपने अन्दर के लॉजिक को मार दिया है। इसमें केवल 'सपने' हैं, पर 'बजट' और 'लॉजिक' दोनों 'मिसिंग' हैं। श्री सिंह ने कहा कि इनके हर वादे के नीचे एक छोटा सा स्टार मार्क लगा है, जिसमें 'जंगलराज की शर्तें लागू' लिखी हुई हैं। ये 'प्रण पत्र' नहीं, ये ढकोसला पत्र है, ये बिहार की जनता के लिए 'प्राण-संकट' पत्र है। बिहार की जनता को राजद और महागठबंधन के 'प्रण' से डर लगता है। जब-जब इन्होंने 'प्रण' लिया है। तब-तब बिहार की जनता के 'प्राण' संकट में पड़ गए हैं।महागठबंधन का घोषणा पत्र और कुछ नहीं केवल खोखले दावे का पुलिंदा है।वहीं एनडीए में एक भी ऐसा संकल्प नहीं है, जो हमने पहले पूरा नहीं किया है और आगे पूरा नहीं करेंगे।श्री सिंह ने कहा कि हमारा बिहार रफ़्तार पकड़ चुका है, अब जंगलराज के ब्रेक की नहीं, एनडीए के एक्सेलेरेटर की जरुरत है। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा सरोज रंजन, जिलाध्यक्ष पवन राज, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, संजीव सिंह, साजिद राजा, मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद सहित अन्य लोग मौजूद थे।



## मांझी में गरजे मंत्री अशोक चौधरी, बोले- विकास चाहिए तो नीतीश को चुनें

**मंत्री अशोक चौधरी ने मांझी में जदयू प्रत्याशी रणधीर सिंह के समर्थन में चलाया व्यापक जनसंपर्क अभियान**

**मांझी (सारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री अशोक चौधरी ने शनिवार को मांझी में जदयू प्रत्याशी रणधीर सिंह के समर्थन में व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया और कई स्थानों पर नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने सन्यासी बाजार, गढ़ बाजार, नरपलिया, फतेहपुर सहित आसपास के गांवों में पहुंचकर जनता से एनडीए गठबंधन को समर्थन देने की अपील की। सभा को संबोधित करते हुए मंत्री अशोक चौधरी ने कहा कि बिहार में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में व्यापक बदलाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हुए हैं। उन्होंने दावा किया कि विकास को गति देने और जनता की मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए एनडीए सरकार का बने रहना आवश्यक है। महागठबंधन पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि यदि भूलवश महागठबंधन सत्ता में आया तो अस्पतालों में अव्यवस्था हो जाएगी और गरीबों के बच्चों को फिर से चरवाहा विद्यालय जैसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने जनता से जदयू प्रत्याशी रणधीर सिंह को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। इस दौरान एनडीए के नेता व कार्यकर्ता भी मौजूद थे।



## टेंपो पलटने से पांच वर्षीय बच्ची की हुई मौत, दो घायल

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव स्थित ईदगाह के समीप शनिवार को ढाका - मोतिहारी सड़क पर टेंपो पलटने से एक पांच वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। जबकि टेंपो सवार दो व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गये। मृतका की पहचान उक्त गांव निवासी राकेश पटेल की पुत्री अंतिमा कुमारी (5 वर्ष) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ढाका से मोतिहारी की तरफ जा रही टेंपो जब घटना स्थल पर पहुंची तो अचानक एक बच्ची दौड़कर सड़क पार करने लगी। जिसे बचाने के प्रयास में टेंपो पलट गया। टेंपो पलटने से चारों ओर चीख पुकार मच गया। वही सड़क पार कर रही बच्ची व उसमें सवार चारों यात्री नीचे दब गए। स्थानीय लोगों की मदद से गाड़ी को सीधा कर यात्रियों समेत उस बच्ची को निकाला गया। इस घटना में बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो महिला यात्री बुरी तरह घायल हो गए। जिसे ढाका स्थित निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को अपने कब्जे में ले लिया है। वही मृतका के परिजन शव को पोस्टमार्टम कराने से साफ इंकार कर दिया है। टेंपो में सवार यात्री कुंडवा चैनपुर थाना क्षेत्र के बारा हरदिया गांव निवासी शिक्षक वीरेंद्र कुमार के पुत्र आलोक कुमार ने बताया कि टेंपो में उनकी मां शांति यादव(45), बहन सुधा कुमारी तथा छोटा भाई आशुतोष कुमार सहित चारों लोग टेंपो से मोतिहारी जा रहे थे कि इसी बीच मीरपुर गांव के समीप एक बच्ची दौड़कर सड़क पार कर रही थी कि जिसे बचाने के क्रम में ड्राइवर संतुलन खो दिया और गाड़ी पलट गई। इधर मृतका की मां संगीता देवी का रो रो कर बुरा हाल है। उसे बार बार बेहोशी का दौरा पड़ रहा है। मृतका तीन बहन और एक भाई में सबसे छोटी थी।



## चिरैया विधानसभा में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में शुरू हुआ इवीएम कमीशनिंग का कार्य

**प्रखंड सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र भवन को इवीएम कमीशनिंग स्थल बनाया गया**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी 11 नवंबर को चिरैया विधानसभा क्षेत्र में होने वाले द्वितीय चरण के मतदान को लेकर प्रशासनिक तैयारियां अंतिम चरण में हैं। उक्त विधानसभा के चिरैया एवं पताही प्रखंड क्षेत्रों में चुनावी गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में चिरैया विधानसभा क्षेत्र में ईवीएम कमिशनिंग का कार्य प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित प्रखंड सूचना प्रौद्योगिकी केंद्र भवन में शनिवार से प्रारंभ हो गया है। निर्वाचन आयोग द्वारा तय निर्देशों के तहत यह कार्य पूरी पारदर्शिता और निगरानी के साथ किया जा रहा है। उक्त स्थान पर निर्वाचन आयोग द्वारा भेजे गए ऑब्जर्वर की देखरेख में यह कार्य चल रहा है। कमीशनिंग स्थल पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं ताकि पूरे कार्य की निगरानी की जा सके। चिरैया विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी सह डीसीएलआर सिकरहना सुनिधि ने बताया कि कार्यालय परिसर में 30 टेबल पर ईवीएम कमिशनिंग का कार्य चल रहा है। 357 बूथों पर होने वाले मतदान के लिए 428 ईवीएम मशीन की कमिशनिंग की जानी है। जिसमें 71 ईवीएम मशीन रिजर्व है। यह पूरी प्रक्रिया तीन दिनों के अंदर पूरी कर ली जाएगी। इस विधानसभा से कुल 6 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इस पूरी प्रक्रिया की निगरानी निर्वाचन आयोग के ऑब्जर्वर डी. मुरलीधर रेड्डी के निर्देशन में की जा रही है। उन्होंने बताया कि सभी दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मशीनों की जांच की गई है ताकि किसी प्रकार की शंका या विवाद की गुंजाइश न रहे। वही जिला प्रशासन के अधिकारी पूरी गंभीरता से इस कार्य की निगरानी कर रहे हैं, ताकि मतदान दिवस पर किसी प्रकार की तकनीकी या प्रबंधन संबंधी समस्या उत्पन्न न हो। इधर चुनावी कार्यों के बीच विपरीत मौसम ने भी अधिकारियों और कर्मचारियों की परीक्षा ली। शनिवार को पूरे दिन बारिश होती रही, लेकिन इसके बावजूद प्रशासनिक दलों ने अपनी जिम्मेदारी पूरी तत्परता से निभाई। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में ईवीएम और वीवीपैट की जांच एवं सीलिंग प्रक्रिया पूरी सावधानी और पारदर्शिता से की जाए। 11 नवंबर को द्वितीय चरण का मतदान होना है, जिसे लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में है। अधिकारियों का कहना है कि सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी कर ली जाएंगी, जिससे मतदान शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से संपन्न हो सके।



## पच्चीस वर्षों से भाजपा का अभेद किला रहा है रक्सौल विधान सभा क्षेत्र

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)** नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जिले की महत्वपूर्ण विधानसभा सीट रक्सौल (निर्वाचन क्षेत्र संख्या 10) बिहार की राजनीति में एक खास स्थान रखता है। कभी कांग्रेस का अटूट गढ़ रहा यह सीट अब भाजपा के मजबूत किले में तब्दील हो चुका है। साल 2000 से लेकर अब तक भाजपा ने यहां अपना वर्चस्व बनाए रखा है, हालांकि इस दरम्यान भाजपा ने 2020 के विधान सभा चुनाव में अपने उम्मीदवार को जरूर रिप्लेस किया है। 1951 में हुए पहले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के राधा पांडे ने अपनी पहली जीत दर्ज कर यहां पार्टी का झंडा फहराया। इसके बाद कई दशकों तक इस सीट पर कांग्रेस का दबदबा रहा। यहां तक की इमर्जेंसी के बाद जब पूरे देश में कॉग्रेस के खिलाफ वोट पड़े,तब भी उस समय के कांग्रेस के सिटिंग विधायक रहे सगीर अहमद अपनी सीट बचाने में सफल रहे और इस तरह 1985 तक पार्टी ने कुल 8 बार यहां से जीत दर्ज की। 1985 के बाद राजनीति ने करवट ली और 1990 व 1995 में जनता दल के राज नंदन राय ने जीत दर्ज की। साल 2000 से भाजपा का उदय हुआ और अजय कुमार सिंह इस सीट पर लगातार तीन बार (2000, 2010, 2015) विजयी रहे। 2020 में भाजपा ने प्रत्याशी बदलते हुए प्रमोद कुमार सिन्हा को उतारा, जिन्होंने अपनी पार्टी बीजेपी के जीत के सिलसिले को और आगे बढ़ाया।

**हालिया चुनावी नतीजेः 2020:**

विजेताः प्रमोद कुमार सिन्हा (भाजपा)- 80,979 वोट (45.60%)

उपविजेताः राम बाबू यादव (कांग्रेस)- 44,056 वोट (24.81%)

कुल मतदानः -60%

2015:

विजेताः अजय कुमार सिंह (भाजपा)- 64,731 वोट (39.81%)

उपविजेताः सुरेश यादव (राजद)- 61,562 वोट (37.87%)

वोटिंगः 63.08%

2010:

विजेताः अजय कुमार सिंह (भाजपा)- 48,686 वोट (42.91%)

उपविजेताः राज नंदन राय (लोजपा)- 38,569 वोट (33.99%)

वोटिंगः 54.00%



भाजपा को यहां यादव, भूमिहार, ब्राह्मण और शहरी वर्ग से समर्थन मिलता रहा है, जबकि विपक्ष मुस्लिम और यादव वोट बैंक को साधने की कोशिश करता है।

जातीय समीकरणः

यादव और मुस्लिम वोटर सबसे बड़ी भूमिका में, लगभग 35% से अधिक जनसंख्या।

भूमिहार, कोइरी, ब्राह्मण और राजपूत मतदाताओं की भी बड़ी भागीदारी है। कुल मिलाकर यहां जातीय संतुलन बनाने में हर दल की रणनीति निर्णायक होती है।

जनसंख्या और मतदाता प्रोफाइल (2011 की जनगणना के अनुसार):

SC मतदाता- 28,525 (10.26%)

ST मतदाता- 2,030 (0.73%)

मुस्लिम मतदाता- 62,276 (22.4%)

ग्रामीण मतदाता- 2.42 लाख (87.25%)

शहरी मतदाता- 35,447 (12.75%)

**स्थानीय मुद्देः विकास की अधूरी तस्वीर**

रक्सौल की जनता बार-बार बुनियादी सुविधाओं की मांग दोहराती रही हैः रक्सौल को जिला बनाने की मांग (उत्तरी चंपारण के नाम से) ट्रैफिक जाम से मुक्ति के लिए पुल का निर्माण

**खेल मैदान, टाउन हॉल और रंगशाला का निर्माण**

**ट्रामा सेंटर और तकनीकी महाविद्यालय की स्थापना**

इन विकास कार्यों की घोषणाएं तो हुई, लेकिन अधिकांश अधूरी हैं, जिससे मतदाताओं में नाराजगी भी देखी जाती है। रक्सौल सीट पर भाजपा का मजबूत गढ़ बना रहना फिलहाल जारी है, लेकिन जातीय संतुलन, विकास के अधूरे वादे और विपक्ष की एकजुटता जैसे फैक्टर भविष्य के चुनाव को रोमांचक बना सकते हैं। 2025 के विधानसभा चुनाव में यदि विपक्ष एकीकृत रणनीति के साथ मैदान में उतरता है, तो मुकाबला टक्कर का हो सकता है, वरना भाजपा को चुनौती देना कठिन होगा।

## सभी बूथों पर तीन नवंबर से लगेंगे कैमरे, आठ को होगा परीक्षण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव में बूथों पर कैमरा अधिष्ठान का कार्य तीन अक्टूबर से शुरू होगा। बूथों पर सीसीटीवी कैमरा आई नेट सिक्योर लैब्स एजेंसी द्वारा लगाया जाएगा। जिसको लेकर 38 मेन पॉवर (तकनीकी टीम) लगाए गए हैं। चुनाव वेबकास्टिंग के नोडल सह बीपीआरओ विवेक आर्या ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि सभी बूथों पर दो दो कैमरा लगाया जाएगा। वही एजेंसी के कार्डिनेटर करण कुमार आर्य ने बताया कि कुल 38 लोगों की टीम कैमरा अधिष्ठापन के कार्य में लगाई गई है। इसमें प्रत्येक सेक्टर पर एक सुपरवाइजर यानी कुल 33 सुपरवाइजर होंगे। इसके अलावा एक सहायक एसेंबली कार्डिनेटर और तीन ऑपरेटर हैं। तीन अक्टूबर से छह अक्टूबर के बीच सभी बूथों पर दो दो कैमरा लगाया जाएगा। जिसमें एक कैमरा बाहर की ओर से, जिसमें बूथ का नाम दिखाई दे और दूसरा मतदान की गोपनीयता बनाए रखते हुए पूरे प्रक्रिया को दिखाएगा। उधर कैमरा लगाने को लेकर शनिवार को वोलेंटियर वन एवं टू की समीक्षा बैठक बारी बारी से की गई। इस दौरान वोलेंटियरो को कैमरे की निगरानी व अधिष्ठापन को लेकर स्थान चिन्हित करने से संबंधित आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में एआरओ सह बीडीओ ने कहा कि तीन नवंबर से सभी वॉलेंटियर्स को अपनी देख रेख में कैमरा लगवाना है।आठ नवंबर को इसका विधिवत परीक्षण किया जाएगा। वही मतदान की प्रक्रिया को पारदर्शिता बनाये रखने के लिए प्रत्येक बूथ पर मोबाइल बकेट की व्यवस्था रहेगी जिसमे वोटरों का फोन जमा किया जाएगा।

## अंतरमहाविद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता स्थगित

**छपरा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जयप्रकाश विश्वविद्यालय द्वारा जगदम महाविद्यालय में 1 नवंबर को आयोजित की जाने वाली अंतर महाविद्यालय बैडमिंटन (पुरुष एवं महिला) प्रतियोगिता खराब मौसम और परिसर में जलजमाव के कारण स्थगित कर दी गई है। विश्वविद्यालय के क्रीड़ा निदेशक प्रो. राजेश नायक ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि प्रतियोगिता की नई तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी। उन्होंने सभी महाविद्यालयों की टीमों से अनुरोध किया कि वे अगले आदेश तक प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु न आएं।

## निजी क्लिनिक में इलाज के दौरान महिला की मौत

**मौत के बाद चिकित्सक व कर्मी फरार, परिजनों ने किया हंगामा**

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के एक निजी क्लिनिक में इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गयी। घटना नगर के नंदपुर स्थित उम्मीद हॉस्पिटल की है। मृत महिला की पहचान भसुरारी पंचायत के नरकटिया गाव निवासी अनिल राम की पत्नी सुनीता कुमारी के रूप में हुई है। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल मे ही हंगामा शुरू कर दिया। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि नरकटिया गाव की महिला सुनीता कुमारी के पेट मे दर्द था। जिसका इलाज पहले दूसरे जगह से चल रहा था। वही शनिवार को दर्द होने पर उम्मीद हॉस्पिटल में उसे भर्ती कराया गया जहां। उसके परिजनों से दो से ढाई लाख रुपये की मांग की गई। परिजनों के सहमति के बाद इलाज शुरू किया गया। इस दौरान महिला को आधा दर्जन से अधिक इंजेक्शन दिए गए जिसके बाद महिला की स्थिति गंभीर हो गई और इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गयी। वही महिला के मौत के बाद सभी चिकित्सक व कर्मी अस्पताल छोड़कर फरार हो गए। जिसके बाद परिजनों ने जमकर बवाल काटा घटना की सूचना पर शिकारपुर थाने की पुलिस पदाधिकारि मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल में जुट गए है।

## पश्चिम चम्पारण जिला एक आदर्श निर्वाचन का उदाहरण बने : प्रेक्षकगण

**सभी पदाधिकारी अपने दायित्वों का पूर्ण निष्पक्षता के साथ जिम्मेवारी पूर्वक करें निवर्हन**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 की तैयारियों को लेकर आज समाहरणालय सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, धर्मेंद्र कुमार ने की। इस बैठक में सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक, व्यय प्रेक्षक सहित सभी निवार्ची पदाधिकारी, कोषांगों के वरीय एवं नोडल पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, नगर आयुक्त तथा सभी अनुमंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बिहार विधानसभा चुनाव को पूर्णतः स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर व्यापक समीक्षा की गई। सामान्य प्रेक्षकों ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट (एमसीसी) का उल्लंघन किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कोई राजनीतिक दल, प्रत्याशी या व्यक्ति एमसीसी का उल्लंघन करता है तो नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही, उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें निलंबन एवं प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शामिल होगी। उन्होंने सभी आरओ, एआरओ, कोषांगों के वरीय एवं नोडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे आयोग के निदेशों को भलीभांति पढ़ें और कर्तव्यों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें। सामान्य प्रेक्षकों ने कहा कि मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा सर्वोपरि है। सभी मतदान केंद्रों पर मिनिमम बेसिक फैसिलिटीज जैसे पेयजल, रैम्प, शौचालय, बिजली और शेड की व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित की जाए। साथ ही पोलिंग पार्टियों के लिए भी आवश्यक सुविधाएं अद्यतन स्थिति में रहें। उन्होंने कहा कि मतदान समाप्ति के बाद पोल्ड ईवीएम और अन्य मशीनों की सुरक्षित ढुलाई सुनिश्चित की जाए और उन्हें सुरक्षित बज्रगृह तक पहुँचाना सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सामान्य प्रेक्षकों ने निर्देश दिया कि शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए स्वीप कार्यक्रमों को और अधिक सक्रिय किया जाए। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नुक्कड़ नाटकों, रैली एवं जनजागरण अभियानों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित किया जाए ताकि जिले में उत्सवमय मतदान वातावरण तैयार हो सके। बैठक में पुलिस प्रेक्षक ने कानून-व्यवस्था को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी लाइसेंसी हथियार हर हाल में जमा करवा लिए जाएं तथा किसी भी प्रकार की शांति भंग करने वाली गतिविधि पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि रैली, जुलूस या वाहन काफिले चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार ही निकलें, अन्यथा वाहनों को जब्त कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि चेकपोस्टों पर कैश, लीकर, नारकोटिक्स की सघन जांच जारी रखें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल दें। मतदान केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए ताकि मतदान प्रक्रिया निर्बाध रूप से सम्पन्न हो सके। व्यय प्रेक्षकों ने कहा कि पश्चिम चम्पारण जिले में निर्वाचन को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए सभी स्तरों पर सघन मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि लीकर, कैश और नारकोटिक्स की जब्ती के लिए विशेष जांच दल सक्रिय रहें। उन्होंने निर्देश दिया कि फील्ड अधिकारियों के कार्यों की मॉनिटरिंग आरओ द्वारा की जाए और सभी चेकपोस्ट पूर्णतः क्रियाशील रहें ताकि किसी भी प्रकार के अवैध धन या सामग्री का उपयोग चुनाव को प्रभावित न कर सके।

CMYK

# इस बार बदली-बदली सी है घोसी विधानसभा की राजनीतिक फिजा

**दोनों प्रमुख गठबंधन के प्रत्याशियों को बागियों से मिल सकती है चुनौती**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** इस बार के विधानसभा चुनाव में राजनीतिक गठबंधन के समीकरण में कोई बड़ा फेरबदल भले न हुआ हो, लेकिन प्रत्याशियों के बदलाव से कई विधानसभा क्षेत्र की राजनीतिक फिजा जरूर बदल गई है। अगर हम बात करें जहानाबाद जिले के घोसी विधानसभा क्षेत्र की जहां 38 वर्षों तक एक ही परिवार के लोगों का राजनीतिक दबदबा इस विधानसभा क्षेत्र में रहा है। वर्ष 1977 के बाद पहली बार ऐसा हो रहा है जिसमें इस विधानसभा क्षेत्र के कद्दावर नेता रहे जगदीश शर्मा या उनके परिवार के कोई सदस्य यहां से चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। पिछले विधानसभा चुनाव के राजनीतिक समीकरण में एक बड़ा बदलाव यह आया है कि एनडीए गठबंधन में लोक जन शक्ति पार्टी (आर) के साथ आने के बाद एनडीए का समीकरण थोड़ा मजबूत हुआ है। लेकिन देखा जाए तो यहां से चुनाव लड़ रहे दोनों ही प्रमुख गठबंधन इंडी गठबंधन और एनडीए के बागी उम्मीदवार दोनों गठबंधन के प्रत्याशियों के जीत की राह में रोड़ा बन सकते हैं। कभी यहां से दो बार विधानसभा का प्रतिनिधित्व करने वाले रामाश्रय यादव की बहू अनुराधा सिन्हा जो कुछ माह पहले तक इंडी गठबंधन का हिस्सा थी आज चुनाव में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के टिकट पर उनके ही सामने खड़ी हैं। वहीं हम पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे राजेश रंजन भी इस क्षेत्र से अपनी दावेदारी पेश करते हुए चुनाव मैदान में एनडीए की वोट की सेंधमारी में लगे हैं। राजेश रंजन की पत्नी कमला कुमारी हुलासगंज प्रखंड से जिला परिषद की सदस्य हैं। कुर्मी जाति से ताल्लुक रखने वाले राजेश रंजन का इस क्षेत्र में कुर्मी जाति के साथ मुसहर जाति के मतदाताओं पर भी पकड़ बताई जाती है। वहीं दूसरे प्रमुख बागी उम्मीदवार अनुराधा सिन्हा की बात करें तो वह यादव जाति से आती हैं और इनका पकड़ विधानसभा क्षेत्र के खासकर मोदनगंज प्रखंड में अच्छी मानी जाती है। यादव जाति के वोटों की सेंधमारी करने में ये अगर सफल होती हैं तो निश्चय ही इसका असर इंडी गठबंधन के उम्मीदवार रामबली सिंह यादव के वोट पर पड़ेगा। इसके अलावा मतदाता पुनरीक्षण के बाद बड़े संख्या में मतदाता के नाम मतदाता सूची से हटाने के बाद इस बार के चुनाव में इसका असर देखने को मिल सकता है।

***पिछले दो चुनावों में घोसी विधानसभा सीट का चुनावी परिदृश्य***

घोसी विधानसभा सीट पर पिछले विधानसभा चुनाव की बात करें तो वर्ष 2020 में इस विधानसभा सीट पर 74712 मत लाकर रामबली सिंह यादव यहां से चुनाव जीते थे। इस चुनाव में जदयू के प्रत्याशी राहुल कुमार को 57379 मत प्राप्त हुआ था। वहीं राकेश कुमार सिंह जो एलजेपी के उम्मीदवार थे उन्हें 4762 मत प्राप्त हुआ था। पिछले विधानसभा चुनाव में 6 निर्दलीय उम्मीदवार सहित कुल 10 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे, लेकिन देखा जाए तो यहां आमने-सामने की लड़ाई पिछले विधानसभा चुनाव में दोनों गठबंधन के प्रत्याशियों के बीच ही रहा था। इसके पहले वर्ष 2015 में हुए विधानसभा चुनाव में जदयू से कृष्णानंद वर्मा 67248 मत लाकर चुनाव जीते, उनके प्रतिद्वंद्वी के रूप में हम पार्टी से राहुल कुमार को 45623 मत प्राप्त हुआ था। इस चुनाव में भाकपा माले के रामबली सिंह यादव तीसरे नंबर पर रहते हुए 10894 मत पाए थे। इस चुनाव में कुल सात उम्मीदवार चुनाव मैदान में खड़े थे।

घोसी विधानसभा का वजूद वर्ष 1951 के पहले विधानसभा चुनाव से ही रहा है। घोसी में अब तक 17 बार विधानसभा चुनाव हो चुके हैं, जिसमें दलगत आधार पर बात करें तो कांग्रेस पांच बार, निर्दलीय चार बार, जदयू तीन बार, भाकपा दो बार, जनता पार्टी, भाकपा माले एवं भाजपा एक-एक बार यहां से चुनाव जीतने में सफल हुए हैं। वर्ष 1977 से 2005 तक इस क्षेत्र के कद्दावर नेता माने जाने वाले जगदीश शर्मा यहां से आठ बार लगातार इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किए। जिसमें उन्होंने पहली बार इन्होंने जनता पार्टी से चुनाव लड़ा बाद में 1980 में भाजपा से चुनाव जीते तथा 1985 से 1995 तक तीन बार कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा पहुंचे। वहीं दो बार इन्होंने निर्दलीय भी विधानसभा का सफर तय किया। वर्ष 2009 में जगदीश शर्मा को लोकसभा का टिकट मिलने के बाद 2009 के उपचुनाव में जगदीश शर्मा की पत्नी शांति शर्मा को जदयू का टिकट नहीं मिलने पर ये निर्दलीय चुनाव लड़कर विधानसभा पहुंचीं। बाद में वर्ष 2010 में हुए आम चुनाव में जदयू से जगदीश शर्मा के बेटे राहुल कुमार को टिकट मिला और यहां से यह निर्वाचित हुए। लेकिन फिर से 2015 में जदयू ने राहुल कुमार को टिकट नहीं दिया, इसके बाद उन्होंने हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) पार्टी से यहां से चुनाव लड़ा लेकिन वह 21000 मतों से यहां से चुनाव हार गए। बाद में वर्ष 2020 में हुए चुनाव में राहुल जदयू से पुनः टिकट पाने में सफल हुए लेकिन यहां यह दूसरी बार 17000 मतों से चुनाव हार गए।

***घोसी विधानसभा सीट की जातिगत समीकरण***

घोसी विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक यादव मतदाताओं की बहुलता है, इसके बाद भूमिहार वर्ग के मतदाता आते हैं। यहां पर अनुसूचित जाति के लगभग 19.33% मतदाता की भूमिका भी महत्वपूर्ण मानी जाती है।वही मुस्लिम वर्ग से 4.3% मतदाता आते हैं। जातीय समीकरण के आधार पर देखा जाए तो भूमिहार और यादव मतदाता यहां निर्णायक माने जाते हैं, लेकिन पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग के मतदाता भी कई चुनाव में यहां काफी प्रभावी सिद्ध हुए हैं। वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में यहां पर 262439 मतदाताओं में से 58.11% मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था वही 2024 में हुए लोकसभा चुनाव के दौरान यहां पर 2651158 मतदाता थे। इस बार यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि मतदाताओं की गोलबंदी किस खेमे में होती है। एक ओर एनडीए के प्रत्याशी ऋतुराज कुमार को पूर्व सांसद अरुण कुमार के बेटे होने की पहचान के साथ- साथ एनडीए का विकास और सुशासन के नारा का सहारा है, वहीं अपराध मुक्त और रोजगार की व्यवस्था का संकल्प लेकर इंडी गठबंधन से रामबली सिंह यादव चुनाव मैदान में एक दूसरे के आमने-सामने खड़े हैं। ऐसे में देखना होगा की नए मतदाता और महिला मतदाताओं का रुझान किस ओर होता है।साथ ही जातिगत समीकरण यहां कितना प्रभावी सिद्ध होता है।

# जहानाबाद में स्काउट-गाइड ने मतदाता शपथ के साथ चलाया मतदाता जागरुकता अभियान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय के निर्देशानुसार भारत स्काउट और गाइड के द्वारा विभिन्न विद्यालयों में मतदाता जागरूकता पाठशाला के माध्यम से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस क्रम में मुरलीधर इंटर विद्यालय जहानाबाद में सहायक जिला संगठन आयुक्त शुभम कुमार, गौतम बुद्ध इंटर विद्यालय में प्रधानाध्यापक मनोज कुमार, प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय में गाइड सलोनी कुमारी, उच्च विद्यालय देवधरा में नेहा कुमारी, राज्य संपोषित बालिका विद्यालय में कंपनी कमांडर खुशी कुमारी, मानस विद्यालय बभना में दिव्या कुमारी, कायनात इंटरनेशनल स्कूल काको में उपाध्यक्ष भारत स्काउट और गाइड शकील अहमद काकवी ने स्काउट- गाइड के साथ छात्र-छात्रा, शिक्षक- शिक्षिकाओं को मतदाता शपथ दिलाए और बताएं कि आप सभी अपने पोषक क्षेत्र में 11 नवंबर 2025 को लोगों को मतदान करने के लिए अवश्य प्रेरित करें ताकि लोकतंत्र की मजबूती हो और अच्छे सरकार का गठन हो।

वहीं उच्च विद्यालय देवधरा तथा प्लस टू उच्च विद्यालय हाटी प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में स्काउट और गाइड ने रंगोली एवं रैली निकालकर आसपास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। हाटी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार ने बताया कि मतदान ही लोकतंत्र की खूबसूरती है, इसे महापर्व के रूप में हम सभी को मनाना चाहिए। इस दौरान भारत स्काउट गाइड के उपाध्यक्ष शकील अहमद काकवी ने बताया कि सुंदर और अच्छे नेतृत्व के लिए मतदान आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मताधिकार का प्रयोग हम सभी को जिनका उम्र 18 वर्ष या इसके ऊपर हो वह अपने संबंधित बूथ पर जाकर मतदान अवश्य करें।

# जिले में धूमधाम से मनाई गई देवउठनी एकादशी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिलें में देवउठनी एकादशी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस दिन भगवान विष्णु अपनी चार माह की योग निद्रा से जागते हैं, जिसके साथ ही सभी मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो जाती है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवउठनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु क्षीरसागर में अपनी निद्रा पूरी कर सृष्टि के संचालन का कार्यभार पुनः संभालते हैं। इस अवसर पर तुलसी विवाह का विशेष महत्व है। भक्तों ने विधि-विधान से भगवान विष्णु और तुलसी माता का विवाह संपन्न कराया। यह विवाह सुख-समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। देवउठनी एकादशी के साथ ही विवाह, मुंडन, सगाई जैसे सभी शुभ और मांगलिक कार्यों का पुनः आरंभ हो गया है। पिछले चार महीनों से रुके हुए ये कार्य अब संपन्न किए जा सकेंगे। पूजा विधि के अनुसार भक्तों ने सुबह जल्दी उठकर स्नान किया। इसके बाद पूजा स्थल की सफाई कर दीपक जलाया गया। भगवान विष्णु का जल, दूध और गंगाजल से अभिषेक कर उन्हें तुलसी दल, पीले फूल और चंदन अर्पित किए गए।

# बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर थाना की पुलिस ने आवेध बालू से लदा एक ट्रैक्टर को जब्त किया है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष दिवाकर कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी की एक ट्रैक्टर अवैध रूप से बालू लात कर मखदुमपुर की ओर आ रहा है। जिसे लेकर मखदुमपुर थाने की पुलिस ने एनएच पर ट्रैक्टर को पकड़ने हेतु नाकाबंदी किया, वहीं ट्रैक्टर चालक ने पुलिस को देख ट्रैक्टर छोड़ कर फरार हो गया, उन्होंने बताया कि जब्त ट्रैक्टर को थाने लाकर पुलिस ने मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है। साथ ही खनन पदाधिकारी को पूरे मामले से अवगत कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर चालक एवं मालिक का पता लगाया जा रहा है। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


फार्मेट सी-1

*(समाचार पत्र, टीवी में प्रकाशन हेतु अभ्यर्थियों के लिए)*

**आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा**

*(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार)* (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

अभ्यर्थी का नाम और पता : **शिवशंकर राय (ग्राम- मधुबन, पोस्ट- गुलवारा (मधुबन), जिला- पूर्वी चम्पारण 845420)**

राजनैतिक दल का नाम : **जनशक्ति जनता दल**

(निर्दलीय अभ्यर्थी यहां "निर्दलीय" लिखें)

निर्वाचन का नाम : **बिहार विधान सभा**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम : **18, मधुबन विधानसभा क्षेत्र**

मैं **शिवशंकर राय** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं:

| (क) | **लंबित आपराधिक मामले** | | | |
|---|---|---|---|---|
| क्रम सं० | न्यायालय का नाम | मामले की सं. एवं तारीख | मामले (मामलों) की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
| 1. | सबजज 06 सिविल कोर्ट मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण) | थाना-मधुबन, पूवी चम्पारण, प्राथमिकी सं. 551/022, दिनांक- 24/12/2022 जीआर 7834/022 | साक्ष्य | 147,148,149,341,342,323,385,365,427 आइपीसी, मारपीट करते हुए अपहरण का आरोप |

| क्रम सं० | (ख) **आपराधिक मामलों के लिए दोषसिद्धि के मामलों के संबंध में विवरण** | | |
|---|---|---|---|
| | न्यायालय का नाम एवं आदेश (शों) की तारीख (खें) | अपराध (अपराधों) और अधिरोपित दण्ड का विवरण | **अधिकतम अधिरोपित दंड** |
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

राज्यसभा के निर्वाचन या विधान सभा सदस्यों द्वारा विधान परिषद के निर्वाचन के मामले में, निर्वाचन क्षेत्र के नाम के स्थान पर संबंधित निर्वाचन का उल्लेख करें।


# धरनार्थियों को महागठबंधन प्रत्याशी ने किया सम्मानित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** उत्तर कोयल नहर के कुटकु डैम में फाटक लगाने एवं मगध के धरती पर पानी लाने की मांग को लेकर 10 महीनों से धरना पर बैठे धरनार्थियों शानिवार को महागठबंधन प्रत्याशी डॉ गुलाम शाहिद ने सम्मानित किया गया। धरना का अध्यक्ष अहमद रजा खान उर्फ लड्डू खान ने बताया कि 10 महीनों से रफीगंज प्रखंड मुख्यालय पर धरना पर बैठे हैं। लेकिन हमें अपार जन समर्थन मिल रहा है, डॉ गुलाम शाहिद द्वारा धरना पर साथ दे रहे साथियों को सम्मानित करने का काम किये। जिनका हम लोग स्वागत किए। तथा कुटकुट डैम में फाटक लगाने और उत्तर कोयल नहर का मगध के धरती पर पानी लाने के लिए धरना के माध्यम से आंदोलन को विस्तारित करने में उत्साह वर्धन हो। डॉ गुलाम शाहिद ने कहा नगर पंचायत द्वारा भवन बनाने का टेंडर हो गया। इस एओसी आते ही भवन में काम लग जायेगा। उन्होंने ने कहा कि महागठबंधन की ताकत जनता की एकता और विश्वास में है। आज बिहार की जनता महंगाई, बेरोजगारी और अन्याय से परेशान है। जनता चाहती है बदलाव और यह बदलाव लालटेन की रोशनी से ही संभव है। वहीं डॉ तुलशी यादव एवं लड्डु खान ने कहा कि मगध के धरती पर उत्तर कोयल का जब तक पानी नहीं मिल जाता है तब तक हम लोग धरना प्रदर्शन करते रहेंगे।।उन्होंने कहा कि राजद नेता डॉ गुलाम शाहिद एक जमीनी, ईमानदार और जनसेवी व्यक्तित्व हैं, जिन्होंने हमेशा गरीब, किसान, मजदूर और वंचित समाज के हक की आवाज बुलंद की है। उन्होंने कहा कि शाहिद की जीत रफीगंज की नहीं, बल्कि पूरे औरंगाबाद जिले की जीत होगी। हमलोग समर्थन करते हैं कि जीतकर उत्तर कोयल नहर में अधूरे कार्य को पूरा कर सके। इस मौके पर डॉ तुलसी यादव, सीधी यादव भोलानाथ वर्मा, डॉक्टर शिवनंदन यादव, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अलर्ट मोड में रहेगा त्वरित प्रतिक्रिया दल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** आम निर्वाचन 2025 के दृष्टिगत गोह सामान्य प्रेक्षक अमिताभ बैनर्जी द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्र में अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस दौरान प्रखंड के मतदान केंद्र संख्या 217 मध्य विद्यालय शासना, मतदान केंद्र संख्या 304 एवं 305 मध्य विद्यालय बेला मतदान केंद्र संख्या 306 एवं 307 मध्य विद्यालय चपरा का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक ने मतदान केन्द्रों की भौगोलिक स्थिति, पहुंच मार्ग, भवन की संरचना, बिजली, पेयजल, शौचालय, रैम्प, प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे की उपलब्धता, बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था एवं संचार सुविधा जैसे सभी आवश्यक बिंदुओं का गहनता से अवलोकन किया। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि प्रत्येक मतदान केन्द्र पर दिव्यांगजनों, वृद्ध मतदाताओं एवं महिलाओं के लिए अनुकूल वातावरण तथा सहायक कर्मियों की उपलब्धता रहे। सामान्य प्रेक्षक ने संबंधित निर्वाची पदाधिकारियों, सेक्टर मजिस्ट्रेटों एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मतदान केन्द्रों पर विधि-व्यवस्था की सुदृढ़ तैयारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि अति संवेदनशील केन्द्रो पर केंद्रीय अर्धसैनिक बल की पर्याप्त तैनाती की जाए एवं मतदान के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) को अलर्ट मोड में रखा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि आयोग के निर्देशानुसार वेबकास्टिंग, सीसीटीवी कवरेज एवं माइक्रो ऑब्जर्वरों की तैनाती उन केन्द्रों पर की जाए जहां निर्वाचन प्रक्रिया पर विशेष निगरानी की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से मतदाता सूची की शुद्धता एवं विशेष रूप से दिव्यांग मतदाताओं की सुविधा से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में सामान्य प्रेक्षक ने स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस पदाधिकारियों के साथ संवाद स्थापित करते हुए कहा कि चुनाव कार्य केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं बल्कि लोकतंत्र के प्रति आस्था का प्रतीक है। अतः हर मतदान केन्द्र पर शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान सम्पन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी दाउदनगर के साथ संयुक्त समीक्षा करते हुए सुरक्षा, लॉजिस्टिक एवं संचार संबंधी तैयारियों की जानकारी ली तथा सभी को निर्धारित समयसीमा के भीतर आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।


Format C-2

*(For Political Party to Publish in Website, Newspaper ,TV)*

**Declaration about criminal cases 0f candidates set up by the party**

(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011

(Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.))

**Name of political party-** RASHTRIYA LOK MORCHA

**Name of Election: Bihar Vidhan Sabha**

**Name of State/UT-** Bihar

| | | | A) Pending criminal cases | | (B)Details about cases of conviction for criminal offences | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| S.No | Name of Constituency | Name of Candidate | Name of Court, Case No. and status of case(s) | Section (s) of Acts concerned and brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order (s) | Description of offence (s) and punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
| 1. | 210, DINARA | ALOK KUMAR SINGH | Gaya Mufassil P.S , Case No. 287/2017, GR CASE NO.6309/2017, PENDING | Section(s) 287,429,427,34 OF IPC Allegation of negligent and malicious acts causing harm or damage. | NA | NA | NA |
| 2. | 210, DINARA | ALOK KUMAR SINGH | Dinara P.S, P.S Case No-475/2025, PENDING | Section(s) 171,174,223 OF BNS | NA | NA | NA |

*In the case of Election to Council of States or Election to Legislative Council by MLA'S, mention the Election concerned place of names of constituency.

# मोकामा हिंसा के बाद मसौढ़ी समेत सभी थानों में जमा करवाया जा रहा लाइसेंसी हथियार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** मोकामा में दुलारचंद यादव की हत्या की घटना के बाद राजनीति में उबाल आ गया है। इस बीच चुनाव आयोग भी एक्शन मोड में है। दरअसल, मोकामा हत्याकांड के बाद चुनाव आयोग ने कड़ा निर्देश जारी कर दिया है। आयोग ने सभी लाइसेंसी हथियार को जमा करने और अवैध हथियार को जब्त करने का आदेश दिया गया। बिहार चुनाव के बीच लॉ एंड ऑर्डर की सख्ती से पालन हो, इसे सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया है। ऐसे मे शनिवार को मसौढ़ी में 15, धनरूआ थाने में 25, पुनपुन थाने में 16 समेत सभी थानों में आनन फानन में सभी लाइसेंस धारकों को सूचना दी गई है, जहां देर शाम तक सभी लाइसेंसी हथियार को जमा करवाया गया है। मसौढ़ी में कुल 53 लाइसेंसी हथियार हैं जहां देर शाम तक 15 हथियार को जमा करवाया गया है इसके अलावा सभी थानों में भी लाइसेंसी हथियार जमा करने की प्रक्रिया चलती रही। इसके अलावा चुनाव आयोग की तरफ से यह भी आदेश दिया गया कि सीमावर्ती इलाकों पर नजर रखी जाये, असामाजिक तत्वों पर नजर, अफवाह फैलाने वालों पर नजर और आदर्श आचार संहिता को सख्ती से पालन कराने को लेकर आदेश दिया गया। साथ ही चुनाव आयुक्त की तरफ से कहा गया कि राज्य के संवेदनशील और महत्वपूर्ण पोलिंग बूथों पर सुरक्षा के उपाय किए जाए, स्ट्रांग रूम और ईवीएम की सुरक्षा को लेकर बातचीत की गई।

# एनसीसी छात्र-छात्राओं ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** एसएमडी कॉलेज पुनपुन के एनसीसी इकाई के द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर एनसीसी कैडेटों ने शनिवार को पुरे पुनपुन शहर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। कैडेट्स ने जगह जगह खासकर महिला वोटरों को मतदान के महत्व को बताया। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. डॉ मधुरेंद्र ने कहा कि एनसीसी सामजिक एवं मानवीय सेवा से समर्पित कार्य में हमेशा अपना महत्वपूर्ण योगदान देती रही है। आज भी एनसीसी कैडेट के द्वारा जो यह मतदान जागरूकता अभियान का कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है उसमें मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एनसीसी ने मतदाता जागरूकता अभियान के फलस्वरूप अधिक से अधिक मतदाता अपने मतों का सही प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाएंगे। कार्यक्रम में एनसीसी पदाधिकारी लेफ्टिनेंट मुकेश कुमार, सीनियर अंडर ऑफिसर हर्ष राज और अंडर ऑफिसर संध्या कुमारी एवं 30 एनसीसी कैडेट्स सहित अन्य उपस्थित रहे।

## पेज 1 का शेष

### बिहार चुनाव में एनडीए...

राजग ने सभी योजनाओ को लिखित रूप से चुनाव पूर्व अपने 'संकल्प पत्र' में शामिल किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने राजग के संकल्प पत्र को 'झूठ का पुलिंदा' कहा है, इसके जवाब में बिहार सरकार के मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि श्री गहलोत के पास और कहने को क्या है। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतिक्रिया देने से पहले महागठबंधन के नेता को 2005 से पहले के बिहार की दुर्गति याद कर लेनी चाहिए और उसके बारे में भी अपने सुविचार जनता के समक्ष रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह कहावत सुनी है 'खिसियानी बिल्ली खम्भा नोचे', श्री गहलोत उसी मनःस्थिति के शिकार हो गए हैं। श्री चौधरी से जब मुख्यमंत्री की सेहत को लेकर उड़ रही अफवाहों के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि बकवास करने वालों की जुबान बंद करना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि श्री कुमार मंत्रियों से मंत्रणा करते हैं लेकिन आज भी सभी निर्णय मुख्यमंत्री नीतीश कुमारी ही लेते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के अलावा संगठन पर भी उनकी पूरी निगाह रहती है और चुनाव से पहले राजग के सीटो के सहज बंटवारे में भी उनकी भूमिका थी। श्री चौधरी ने कहा कि बिहार चुनाव श्री कुमार के नेतृत्व में लड़ा जा रहा है और चुनाव के बाद भी बिहार के मुखिया नीतीश कुमार ही रहेंगे। उल्लेखनीय है कि विजय चौधरी के पिता जगदीश चौधरी एक स्वतंत्रता सेनानी थे और कांग्रेस पार्टी के टिकट पर तीन बार विधायक रहे। 1982 में पिता की मृत्यु के बाद विजय चौधरी ने अपनी बैंक की नौकरी छोड़ी और दलसिंहसराय से उसी वर्ष कांग्रेस के विधायक बने। 1995 तक उन्होंने एक विधायक के रूप में लगातार तीन बार इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। श्री चौधरी 2005 में जदयू के सदस्य बने लेकिन उस वर्ष चुनाव हार गए। 2010 में श्री चौधरी समस्तीपुर जिले के सरायरंजन से विधायक बने और लगातार जीत दर्ज करते रहे। श्री चौधरी 2015 से 2020 के बीच बिहार विधानसभा के अध्यक्ष भी रहे हैं।

### पांच साल में 50 लाख...

गए थे, वहीं आज बिहार में औद्योगिक निवेश तेजी से बढ़ रहा है। आने वाले वर्षों में बिहार निवेश और रोजगार का नया केंद्र बनेगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि लालूजी के 15 साल के शाषण में 94 हजार लोगों को सरकारी नौकरियां दी गई थी जबकि पिछले 20 साल में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने साढ़े 18 लाख सरकारी नौकरियां दी हैं। 2020 में हमने 10 लाख सरकारी नौकरी और 10 लाख रोजगार देने का वादा किया था। पिछले पांच साल में हमने साढ़े 11 लाख सरकारी नौकरियां और 41 लाख रोजगार दिए हैं। उन्होंने कहा कि अगर हमारी सरकार बनती है, तो एक करोड़ सरकारी नौकरी और रोजगार देने का संकल्प पूरा करेंगे। महिला सशक्तिकरण की बात करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि 2005 में जब नीतीश कुमार की सरकार बनी तो बेटियों को स्कूल भेजने के लिए साइकिल और पोशाक योजना शुरू की गई। उन्हें 10 हजार, 25 हजार और 50 हजार रुपये की छात्रवृति देकर पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया गया। बेटियां पढ़-लिख गई तो उन्हें सरकारी नौकरियों में 33 प्रतिशत आरक्षण दिया गया और अब उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए, उन्हें व्यवसाय के लिए दो लाख रुपये तक की सहायता दे रही है। उन्होंने बताया कि 1 करोड़ 51 लाख महिलाओं के खातों में 10 हजार रुपये की पहली किस्त भेजी जा चुकी है। विपक्ष पर हमला करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि लालूजी को जब मौका मिला तो उन्होंने अपनी पत्नी को मुख्यमंत्री बनाकर अपने परिवार का आरक्षण दिया। किसी गरीब की बेटी का हक मारकर अपनी बेटी को डॉक्टर बनाया, मौका मिला तो बेटे को उपमुख्यमंत्री और अब कांग्रेस को डरा-धमकाकर मुख्यमंत्री का उम्मीदवार बनावाया है।

### मुख्यमंत्री महिला रोजगार...

का रोजगार शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करना है। सरकार द्वारा सभी पात्र महिलाओं को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के माध्यम से रोजगार शुरू करने के लिए चरणों में वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। पहली किश्त के बतौर महिलाओं को 10 हजार रुपये दिए जा रहे हैं जिससे वे अपनी खुद की पसंद का व्यवसाय शुरू कर सकती हैं और उसके बाद दो लाख रुपये दिए जाएंगे। इस योजना के तहत अब तक 1.50 करोड़ महिलाओं को 10 हजार रुपये की राशि भेज दी गई है। एनडीए ने कहा कि चुनाव आयोग की अनुमति के बाद ही यह राशि भेजी जा रही है क्योंकि इस योजना का रोडमैप पहले ही तैयार किया जा चुका है। एनडीए सरकार में हवा-हवाई काम नहीं। इस योजना के तहत सरकार द्वारा हाट बाजार भी विकसित किए जाएंगे जहाँ महिलाएं खुद के द्वारा बनाए गए उत्पादों को बेच सकेंगी। लाभार्थी महिलाओं को अपने व्यवसाय को बढ़ावा देने और बढ़ाने के लिए कौशल प्रशिक्षण भी सरकार द्वारा दिया जाएगा। इस योजना के माध्यम से प्रदेश की महिलाएं खुद का व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भर बन पाएंगी और अपने परिवार की आय को भी बढ़ा पाएंगी। प्रवक्ताओं का कहना है कि इस योजना के तहत प्रशिक्षण, अनुश्रवण और शिकायत को भी निष्पादन किया जाएगा। राज्य के बाहर भी बाजार उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि दरअसल एनडीए की सरकार में दलित, अति पिछड़े और पसमांदा समाज बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है, ऐसे में इन लोगों के पेट में मरोड़ होना स्वाभाविक है। आज बिहार की महिलाएं लखपति ही नहीं, करोड़पति दीदी बन रही हैं। बात आज की नहीं है, जब एनडीए की सरकार बनी थी तभी पंचायत चुनाव में महिलाओं को आरक्षण देकर सशक्तिकरण का प्रयास शुरू किया गया था, जो कार्य अब गति पकड़ चुका है।

# ससुराल में रह रहे दामाद का संदेहास्पद स्थिति में मिला शव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पुनपुन थाना क्षेत्र के रसूलपुर गांव में एक घर में संदेहास्पद स्थिति में एक व्यक्ति का शव पुलिस ने बरामद किया है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि शनिवार को सूचना मिली की एक व्यक्ति जिसका नाम जितेंद्र केवट उर्फ मंगल पिता विष्णु देव केवट गांव मैनेपैप्न थाना बेल्छी जिला पटना है जो करीब 6-7 महीने से अपने ससुराल रसूलपुर मे रह रहा था का संदेहास्पद स्थिति में मृत्यु हो गई है। वहीं ससुराल वाले करीब 15 दिनों से कही बाहर गए हुए थे और मृतक मंगला बंगाली केवट का दामाद है, जो घर मे अकेले रह रहा था। इस संबंध में उनके पिता विष्णु देव द्वारा उनके साथ ससुराल वाले पर प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए आत्महत्या को लेकर उकसाने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया है। पुलिस पुरे मामले की छानबीन मे जुटी है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटनास्थल पर एफएसएल की टीम जांच कर रही है।

# पीजी रेलखंड में ट्रेनों की संपत्ति एवं यात्रियों की सुरक्षा को लेकर रेल पुलिस सजग

**तारेगना रेल पुलिस ने चलाया अभियान**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** ट्रेनों की सुरक्षा और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर रेलवे पुलिस सजग हुई है और इन दिनों शाम से लेकर देर रात तक चलने वाली सभी ट्रेनों में पुलिस एस्कॉर्ट पार्टी के द्वारा सुरक्षा को बढ़ा दी गई है।रेलवे अधिकारियों की माने तो रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ पोस्ट के अधिकारियों और कर्मियों के द्वारा लगातार यात्रियों के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सुरक्षित यात्रा और रेलवे संपत्ति की सुरक्षा को लेकर यात्रियों में जागरूकता बढ़ाना है। तारेगना रेल थानाध्यक्ष ने यात्रियों को बताया कि चलती ट्रेन में चढ़ना या उतरना अत्यंत खतरनाक होता है, इसलिए ऐसा करने से बचें। फुटबोर्ड पर खड़े होकर यात्रा करना स्वयं और दूसरों दोनों के लिए जोखिमपूर्ण है. यात्रियों को यह भी सलाह दी गयी कि किसी अज्ञात व्यक्ति से खाद्य या पेय पदार्थ न लें, क्योंकि इससे खतरा हो सकता है। आरपीएफ कर्मियों ने लोगों से अपील की कि वे पत्थरबाजी जैसी असामाजिक गतिविधियों से दूर रहें और ऐसी कोई भी घटना होने पर तुरंत रेलवे प्रशासन को सूचित करें। यात्रियों को रेलवे सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर 139 की जानकारी दी गयी और बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति में इस नंबर पर तुरंत संपर्क करें। रेल पुलिस ने यात्रियों से सहयोग की अपील की ताकि सभी के लिए सुरक्षित, सहज और जिम्मेदार रेल यात्रा सुनिश्चित की जा सके। रन फॉर यूनिटी के जरिये एकता का संदेश दिया, बहरहाल बिते शाम को तारेगना स्टेशन पर स्कॉट पुलिस, महिला पुलिस बल एवं तारेगना रेल पुलिस के द्वारा सुरक्षात्मक अभियान चलाये गये। बताया गया की एक्सप्रेस एवं पैसेंजर ट्रेन जो शाम से देर रात चलती है उन सभी ट्रेनों की सुरक्षा को बढा दी गई है।

# जो महिलाओं के लिए रोजगार, सम्मान, सुरक्षा की बात करेगा-वैसी सरकार चुनेंगे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** विधानसभा चुनाव को लेकर वोटिंग होने में महज कुछ ही दिन अब शेष बचे हैं, हर तरफ मतदाताओं में उत्साह देखते बन रहा है ऐसे में ग्रामीण इलाकों की आधी आबादी यानी महिलाएं इस विधानसभा चुनाव में क्या सोच रही है, क्या मिजाज हैं, क्या इस बार मूड बन रहा है, यह जानने के लिए मसौढी प्रखंड के भैंसवां पंचायत में महिलाओं के बीच चुनावी चौपाल का आयोजन किया गया जहां गांव की सभी महिलाओं ने एक सुर में कहा कि हम वैसी सरकार चुनेंगे जो हम महिलाओं की रोजगार की बात करेगा, सम्मान और सुरक्षा को लेकर एक कानून बनायेंगे। इस बार के चुनाव में हम सब महिलाओं ने यही ठाना है कि हम सभी लोग इस चुनाव में ऐसी सरकार चुने जो हम सब महिलाओं को रोजगार दें इसके अलावा बिहार में कुछ छोटे-मोटे उद्योग लगे कंपनियां लगे ताकि हम सबों के परिवार के लोग को बाहर मजदूरी के लिए जाना नहीं पड़े। महिलाओं का प्रसव सुविधा गांव में ही हो, डॉक्टर की कमी को पूरा किया जाए, भैंसवा गांव की कई महिलाओं ने शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार को प्राथमिकता देते हुए उसी के मुद्दे पर वोट देने की बात बताई है। चुनावी चौपाल में शैला कुमारी, आशा देवी, नीतू सिंह, सुषमा सिन्हा, सुशील सिन्हा, गीता देवी, शर्मिला सिन्हा, नीतू कुमारी, चंचल देवी, कुंती देवी, संगीता देवी, विनीता कुमारी, रसिया देवी, मनोरमा देवी, समेत कई महिला शामिल रही। बहरहाल मसौढी विधानसभा में 3,26,456 मतदाता है जिसको लेकर 443 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। वहीं 1,54, 420 महिला मतदाताओं की संख्या है जो मसौढी विधानसभा में निर्णायक की भूमिका में रहती है ऐसे में अब देखना यह है कि इस बार महिला मतदाताओं का रुख किस और अख्तियार करता है।

# मसौढ़ी के भैंसवां में कलश यात्रा का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** मसौढी के भैंसवां गांव में भगवान श्री हरि विष्णु की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा का होने जा रहा है। ऐसे में शनिवार को कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जो भैसवां गांव से बारिबिगहा पुल तक नदी में जलभरी का आयोजन किया गया जहां पर सैकडों की संख्या में महिलाएं सिर पर कलश रखकर भैंसवां गांव से कतारबद्ध होकर दरधा नदी में जलभरी करते हुए पुनः आयोजन स्थल पर महिलाएं पहुंची। आयोजक पंचायत के मुखिया साधु पासवान ने बताया कि भैंसवां गांव में बहुत पहले से यहां पर एक श्री हरि विष्णु का मूर्ति था जिसे एक मंदिर का रूप दिया गया है और रविवार को भव्य रूप से प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। वही राजगीर से आये महंत के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा का विधि विधान के साथ करेंगे ।जिसमें शिवजी पांडे, मिथुन पांडे, विनय पांडे, सौरव पांडे,एवंअवधेश पांडे आदी है। मौके पर राघवेंद्र कुमार, रंजीत कुमार जैकी कुमार, पप्पू सरपंच आदि शामिल रहे।

# मसौढ़ी एवं धनरूआ में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई मगध सम्राट जरासंध की जयंती



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी पितमास पथ स्थित मगध मार्केट में शनिवार को मगध सम्राट जरासंध महाराज की जयंती मनाई गई। चंद्रवंशी महासभा मसौढ़ी के अध्यक्ष अरविंद कुमार चंद्रवंशी के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह में मगध सम्राट जरासंध महाराज की विधिवत पूजा की गयी। वही धनरूआ पंचायत के धनरूआ स्थित जरासंध सरोवर तट पर पूर्व मुखिया योगेंद्र चंद्रवंशी व दिव्यांशु कुमार चंद्रवंशी के नेतृत्व में जरासंध जयंती मनाई गई। उन्होंने कहा कि मगध सम्राट जरासंध महाराज का गौरवशाली इतिहास रहा है, लेकिन इस बात पर भी गंभीरता पूर्वक विचार करने की जरूरत है कि जब पूर्वज गौरवपूर्ण स्थिति में थे तब वर्तमान में समाज की स्थिति वैसी क्यों नहीं है। महाभारत कालीन मगध साम्राज्य के चंद्रवंशी नरेश राजा बृहद्रत के वंश में जन्मे एक छत्र साम्राज्य प्राप्त करने वाले अखंड भारत के चक्रवर्ती मगध सम्राट चन्द्रवंशियों के कुल देवता और पूर्वज है। समस्त चंद्रवंशी परिवार को मगध सम्राट जरासंध महाराज की जयंती में उनको पूजने की जरूरत है। इस मौके पर पूर्व प्रमुख रमाकांत रंजन किशोर दिनेश चंद्रवंशी, अबोध कुमार उर्फ शेरा चंद्रवंशी, मनीष चंद्रवंशी रमेश कुमार रंजन चंद्रवंशी, पप्पू अमित जैकी सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## चुनाव प्रचार के दौरान जख्मी हुए वीआईपी के जिलाध्यक्ष

**मसौढ़ी।** वीआईपी पार्टी के जिलाध्यक्ष राजू बिंद चुनाव प्रचार के दौरान गंभीर रूप में जख्मी हो गए हैं। जिन्हें हाथ फैक्चर हो गया है और कमर में चोट लगी है फिलहाल स्थिति ठीक है और इलाजरत है। दरअसल बताया जाता है कि धनरूआ की नगमा के पास चुनाव प्रचार कर रहे थे उसी समय एक अज्ञात वाहन में जोरदार विपरीत शासन को ठोकर मार दिए जिसके कारण राजू बिन घायल हो गए।

# मसौढ़ी की जनता बदलाव चाहती है, जनसुराज त्रिकोणीय मुकाबले में : राजेश्वर मांझी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** मसौढी विधानसभा में जनसुराज के प्रत्याशी राजेश्वर मांझी ने कहा कि मसौढ़ी की जनता पिछले कई दशकों से निराश है। लोगों को अब एक सशक्त विकल्प की तलाश है। लोग जन सुराज को विकल्प के रूप में देख तो रहे हैं, लेकिन वोट देते समय उन्हें विश्वास की छलांग लगानी होगी। अगर जनता ने भरोसा दिखाया तो परिणाम चौंकाने वाले होंगे। यह चुनाव उनके आंदोलन के लिए जनता के विश्वास की असली परीक्षा होगी। राजेश्वर मांझी की माने तो असली ताकत जनता है। उन्होंने यह भी कहा कि जन सुराज पार्टी की सफलता किसी व्यक्ति विशेष की वजह से नहीं, बल्कि लोगों के समर्थन से तय होगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा की बिहार की राजनीति अब तक दो ध्रुवों महागठबंधन और एनडीए के बीच सीमित रही है, लेकिन जनता अब बदलाव चाहती है. उनके अनुसार लगभग एक-तिहाई मतदाता ऐसे हैं जो न तो महागठबंधन को चाहते हैं और न ही एनडीए को यही मतदाता आने वाले समय में जन सुराज को मजबूत बना सकते हैं। उन्होंने दावा किया कि जनसुराज पार्टी त्रिकोणीय मुकाबला देने की स्थिति में है और यह चुनाव मसौढी की राजनीति की दिशा बदल सकता है। जन सुराज सिर्फ एक पार्टी नहीं, बल्कि बिहार के पुनर्निर्माण की सामाजिक मुहिम है। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य सत्ता हासिल करना नहीं, बल्कि शासन की संस्कृति में सुधार लाना है, जहां शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पारदर्शिता को प्राथमिकता देना है।

# खाटूश्याम के जन्मदिन पर भंडारा का आयोजन

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी स्टेशन रोड स्थित बडा मिल के पास खाटूश्याम के जन्मदिन के अवसर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जहां भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी, कार्यक्रम का संचालन आचार्य विश्व रंजन की मौके पर अश्वनी उर्फ गोल्डी, अमित, निशु सहित कई भक्तों ने खाटूश्याम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और दीप प्रज्ज्वलित किए। भक्तों ने हलुआ का भोग लगाकर उपस्थित लोगों में खीर का प्रसाद वितरित किया। सैकड़ों राहगीरों ने इस प्रसाद को ग्रहण किया और खाटूश्याम के जयकारे लगाए। बहरहाल शनिवार को खाटूश्याम के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित भंडारे में भक्तों को प्रसाद वितरित किया जाएगा। आयोजकों ने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

# पटना प्रमंडल ने जीता ओवरऑल चैंपियन का खिताब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**औरंगाबाद।** राज्य स्तरीय अंतर-प्रमंडल विद्यालय खेल ग्रीको-रोमन अंडर-19 एवं अंडर-17 बालक कुश्ती प्रतियोगिता 2025-26 का सफल आयोजन 30 अक्टूबर से 01 नवंबर 2025 तक शहर स्थित इंडोर स्टेडियम में किया गया। यह खेल विभाग बिहार, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना एवं जिला प्रशासन, औरंगाबाद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में कुल नौ प्रमंडलों से लगभग 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के विभिन्न भार वर्गों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंडर-19 बालक वर्ग के परिणाम : 55 किग्रा में जाहिर रजक (पटना प्रमंडल), 60 किग्रा - मोहित कुमार (पटना प्रमंडल), 63 किग्रा - प्रभात कुमार (पटना प्रमंडल), 67 किग्रा - राहुल कुमार (मगध प्रमंडल), 72 किग्रा-शिवम कुमार (पटना प्रमंडल), 77 किग्रा - अजीत कुमार (पटना प्रमंडल), 83 किग्रा - अमित कुमार (कोशी प्रमंडल), 87 किग्रा-धीरज कुमार (मगध प्रमंडल), 97 किग्रा-रोशन कुमार (तिरहुत प्रमंडल), 130 किग्रा-आयुष मनस्वी (तिरहुत प्रमंडल)। इन सभी खिलाड़ियों ने पदक जीतकर अपने-अपने प्रमंडल का गौरव बढ़ाया तथा राष्ट्रीय स्तरीय विद्यालय खेल ग्रीको-रोमन प्रतियोगिता में स्थान सुनिश्चित किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी कुमार पप्पू राज तथा सहायक आपदा प्रबंधन पदाधिकारी अंतरा कुमारी द्वारा खिलाड़ियों को पदक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बिहार कुश्ती संघ के सचिव विनय कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण से आए आठ तकनीकी अधिकारियों विवेक भारद्वाज, भोरीक सिंह यादव, आशुतोष कुमार, विजय कुमार, विनय कुमार सिंह, निखिल कुमार, अजय कुमार यादव एवं उदय कुमार तिवारी ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन समिति में शारीरिक शिक्षा शिक्षक एवं सहयोगियों में रवि शंकर कुमार, मोहम्मद जावेद सिद्दीकी उर्फ राजा, राजू कुमार, पद्मजा रंजन, हरिओम कुमार, विनोद कुमार सिंह, चंदन कुमार, अमरनाथ सिंह उर्फ कान्हा सिंह, नागेन्द्र कुमार, पहलवान ऋषि राज एवं अजय कुमार ने प्रतियोगिता संचालन में अहम योगदान दिया। प्रतियोगिता में अंडर-17 एवं अंडर-19 दोनों वर्गों में पटना प्रमंडल ने ओवरऑल विजेता का खिताब हासिल किया। अंडर-17 में उपविजेता - पूर्णिया प्रमंडल, अंडर-19 में उपविजेता - तिरहुत प्रमंडल। सभी विजेता खिलाड़ियों एवं उनके कोच को खेल पदाधिकारी पप्पू राज, कुश्ती संघ सचिव विनय कुमार सिंह एवं उदय तिवारी द्वारा ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। औरंगाबाद कुश्ती संघ के सचिव उदय तिवारी ने बताया कि जिला प्रशासन एवं संघ के संयुक्त प्रयास से खिलाड़ियों के लिए बेहतर खेल वातावरण एवं अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। यही कारण है कि जिले के खिलाड़ी लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। चयनित खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में बिहार का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### जयप्रकाश विश्वविद्यालय में मनाई गई लौहपुरुष सरदार पटेल की जयंती

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वतंत्र भारत के प्रथम गृह मंत्री लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती बुधवार को जयप्रकाश विश्वविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में सीनेट हॉल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में वक्ताओं ने सरदार पटेल के योगदान और राष्ट्र निर्माण में उनकी



भूमिका पर विस्तृत चर्चा की तथा देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में दोपहर 1 बजे कुलसचिव प्रो. नारायण दास, कुलानुशासक प्रो. विश्वामित्र पांडेय, परीक्षा नियंत्रक प्रो. अशोक मिश्रा, एनएसएस समन्वयक प्रो. हरिश्चंद्र सहित विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने राष्ट्रीय एकता और आंतरिक सुरक्षा को अक्षुण्ण रखने की शपथ ली।

### डीएचएस के डीपीएम से जबाव तलब

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष सह जिला पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने जिला कार्यक्रम प्रबंधक अमित अचल से मुख्यालय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के मामले में स्पष्टीकरण की मांग की है। इस संबंध में पत्र जारी कर कहा गया हैं कि 30 अक्टूबर 2025 को आवश्यक कार्यवश उनकी खोजबीन की गई, लेकिन, वे मुख्यालय पर उपस्थित नहीं पाए गए। पत्र में कहा गया हैं कि किसी भी परिस्थिति में मुख्यालय छोड़ने से पूर्व संबंधित अधिकारी को विधिवत अनुमति लेना अनिवार्य है, बावजूद इसके अमित अचल बिना अनुमति मुख्यालय से अनुपस्थित पाए गए। इसे दायित्व के प्रति घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता और स्वेच्छाचारिता का परिचायक मानते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया हैं कि जिला कार्यक्रम प्रबंधक 48 घंटे के अंदर अनधिकृत अनुपस्थिति पर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें, अन्यथा उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा की जाएगी। साथ ही उनका मानदेय भुगतान अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है।

### बेमौसम बरसात बनी किसानों के लिए आफत की बारिश, किसान परेशान

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** क्षेत्र में पिछले चार दिनों से रुक रुक कर हो रही लगातार बारिश से एक तरफ जहां आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। लगातार बारिश से लोगो की रोजमरा की जिंदगी को प्रभावित कर दिया है, वही दूसरी तरफ किसानों के लिए आफत बनी हुई है। किसानों का कहना है कि जब बारिश की आवश्यकता थी तो बारिश नही हुई। खेत मे लगे फसलो में समय से पानी नही मिलने से अधिकतर फसल खेत मे ही सुख गए। और जो बचा है। उसे काट कर घर लाने के समय यह बारिस के चलते वह भी खेत मे ही नुकसान हो रहा है। कई खेत मे धान का फसल काटकर पानी मे पड़ा हुआ है। वही इस बारिश से गन्ना के फसल भी खेतो में ही गिर गए है। खेत मे गिरने से उसके कटाई व ढुलाई में भी परेशानी होगी और पैदावार में भी कमी आएगी। किसानों ने यह बताया कि यह मौसम की मार से किसान भुखमरी के कगार पर है। किसान बताते है कि खरीफ की फसल पानी के अभाव में सुख गया। रबी, तेलहन और दलहन के समय यह बे मौसम बारिश खेती करने के लिए आफत बनी हुई हैं। उनका कहना है कि खेत की नमी कम होती तो धान की कटनी शुरू होती, कुछ जगहों पर हुई भी है तो बारिश में खराब हो रहा है। वही तिलहन व दलहन के फसल खेतो में लगाने में भी देरी हो रही।

### पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में

**रामनगर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधान सभा चुनाव की तैयारी को लेकर पुलिस प्रशासन के अधिकारी अलर्ट मोड में आ गए है। चुनाव को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए एसडीपीओ रागनी कुमारी के निर्देश पर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में नगर समेत ग्रामीण क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। नगर के मुडिला, नरैनापुर रोड, मेघवल मठिया ,गोला बाजार हरिनगर समेत अन्य स्थानों पर फ्लैग मार्च निकाला गया। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया है कि विधानसभा चुनाव पारदर्शी व स्वच्छ चुनाव कराए जाएंगे। इस फ्लैग मार्च में शामिल एसएसबी इंस्पेक्टर सुशील कुमार यादव, एसआई नेहा कुमारी समेत बड़ी संख्या में एसएसबी के जवान शामिल रहे।

### चुनाव प्रचार में लगे मुखिया से मारपीट, सोने का चैन छीना, प्राथमिकी दर्ज

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ढाका विधान सभा जनसूरज के प्रत्याशी डॉ एलबी प्रसाद के साथ जनसंपर्क अभियान में शामिल मलकौनिया मुखिया से मारपीट का मामला सामने आया है.घटना बीती रात लगभग आठ बजे झरौखर थाना क्षेत्र के आठमुहान के पास की बताई जाती है. घटना को लेकर ढाका थाना क्षेत्र के परसा निवासी तथा संबंधित पंचायत के मुखिया बाबूलाल प्रसाद आर्य ने घटना से संबंधित एक आवेदन झरौखर थाना को देते प्राथमिकी दर्ज कराया है.दर्ज प्राथमिकी में उन्होंने बताया कि ढाका विधान सभा प्रत्याशी डॉ एलबी प्रसाद के साथ रात्रि के आठ बजे प्रखंड क्षेत्र के विशुनपुर पंचायत के कोन्हवा टोला आठमुहान में जनसंपर्क अभियान में शामिल थे,इसी बीच लौटने के क्रम नशे में धुत एक युवक ने वाहन पर लात और मुक्का से मारते भद्दी भद्दी गाली देने लगा तभी वाहन से सिद्धार्थ जायसवाल और मै उतर कर उसे समझाने का प्रयास किया लेकिन उसने मुझे पीछे से पकड़ कर मारपीट करने लगा इसी क्रम में मेरा चश्माऔर मोबाइल गिर गया तथा मेरे गले में डेढ़ लाख का सोने का चैन झपट कर फरार हो गया.ग्रामीणों से पूछने पर बताया गया कि आठमुहान गांव निवासी श्रीकांत यादव का पुत्र विपिन यादव है.थानाध्यक्ष असलम अंसारी ने बताया कि मामले में विपिन यादव के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है तथा उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### रेड क्रॉस सोसाइटी एवं बिहार ग्रामीण बैंक के सौजन्य से मेगा रक्तदान का किया गया आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटीज ,पूर्वी चंपारण और बिहार ग्रामीण बैंक के सौजन्य एवं तत्वावधान में एक मेगा रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर का उद्घाटन श्री शैलेन्द्र कुमार भारती,अध्यक्ष, रेड क्रॉस सोसाइटीज एवं श्री मनीष कुमार ,ब्रांच मैनेजर द्वारा संयुक्त रुप से किया गया।रक्त दान महादान है इसकी महत्ता पर प्रकाश डालते हुए यह बताया गया कि प्रत्येक स्वस्थ्य वयस्क मानव को तीन महीने में एक बार रक्तदान करना चाहिए। इससे शरीर में नयी स्फूर्ति आती है और कैंसर



जैसी बिमारी से भी बचाव होता है।इसलिए मोतिहारी के आमजनों से अनुरोध किया कि बढचढ कर रक्त दान करें ताकि आपात स्थिति में घायलों एवं मरीजों को रक्त आसानी से उपलब्ध हो सके।इस शिविर में कुल 36बैंक कर्मियों ने रक्तदान किया मनीष कुमार, नलीनी कान्त, अभिषेक रंजन, दीपक कुमार, नूरेन निसार,परंशात,स्वणं सत्यम, प्रिया कुमारी,विकरान्त ठाकुर, रितेश कुमार वर्मा, राहुल कुमार, अवनीत कुमार, कुंदन कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सुरभि प्रिया आदि।सभी प्रतिभागी ने इस रेड क्रॉस सोसाइटीज के कार्यों की सराहना की।

### एक पिस्तौल व दो गोली बरामद

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शाहपुर पुलिस ने गुप्त सूचना पर गंगहरा में छापेमारी कर एक देसी पिस्तौल व दो गोली बरामद किया गया है. छोटे सरकार पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया. सिटीएसपी पश्चिमी भानू प्रताप सिंह ने पत्रकारों को बताया कि शाहपुर पुलिस ने गुप्त सूचना मिला कि गंगहरा निवासी छोटे सरकार अपने घर पर किसी घटना को अंजाम देने के लिए हथियार छुपा कर रखे हुए है. सूचना पर पुलिस ने सन्नी उर्फ छोटे सरकार के घर छापेमारी कर एक देसी पिस्तौल व दो गोली बरामद किया गया है. जबकि छोटे सरकार फरार हो गया है. फरार सन्नी उर्फ छोटे सरकार के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी किया जा रहा है. सन्नी उर्फ छोटे सरकार पर शाहपुर थाना में तीन मामला दर्ज है.

# बच्चों ने अनोखे अंदाज में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

## पोस्टर और नारे लिखकर दिया संदेश- पहले मतदान, फिर जलपान





**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्राथमिक विद्यालय प्रखंड कॉलोनी के छात्र-छात्राओं ने गुरुवार को एक रचनात्मक मतदाता जागरूकता अभियान चलाया. बच्चों ने पोस्टर, पेंटिंग और नारों के माध्यम से अभिभावकों व आम लोगों से अपील की कि मतदान करना हर नागरिक का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक कर्तव्य है. बच्चों के हाथों में लिखे प्रेरक स्लोगन थे- जिनमे मेरा वोट, मेरा अधिकार. पहले मतदान, फिर जलपान. छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलो करें मतदान. हर वोट कीमती है, वोट देना सबसे जरूरी है. जागरूक मतदाता, मजबूत लोकतंत्र. वोट करो वफादारी से, चयन करो समझदारी से. जो सच्चा और ईमानदार, वही है वोट का हकदार. बच्चों ने रंग-बिरंगी पेंटिंग बनाकर लोकतंत्र की शक्ति और वोट के महत्व को दशार्या. इस अभियान को विद्यालय की शिक्षिका नीतू शाही ने प्रेरित किया. उन्होंने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि मतदान केवल अधिकार नहीं, भविष्य गढ़ने की जिम्मेदारी भी है. उन्होंने बच्चों से कहा कि वे अपने घर-परिवार तथा मोहल्ले के लोगों से भी मतदान के लिए आग्रह करें. नीतू शाही ने कहा- बच्चे देश का भविष्य हैं. यदि वे आज से लोकतंत्र की बुनियाद को समझेंगे, तो कल एक जागरूक समाज का निर्माण होगा. बच्चों ने भी एक आवाज में कहा- मेरा वोट, मेरा भविष्य. अभियान के अंत में सभी छात्रों ने शपथ ली कि वे खुद बड़े होकर वोट करेंगे और अपने आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे.

## दानापुर बीआरसी का 80वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार रेजिमेंट केंद्र का 80वां स्थापना दिवस शनिवार को धूमधाम से मनाया गया. देश की खातिर अपने प्राण न्योछावर कर देने वाले शहीद जवानों को श्रद्धांजलि देने के साथ-साथ, विशेष सैनिक सम्मलेन का आयोजन किया गया. रेजिमेंट के कार्यवाहक समादेष्टा कर्नल तेजिंदर पाल सिंह हुंदल (वीएसएम) रेजिमेंट के वीर स्मृति स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर वीर जवानों को याद किया और सभी रैंकों को स्थापना दिवस की बधाई दी.बिहार रेजिमेंट केंद्र की स्थापना 1 नवंबर 1945 को लेफ्टिनेंट कर्नल आरसी मुलर द्वारा आगरा में की गई थी. स्थापना के बाद रेजिमेंट को थोड़े समय के लिए गया और बाद में 1949 में दानापुर में स्थानांतरित कर दिया गया. भारतीय सेना के इतिहास में, 1971 के भारत-पाक युद्ध के दौरान बिहार रेजिमेंट के योद्धाओं की वीरता और साहस स्वर्ण अक्षरों में अंकित है. 1971 में वीर बिहारी जवानों ने बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. कारगिल और हाल ही में गलवान ऑपरेशन में रेजिमेंट के सैनिकों ने अदम्य साहस और बहादुरी का प्रदर्शन किया और विपरीत परिस्थितियों में पाक और चीनी सेना के खिलाफ अपनी ताकत और क्षमता साबित की. रेजिमेंट को अपनी अनुकरणीय सेवा के लिए 3 अशोक चक्र, 3 महावीर चक्र 13 कीर्ति चक्र, 16 वीर चक्र, 47 शौर्य चक्र, 6 परम विशिष्ट सेवा पदक, 12 अति विशिष्ट सेवा पदक, 40 विशिष्ट सेवा पदक, 7 युद्ध सेवा पदक, 196 सेना मेडल, 3 जीवन रक्षक पदक और 40 मॅशन इन डिस्पैच समेत कई सम्मानों से नवाजा जा चुका है.

## एम्स पटना में सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025, वॉकथॉन के साथ दिया गया 'सतर्कता-हमारी साझा जिम्मेदारी' का संदेश





**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एम्स पटना में 27 अक्टूबर से 2 नवंबर 2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया. यह कार्यक्रम केंद्रीय सतर्कता आयोग की पहल के तहत पारदर्शिता, ईमानदारी और जवाबदेही को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया गया. इस वर्ष थीम रही- सतर्कता : हमारी साझा ज़िम्मेदारी. कार्यक्रम का संचालन मुख्य सतर्कता अधिकारी डॉ. उत्पल आनंद के मार्गदर्शन में हुआ. सप्ताह के दौरान प्रशासनिक ब्लॉक से ओपीडी तक वॉकाथॉन आयोजित किया गया, जिसमें कार्यकारी निदेशक प्रो. (ब्रिगे.) डॉ. राजू अग्रवाल, उप निदेशक नीलोत्पल बल, अधिष्ठाता डॉ. पुनम प्रसाद भदानी सहित संकाय, रेजिडेंट, नर्सिंग स्टाफ और कर्मचारी शामिल हुए. कार्यकारी निदेशक ने कहा कि सतर्कता केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि सार्वजनिक सेवा की नैतिक जिम्मेदारी है. मुख्य सतर्कता अधिकारी डॉ. आनंद ने कहा कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई आत्म-अनुशासन से शुरू होती है. सप्ताह की शुरूआत सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा से हुई, जिसमें अधिकारी और कर्मचारियों ने ईमानदारी बनाए रखने की शपथ ली. इसके अलावा सतर्कता विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें कर्मचारियों और रेजिडेंट्स ने भाग लिया. सप्ताह का समापन इस संदेश के साथ हुआ कि भ्रष्टाचार-मुक्त समाज के लिए जागरूकता और सामूहिक जिम्मेदारी अनिवार्य है.

## नौबतपुर के अजवान गांव में जागरूकता कार्यक्रम के साथ किया ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस मंथ का समापन





**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ब्रेस्ट कैंसर अवेयरनेस मंथ के अंतिम दिन 31 अक्टूबर 2025 को एम्स पटना के कम्युनिटी एंड फैमिली मेडिसिन विभाग ने नौबतपुर प्रखंड के अजवान गांव में ग्रामीण महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया. कार्यक्रम का उद्देश्य ब्रेस्ट कैंसर की शुरूआती पहचान, रोकथाम और समय पर जांच के महत्व को समझाना था.यह पहल समुदाय आधारित स्वास्थ्य जागरूकता, निवारक कैंसर रोकथाम और महिला सशक्तिकरण के प्रति एम्स पटना की प्रतिबद्धता को दशार्ती है. इस जागरूकता कार्यक्रम के दौरान फैकल्टी और रेजिडेंट डॉक्टरों ने महिलाओं को शुरूआती लक्षण, जोखिम कारक और स्क्रीनिंग की आवश्यकता के बारे में जानकारी दी. स्वयं जांच (सेल्फ - ब्रेस्ट एग्जामिनेशन) का लाइव डेमो भी किया गया, ताकि महिलाएं खुद अपनी सेहत की प्राथमिक निगरानी कर सकें. इंटर्न और पीजी रेजिडेंट्स ने नुक्कड़ नाटक के जरिये ब्रेस्ट कैंसर से जुड़े भ्रम और मिथकों को दूर करते हुए जागरूकता का संदेश दिया. कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया.

## तीन दिनों में मोथा चक्रवात का असर रहा

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार तीसरे दिन भी मोथा चक्रवात का असर रहा। तीसरे दिन शनिवार को भी रुक रुक कर बारिश होती रही। जिससे आम जन जीवन प्रभावित हुआ। तो दूसरी ओर मोंथा चक्रवात का असर किसानों के खेतों पर पड़ा। किसानों की 40 फीसदी से अधिक धान की फसल इस चक्रवात से प्रभावित हुई है। किसानों की तैयार धान की फसल खेतों में पूरी तरह से पट गई है। साथ ही खेतों में जल जमाव से धान के फसल के सड़ने की भी असर बढ़ गए हैं। ऐसे में इस चक्रवात में किसानों की कमर तोड़ दी है। किसानों का कहना है कि चक्रवात से धान व सब्जी के फसलों के साथ-साथ रवि फसल की बुवाई पर भी इसका असर पड़ेगा।

## दुलारचंद हत्याकांड : लापरवाही में दो थानाध्यक्ष नपे

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भदौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बसावनचक के पास गुरुवार को हुए दुलारचंद यादव की हत्या के मामले में पुलिस ने कई जगहों पर छापेमारी की है। वहीं एसआईटी का भी गठन किया जा रहा है। उधर दूसरी तरफ मृतक के पोस्टमार्टम रिपोर्ट से कई सबूत भी सामने आए हैं ।गिरफ्तारी को लेकर भदौर थानाध्यक्ष ने कोई भी जानकारी देने से इनकार कर दिया है । दुलारचंद यादव की मोकामा के जन सुराज पार्टी प्रत्याशी पीयूष प्रियदर्शी के जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता दल यूनाइटेड के प्रत्याशी अनंत सिंह और उनके समर्थकों पर कथित हत्या का केस दर्ज किया गया था। वही भदौर में दो और पंडारक में एक केस दर्ज किया गया था। दुलारचंद यादव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है कि मृतक की छाती के दोनों तरफ के पसली एवं बीच की हडडी टूटी हुई थी ।कई जगहों पर छिलने के निशान थे। बाया हाथ कंधे से नीचे एक जगह तथा दाहिना पैर तीन हिस्सों में टूट गया था। गोली पैर की एड़ी की हड्डी को छेद कर आर पार हो गई थी। मेडिकल बोर्ड ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट को प्रक्रिया पूरी होने के तुरंत बाद ही पुलिस को सौंप दिया। आशंका है कि संघातिक चोट की वजह से दुलारचंद की मौत हुई है ।हालांकि गोली मौत के पहले लगी या बाद में इसको लेकर भी पुलिस जांच कर रही है।

**पुलिस अभिरक्षा में प्रत्याशी को प्रचार करने का आदेश**

मोकामा विधानसभा में मुख्य प्रत्याशियों को सुरक्षित तरीके से चुनाव प्रचार करने को लेकर जिला प्रशासन ने दंडाधिकारी के नेतृत्व में पुलिसकर्मी और वीडियो ग्राफर तैनात किया है। पुलिस का कहना है कि प्रत्याशियों के मूवमेंट और संभावित खतरे को देखते हुए यह आदेश निर्गत किया गया है ।

**सबूत के आधार पर गिरफ्तारी का**

**पंडारक में हुए उपद्रव को लेकर 25 गिरफ्तार, एसआइटी के गठन की तैयारी**

**आदेश**

दुलारचंद हत्याकांड एवं अन्य मामलों में सबूत के आधार पर गिरफ्तारी करने की बात कही है ।पुलिस के अनुसार तकनीकी अनुसंधान के जरिए अभियुक्तों को चिन्हित करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है ।कई अभियुक्त को पकड़ा भी गया है। लगातार छापेमारी चल रही है।

**दो थानाध्यक्ष निलंबित**

दुलारचंद हत्याकांड को लेकर घोसवरी थानाध्यक्ष मधुसूदन कुमार और भदौर थानाध्यक्ष रवि रंजन चौहान को लापरवाही के लिए निलंबित कर दिया गया। शत्रुघ्न कुमार को भदौर का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। नये थानाध्यक्ष ने अपना कार्यभार संभाल लिया है।

**सीआईडी टीम कर रही जांच**

दुलारचंद हत्याकांड के पूरे मामले को लेकर सीआईडी टीम भी जांच कर रही है। टीम ने जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है ।घटनास्थल एवं अन्य सबूत को इकट्ठा किया जा रहा है । आरोप के अनुसार रेलवे ट्रैक वाले पत्थर घटनास्थल पर कैसे मिले ,इसे भी जांच के दायरे में रखा गया है।

**अलग-अलग चुनाव कराने की मांग**

लोहिया जनता दल के राष्ट्रीय महासचिव राजू प्रसाद चंद्रवंशी ने बाढ़ और मोकामा विधानसभा क्षेत्र का चुनाव अलग-अलग तिथि को कराने की मांग की है। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन आयोग को पूर्व में ही इस आसय का प्रतिवेदन दिया गया था ।चंद्रवंशी ने बताया कि दोनों विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक मतभेद बढ़ रहा है। इससे शांति भंग होने की संभावना है।

## सभी थानों में लाइसेंसी हथियार जमा करने की प्रक्रिया जारी

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधानसभा चुनाव निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो इसको लेकर प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय हो गया है। चुनाव आयोग का निर्देश है की लाइसेंसधारी नागरिकों को अपने आर्म्स (हथियार) संबंधित थानों में 24 घंटे के अंदर जमा करें। एसपी सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि विभागीय निर्देश के आलोक में बगहा पुलिस जिला के सभी थानों में लाइसेंसी हथियार जमा करने की प्रक्रिया जारी हैं। नगर थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि नगर थाना क्षेत्र में कुल 180 आर्म्स हैं, जिनके धारकों को तत्काल अपने-अपने हथियार थाना में जमा कराने का निर्देश दिया गया है। हथियार जमा करने वाले लाइसेंसधारियों को रसीद (रिसीविंग) भी दी जा रही है। अंचल निरीक्षक संजय कुमार पाठक ने चौतरवा थाना में इस अभियान की समीक्षा की। थाना अध्यक्ष राहुल कुमार द्वारा थाना क्षेत्र में आर्म्स जमा करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## सुगौली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में बनाये गये डिस्पैच में चल रहे इवीएम कमीशनिंग का लिया गया जायजा



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 11 - सुगौली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक हनीश छाबड़ा के द्वारा सुगौली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए बनाए गए डिस्पैच सेंटर नन्द +2 हाई स्कूल सुगौली में चल रहे ईवीएम कमीशनिंग का जायजा लिया गया। उनके द्वारा कमीशनिंग कर रहे कर्मियों से कमीशनिंग की प्रक्रिया से संबंधित सवाल पूछे गए तथा उपस्थित सभी को इस प्रक्रिया को ध्यानपूर्वक एवं समुचित तरीके से करने का निदेश दिया गया। कमीशनिंग के दौरान 11- सुगौली विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर सह एसडीएम सुश्री श्वेता भारती ,सहायक निवार्ची पदाधिकारी सुगौली के साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। यहां से निकलने के बाद प्रेक्षक महोदय के द्वारा सीएस डीएवी पब्लिक स्कूल बनकट में दिए जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण कर जायजा लिया गया। यहां पर प्रशिक्षण प्राप्त करें सभी मतदान कर्मियों को बोला गया कि सभी लोग मास्टर ट्रेनर्स का मोबाइल नंबर जरूर रखेंगे एवं मतदान के दिन किसी भी तरह की परेशानी हो तो उनसे तुरंत संपर्क स्थापित कर लेंगे।प्रेक्षक के द्वारा सीएस डीएवी पब्लिक स्कूल बनकट में मतदान कर्मियों से कराए जा रहे पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान प्रक्रिया को भी देखा गया एवं वहां उपस्थित पदाधिकारियों से जरूरी जानकारी प्राप्त की गई।

## एम्स पटना मलयाली एसोसिएशन ने 69वां केरल स्थापना दिवस रक्तदान शिविर के साथ मनाया





**फुलवारीशरीफ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एम्स पटना मलयाली एसोसिएशन ने एम्स पटना ब्लड बैंक के सहयोग से 69वां केरल स्थापना दिवस (केरल पिरवी) बड़े उत्साह और सामाजिक प्रतिबद्धता के साथ रक्तदान शिविर आयोजित कर मनाया. यह कार्यक्रम एम्स पटना ब्लड बैंक में आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक प्रो. (ब्रिगे.) डॉ. राजू अग्रवाल द्वारा किया गया. उन्होंने सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और केरल राज्य की उल्लेखनीय उपलब्धियों — जैसे कि देश में सर्वोच्च साक्षरता दर, उत्कृष्ट स्वास्थ्य सूचकांक और गरीबी उन्मूलन में महत्वपूर्ण प्रगति — की सराहना की. डॉ. पुनम भदानी, अधिष्ठाता (शैक्षणिक), ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि केरल ने शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास के क्षेत्र में जो समग्र प्रगति की है, वह पूरे देश के लिए प्रेरणास्रोत है. डॉ. अमित राज, चिकित्सा अधीक्षक, ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के इस नेक प्रयास की सराहना की और कहा कि रक्तदान जीवन बचाने और सामुदायिक स्वास्थ्य को सशक्त बनाने का एक अत्यंत मानवीय कार्य है. श्री नीलोत्पल बल, उप निदेशक (प्रशासन), ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि केरल दिवस के अवसर पर आयोजित यह कार्यक्रम एकता और सेवा का प्रतीक है. डॉ. बंकिम दास, ब्लड बैंक विभागाध्यक्ष, ने आयोजन को पूर्ण समर्थन प्रदान किया और रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए आयोजकों को बधाई दी. मुख्य नर्सिंग अधिकारी डॉ. रथीश नायर ने रक्त दो, जीवन बचाओ के मानवीय संदेश की सराहना की और कहा कि यह पहल करुणा और सेवा की भावना को प्रोत्साहित करती है. डॉ. उमेश भदानी, संज्ञाहरण विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ संकाय सदस्य, ने संरक्षण और दान के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि आपातकालीन स्थितियों में यह रक्त अत्यंत आवश्यक भूमिका निभाता है. कार्यक्रम का समन्वय श्री सुजीश एन. एस., अध्यक्ष, एम्स पटना मलयाली एसोसिएशन द्वारा किया गया, जबकि श्री सीनोज थॉमस, महासचिव, ने संपूर्ण व्यवस्थाओं का सफलतापूर्वक संचालन किया. एसोसिएशन की कार्यकारिणी समिति ने भी आयोजन में पूर्ण सहयोग दिया. ब्लड बैंक की विभिन्न इकाइयों, एम्स कॉलेज ऑफ नर्सिंग, नर्सिंग अधीक्षक, उप नर्सिंग अधीक्षक, सहायक नर्सिंग अधीक्षक, वरिष्ठ नर्सिंग अधिकारी, नर्सिंग अधिकारी तथा एम्स के कई अन्य कर्मचारियों ने रक्तदान किया. इसके अलावा, कई बाहरी दाताओं ने भी प्रेरित होकर रक्तदान में भाग लिया. इस अवसर पर 50 से अधिक यूनिट रक्त एकत्र किया गया. कार्यक्रम का समापन केरल पिरवी की शुभकामनाओं और एकता, करुणा एवं मानव सेवा के सामूहिक संदेश के साथ हुआ.

# प्रशिक्षण ही निर्वाचन कार्यों की सफलता की आधारशिला : श्रीकांत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** आम निर्वाचन 2025 के सफल, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री के द्वारा जिले के विभिन्न प्रशिक्षण केन्द्रों का दौरा किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मतदान कर्मियों के द्वितीय चरण के प्रशिक्षण के रूप में आयोजित किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में प्रेसाइडिंग ऑफिसर, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान अधिकारी सहित सभी नियुक्त मतदान दलों को निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रशिक्षण केन्द्रों पर पहुंचकर प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं का सूक्ष्म अवलोकन किया। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान उपयोग में लाए जा रहे ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के प्रदर्शन, डेमो पोल की प्रक्रिया, चुनाव प्रक्रिया के प्रत्येक चरण जैसे कि मतदान के पूर्व की तैयारी, मतदान दिवस की कार्यवाही, मॉक पोल की प्रक्रिया, मतगणना स्थल पर बैलेट यूनिट एवं कंट्रोल यूनिट के सुरक्षित हस्तांतरण आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रशिक्षण में उपस्थित कर्मियों से व्यक्तिगत रूप से संवाद स्थापित करते हुए उनकी शंकाओं का समाधान किया तथा यह सुनिश्चित किया कि प्रत्येक मतदान कर्मी को मतदान दिवस पर किए जाने वाले सभी कार्यों की पूर्ण एवं व्यवहारिक जानकारी हो। जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने प्रशिक्षण संचालित कर रहे मास्टर ट्रेनरों को निर्देशित किया कि वे प्रशिक्षण को केवल औपचारिकता न समझें बल्कि इसे इस प्रकार संचालित करें जिससे प्रत्येक कर्मी को निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक चरण की तकनीकी, प्रशासनिक एवं कानूनी जानकारी प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण ही निर्वाचन कार्यों की सफलता की आधारशिला है। अतः मतदान कर्मियों को मतदान केंद्र पर उत्पन्न होने वाली किसी भी आकस्मिक स्थिति जैसे मशीन में गड़बड़ी, दिव्यांग पहचान से संबंधित विवाद, दिव्यांग मतदाताओं की सहायता, या कतार प्रबंधन जैसी स्थितियों के समाधान के लिए व्यवहारिक रूप से प्रशिक्षित किया जाना आवश्यक है। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी श्री शास्त्री ने प्रशिक्षण स्थलों पर मौजूद उप निर्वाचन पदाधिकारी, प्रशिक्षण प्रभारी, नोडल अधिकारी (प्रशिक्षण) एवं अन्य कोषांगों के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण केन्द्रों पर स्वच्छता, पेयजल, बैठक व्यवस्था, ईवीएम प्रदर्शन किट की उपलब्धता तथा प्रशिक्षण सामग्रियों के वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र का वास्तविक उत्सव मतदान दिवस पर जनता की भागीदारी से ही सफल होता है। इसलिए प्रत्येक कर्मी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कर्मियों से अपील की कि वे निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः पालन करें, समय पर अपने-अपने मतदान केन्द्रों पर पहुंचें, निर्वाचन सामग्रियों का सुरक्षित रख-रखाव सुनिश्चित करें तथा निर्वाचन कार्यों के दौरान किसी प्रकार का पक्षपात या लापरवाही न बरतें। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने इस अवसर पर यह भी कहा कि जिला प्रशासन द्वारा मतदान कर्मियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

# हथियारों के साथ चार गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले के अलग-अलग थाना की पुलिस ने हथियारों के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दाउदनगर थाना क्षेत्र के पटवा टोली मुहल्ला से तीन अवैध देसी कट्टा के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान उस मोहल्ला निवासी पवन कुमार उर्फ गोलू के रूप में की गई है। शनिवार को दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक दास ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि चुनाव के मद्देनजर अवैध हथियारों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस उपनिरीक्षक सह अपर थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि पटवा टोली निवासी पवन कुमार उर्फ गोलू अपने घर में कुछ असामाजिक तत्वों को शरण दे रखा है और उसके पास अवैध आग्नेयास्त्र हैं। सूचना की पुष्टि के बाद थानाध्यक्ष विकास कुमार के नेतृत्व में पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने देर शाम पटवा टोली में छापेमारी की। तलाशी के दौरान पवन कुमार उर्फ गोलू के घर में एक कमरे में रखे टीन के बक्से से एक देसी कट्टा तथा दूसरे कमरे में दरवाजे के पास रखे टीन के ड्रम से दो देसी कट्टा बरामद किया गया है। साथ ही आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं देवकुंड पुलिस ने अपराध की योजना बना रहे तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान थाना क्षेत्र के महाराजगंज गांव निवासी अनंत कुमार, धीरज कुमार एवं मृत्युंजय कुमार के रूप में की गई है। इनके पास से एक देसी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस एवं एक बाइक बरामद किया गया है। दाउदनगर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार दास ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि सूचना के आधार पर देर रात महाराजगंज गांव में छापेमारी की गई। पुलिस को देखकर ये तीनों अचानक भागने लगे जिन्हें पीछा कर गिरफ्तार किया गया। तलाशी में एक देसी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस एवं एक बाइक बरामद किया गया।

# निर्वाचन कार्य की पारदर्शिता और निष्पक्षता सर्वोच्च प्राथमिकता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के दिशा-निर्देशानुसार बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 के सफल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन तथा प्रशिक्षण कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा औरंगाबाद जिला में कुल 06 सामान्य प्रेक्षक, एक पुलिस प्रेक्षक एवं 2 व्यय प्रेक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है। इन प्रेक्षकों की नियुक्ति का उद्देश्य निर्वाचन की प्रत्येक प्रक्रिया की निगरानी करते हुए आयोग के निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करना है। सामान्य प्रेक्षक अपने-अपने आवंटित विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन, स्क्रूटनी, मतदान एवं मतगणना की संपूर्ण प्रक्रिया का निरीक्षण करेंगे तथा निर्वाचन आचार संहिता के अनुपालन पर भी सतत निगरानी रखेंगे। साथ ही, निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं एवं आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित निपटान हेतु एक समर्पित शिकायत निवारण कोषांग का गठन किया गया है। यह कोषांग निर्वाचन अवधि में सक्रिय रहेगा, जहां आम जनता अपने निर्वाचन संबंधी शिकायतों, आचार संहिता उल्लंघन या अन्य प्रासंगिक मामलों की सूचना सीधे प्रेक्षकों या संबंधित अधिकारियों को दे सकेंगे। औरंगाबाद के उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन कार्य की पारदर्शिता और निष्पक्षता सर्वोच्च प्राथमिकता है। आयोग द्वारा नियुक्त सभी प्रेक्षक जिला प्रशासन के सहयोग से निर्वाचन के प्रत्येक चरण में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं, जिससे औरंगाबाद जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराया जा सके।

# महिला किसानों ने प्रखंड कार्यालय को घेरा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा।** महिला किसानों ने शनिवार को प्रखंड कार्यालय का घेराव कर विरोध जताया। महिला किसानों ने आरोप लगाया कि प्रखंड में किसानों को 80 प्रतिशत सरकारी अनुदान पर चना और मसूर बीज का वितरण किया जा रहा है लेकिन इसके वितरण में कृषि विभाग द्वारा घोर अनियमितता बरती जा रही है। किसानों के बीच बीज वितरण के लिए कृषि विभाग द्वारा पंचायतवार शिड्यूल जारी किया गया था। इसमें बिना कोई सूचना के परिवर्तन कर किसानों को परेशान किया जा रहा है। तय दिवस के दिन जब संबधित पंचायत के किसान बीज लेने पहुंचते है तो विभाग द्वारा बताया जाता है कि वितरण का दिन बदल गया है। जारी शिड्यूल के अनुसार शनिवार को हसपुरा, पीरू और पुरहारा पंचायत के किसानों को अनुदानित मूल्य पर बीज देना था जिसके कारण शनिवार को कृषि कार्यालय में बड़ी संख्या में महिला और पुरुष किसान बीज लेने पहुंच गए लेकिन संबंधित पंचायत के कृषि कॉर्डिनेटर ब्रजेश कुमार गायब थे। किसानों ने जब पूछा तो बताया गया कि वे चुनाव कार्य के लिए अनुमंडल गए है। उसके बाद दर्जनों महिला किसानों ने प्रखंड कार्यालय का घेराव किया। घेराव कर रही महिला किसान किरण कुमारी, सीता सुंदरी देवी, रीना देवी, ममता देवी, प्रियंका कुमारी, रवान्ति देवी, पूनम, शकुंतला, उषा समेत कई महिलाओं ने बताया कि सभी हसपुरा पंचायत का तीन बार से दौड़ रहें है। आवेदन किया हुआ है लेकिन विभाग द्वारा बार-बार टहलाया जा रहा है। पहले हसपुरा पंचायत को शनिवार का दिन आवंटित था जब शनिवार को पहुंचे तो बताया गया कि सोमवार को मिलेगा जब सोमवार को पहुंचे तो बोला गया कि शिड्यूल में परिवर्तन हो गया शनिवार को आईए। आज शनिवार है हमलोग सुबह से यहां है 12 बजे तक संबंधित पंचायत के कोडिनेटर ब्रजेश कुमार नहीं आए है। वितरक द्वारा बताया जा रहा है कि हसपुरा पंचायत का स्टॉक खत्म हो गया। जब हमलोगों को बीज मिला ही नहीं तो स्टॉक खत्म कैसे हो गया। कृषि कोडिनेटर द्वारा मनमानी किया जा रहा है। इसलिए प्रखंड कार्यालय का घेराव कर रहें है। महिलाएं बीडीओ से मिलना चाहती थी लेकिन वे ऑफिस में नहीं थे। इस सम्बंध में प्रखंड कृषि पदाधिकारी रणजीत कुमार ने बताया कि हसपुरा पंचायत का स्टॉक चना एवं मसूर खत्म हो गया है।

# दाउदनगर अनुमंडलीय जेल में रेडियो दोस्ती का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव तान्या पटेल ने शनिवार को अनुमंडलीय कारा दाउदनगर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक अमित कुमार राय और जेल भ्रमण अधिवक्ता मृत्युंजय कुमार उपस्थित थे। इस दौरान सचिव तान्या पटेल ने बंदियों के मनोरंजन और जागरूकता के उद्देश्य से तैयार किए गए जेल रेडियो रेडियो दोस्ती का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि रेडियो दोस्ती की परिकल्पना बहुआयामी उद्देश्य से की गई है, यह न केवल बंदियों के मनोरंजन का माध्यम बनेगा बल्कि उनके बीच सामाजिक, कानूनी और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता भी फैलाएगा। निरीक्षण के दौरान सचिव ने सभी वार्डों का भ्रमण कर बंदियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि बंदियों की शिकायतों का तत्काल समाधान किया जाए। सचिव ने बंदियों से उनके जमानत और अधिवक्ता से संबंधित जानकारी भी प्राप्त की तथा कहा कि यदि कोई बंदी निजी अधिवक्ता रखने में सक्षम नहीं है तो वह जेल भ्रमण अधिवक्ता या कारा प्रशासन के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकार से पैनल अधिवक्ता की सेवा प्राप्त कर सकता है। निरीक्षण के दौरान तान्या पटेल ने जेल की स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए तथा बरसात के मौसम को देखते हुए मच्छर जनित रोगों से बचाव और आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जेल में मिलने वाले भोजन को निर्धारित मेनू के अनुसार गुणवत्तापूर्ण बनाए रखने का निर्देश दिया।

# व्यय प्रेक्षक ने निगरानी टीम का किया औचक निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** आम निर्वाचन 2025 के तहत निर्वाचन व्यय की निगरानी हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ओबरा विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक द्वारा विभिन्न निर्वाचन दलों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शनिवार को दाउदनगर प्रखंड अंतर्गत रोहतास सीमा पर दाउदनगर -नासरीगंज पुल स्थित स्टैटिक निगरानी टीम का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दल के प्रभारी पदाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त ओम प्रकाश, कनीय अभियंता, मनरेगा कार्यालय, दाउदनगर द्वारा जांच कार्य सही तरीके से नहीं किया जा रहा पाया गया। साथ ही प्रेक्षक द्वारा पूछे गए प्रश्नों का संतोषप्रद उत्तर नहीं दिया गया, जिसपर उन्होंने खेद व्यक्त किया एवं संबंधित पदाधिकारी से स्पष्टीकरण की मांग करने की बात कही। इसी क्रम में व्यय प्रेक्षक द्वारा ओबरा थाना क्षेत्र में कार्यरत उड़नदस्ता दल का भी औचक निरीक्षण किया गया। दल के प्रभारी दण्डाधिकारी के रूप में प्रतिनियुक्त ओबरा अंचल अधिकारी हरिहरनाथ पाठक द्वारा पिछले तीन सप्ताह से दल के प्रभारी दण्डाधिकारी के रूप में कार्य करने के बावजूद कार्य में शिथिलता बरती जा रही थी, जो निरीक्षण के दौरान परिलक्षित हुआ। इस पर प्रेक्षक ने उन्हें कड़ी चेतावनी देते हुए कार्य में गति लाने का निर्देश दिया। व्यय प्रेक्षक ने स्पष्ट किया कि निर्वाचन से संबंधित सभी निगरानी दल अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी तत्परता, पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ करें, ताकि निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप निष्पक्ष एवं स्वच्छ चुनाव संपन्न कराया जा सके।

# देव मोड़ के समीप पीएम मोदी की सभा सात नवंबर को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी औरंगाबाद के देव मोड़ के समीप सात नवंबर को चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसकी तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है। पीएमओ की टीम ने स्थल का निरीक्षण भी किया है। बड़ी बात यह है कि सभास्थल का बदलाव किया गया है। पूर्व में शहर से चंद दूरी पर स्थित करमा रोड पकहा के समीप स्थल का चयन किया गया था। उसी स्थल को लेकर तैयारी की जा रही थी। इधर सूत्रों से जानकारी मिली है कि पीएमओ की टीम ने जब पकहा के समीप चयनित स्थल का निरीक्षण किया तो स्थल छोटा पड़ा। ऐसे में उक्त जगह को बदल दिया गया। सूत्रों से यह भी जानकारी मिली है कि शनिवार को पीएमओ की टीम के साथ प्रशासनिक टीम ने देव मोड़ के समीप स्थल का जायजा लिया। अंततः देव मोड़ के ही स्थल को सभा के लिए चयन कर लिया गया। बता दें कि देव मोड़ के समीप का इलाका एनडीए के लिए बेहतर विकल्प हो सकता है। इस इलाके से रफीगंज, गोह, औरंगाबाद और कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र का जुड़ाव है। इन विधानसभा क्षेत्रों से देव मोड़ की दूरी भी कम पड़ेगी।

# दुधैला के ग्रामीणों ने लिया वोट बहिष्कार का निर्णय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** नबीनगर विधानसभा क्षेत्र के दुधार पंचायत के वार्ड नंबर 13, दुधैला गांव में शनिवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने वोट बहिष्कार का निर्णय लिया है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक गांव में बुनियादी सुविधाओं का विकास नहीं होता, तब तक वे किसी भी दल या प्रत्याशी को वोट नहीं देंगे। ग्रामीण विनोद कुमार, श्यामबिहारी राम, मंसूर अहमद, किस्मती देवी, फूलो देवी समेत अन्य लोगों ने बताया कि गांव में सड़क, नाली-गली, विद्यालय और आंगनबाड़ी केंद्र का अभाव वर्षों से बना हुआ है। बार-बार शिकायत और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाने के बावजूद अब तक कोई पहल नहीं की गई। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि मतदान केंद्र की दूरी भी उनकी परेशानियों में शामिल है। दुधैला गांव के मतदाताओं को दो किलोमीटर दूर सुंदरगंज स्थित हाई स्कूल में जाकर वोट डालना पड़ता है, जबकि गांव के बगल में ही बूथ है जहां अन्य गांव के लोग मतदान करते हैं। लोगों ने कहा कि यदि इस बार भी कोई अधिकारी या जनप्रतिनिधि आगे बढ़कर समस्याओं का समाधान नहीं करते, तो वे विधानसभा चुनाव का पूर्ण बहिष्कार करेंगे। गांव के लोगों ने एक स्वर में कहा-सड़क नहीं, नाली नहीं, बच्चों के पढ़ने की सुविधा नहीं-तो वोट भी नहीं। गौरतलब है कि दुधैला गांव में 600 से अधिक मतदाता हैं और उनके बहिष्कार का असर पूरे क्षेत्र के चुनावी समीकरणों पर पड़ सकता है।

# जमीनी विवाद मामले में सात दोषी करार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी निधि जायसवाल ने बारून थाना कांड संख्या 123/11, ट्रायल नंबर 1142/11 में सुनवाई पूरी करते हुए सात अभियुक्तों को दोषी करार दिया। अनुमंडलीय अभियोजन पदाधिकारी विकास कुमार ने बताया कि अदालत ने मुख्य अभियुक्त रामप्रवेश सिंह और उपेंद्र सिंह, शंकरपुर नरारी कला खुर्द को भारतीय दंड संहिता की धारा 341 के तहत एक माह का कारावास और धारा 323 के तहत तीन महीने का कारावास सुनाया है। वहीं अन्य अभियुक्त प्रमिला देवी, उर्मिला देवी, कांति देवी, अखिलेश सिंह और धमेंद्र कुमार को दोषी पाए जाने के बाद परिवीक्षा का लाभ देते हुए भविष्य में किसी भी प्रकार के लड़ाई-झगड़े से दूर रहने के आश्वासन पर मुक्त कर दिया गया। इस मामले में प्राथमिकी सूचक सत्येंद्र सिंह ने 28 अप्रैल 2011 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# दो दिवसीय होगा सीता थापा महोत्सव, तैयारियों में जुटी आयोजन समिति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** ऐतिहासिक धार्मिक व अध्यात्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण सीता थापा के महत्वों को जन जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से दो दिवसीय सीता थापा महोत्सव आयोजन किया जायेगा। समिति सदस्यों की बैठक आज राम जानकी ठाकुरबाड़ी भवन शिवगंज में की गई। बैठक की अध्यक्षता विनय कुमार सिंह ने किया जबकि संचालन समिति के सचिव प्रो. दिनेश प्रसाद ने किया। बैठक में महोत्सव के कार्यक्रम तय किए गए। शोभायात्रा, संगोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं बौद्धिक प्रतियोगिताएं, सम्मान समारोह, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। सचिव प्रो. दिनेश प्रसाद ने बताया कि 25 एवं 26 नवंबर को दो दिवसीय महोत्सव को दिव्य एवं भव्य आयोजन होगा। महोत्सव के पहला दिन महोत्सव की शुरुआत सीता थापा के पूजन से किया जाएगा। इसके बाद सीता थापा से एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जो कार्यक्रम स्थल शिवगंज तक आएगी। इसमें स्कूली छात्र-छात्राएं अपने झांकी के साथ शामिल होंगे। इस दौरान हाथी घोड़े गाजे बाजे भी होंगे। शोभायात्रा का नेतृत्व जनप्रतिनिधियों और जागरूक जनता द्वारा की जाएगी। मुख्य अतिथि द्वारा महोत्सव का उद्घाटन किया जाएगा। महोत्सव में स्थानीय कलाकारों और छात्र-छात्राओं द्वारा सीता थापा आधारित गीत प्रतियोगिता का आयोजन होगा। छात्र-छात्राओं के जुनियर बर्ड के बीच लोक गीत और लोक नृत्य की प्रतियोगिता होगी। रात्रि में अतिथि कलाकारों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएगे। दूसरे दिन स्थानीय कलाकारों द्वारा गायन से महोत्सव की शुरुआत की जायेगी। महोत्सव के प्रधान संरक्षक सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने बताया कि महोत्सव का मूल उद्देश्य सीता थापा स्थल को हाई लाइट करना, इसे पर्यटन स्थल का दर्ज़ा दिलाना, स्थानीय कलाकारों और छात्र-छात्राओं को मंच प्रदान करना तथा बढ़ावा देना, सीता थापा स्थल को अपेक्षित विकास कराना है। कोषाध्यक्ष देवलाल प्रसाद ने बताया कि महोत्सव पूर्व की तरह प्रायोजक विधि से ही कराया जाएगा। प्रायोजकों का भरपूर सहयोग मिल रहा। बैठक में विनय कुमार सिंह, प्रो दिनेश प्रसाद, देवलाल प्रसाद,उमगा महोत्सव के अध्यक्ष संजय सिंह, कोषाध्यक्ष ललन कुमार सिंह, सिद्धेश्वर विद्यार्थी आदि उपस्थित थे।

# दशवत बिगहा से माली तक सड़क गड्ढे में तब्दील, लोग परेशान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सड़क की बदहाली से दो पहिया या चार पहिया वाहन तो दूर अब पैदल चलना भी मुश्किल है। मामला कुटुंबा माली रोड में दशवत बिगहा से माली तक की है। इस सड़क की पक्कीकरण 10 साल पहले हुआ था लेकिन बीते सालों में एक बार भी मरम्मत नहीं हुआ। सड़क में बने गड्ढों के कारण आये दिन लोग दुर्घटना के शिकार होते रहे हैं। एक माह पूर्व किसान नेता वशिष्ठ प्रसाद सिंह बाइक दुर्घटना के शिकार हो गए थे जिनमें उनका पैर टूट गया था। उल्लेखनीय है कि दो साल पहले पूर्व सांसद के द्वारा इस रोड का मरम्मत और चौड़ीकरण का काम किया गया था। वह कुटुम्बा से दशवत बिगहा गांव तक ही हुआ था। दशवत बिगहा से माली तक मरम्मत नहीं हो से आज सड़क गड्ढे में तब्दील हो गया है। यह सड़क एक तरफ कुटुम्बा अम्बा हरिहरगंज नबीनगर को जोड़ता है तो दूसरी तरफ माली नबीनगर सिरिस जैसे - प्रमुख स्थानों को जोड़ता है। कुटुम्बा विधानसभा का यह एक प्रमुख सड़क होने के कारण सैकड़ों गांव के हजारों लोग इस सड़क से रोज गुजरते हैं। इस सड़क से स्कूल बसें भी प्रतिदिन बच्चों को लेकर आया जाया करती हैं, दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। चिरइयाँटांड निवासी राज कुमार सिंह बताया कि इस सड़क को मरम्मत करवाने की पहली जिम्मेदारी स्थानीय विधायक राजेश राम की थी लेकिन 10 साल लगातार विधायक रहने के बावजूद उन्होंने इसका आजतक रिपेयरिंग नहीं करवाया। लोग उम्मीद में थे कि चुनाव आने वाला है अब सड़क बन जाएगा। चुनाव भी आ गया और सड़क जैसा का तैसा ही रह गया। श्री सिंह ने विधायक राजेश राम को इसके लिए जिम्मेदार ठहराते हुए बताया कि इस क्षेत्र के कई लोगों ने कई बार विधायक से इसे मरम्मत करवाने का आग्रह किया लेकिन विधायक जन सेवा छोड़ पटना में अपना विजनेश संभालने में लगे रहे । स्थानीय लोगों नें इस सड़क का गुस्सा पिछले लोकसभा चुनाव में पूर्व सांसद पर उतारा था। इस बार विधायक पर उतारेगी। कठरी निवासी राजेंद्र समदर्शी ने बताया कि प्रत्याशी किसी दल का उम्मीदवार हो, अगर उनमें थोड़ी भी शर्म हया है तो उन्हें इस क्षेत्र में वोट मांगने नहीं आना चाहिए और जनता में भी अपने मूलभूत आवश्यकतावों को लेकर थोड़ी भी जागरूकता है तो इन नेताओं को एक भी वोट नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए जितना विधायक दोषी हैं उतना ही जानता क्योंकि इस जनता को विकास नहीं जात चाहिए।




C M Y K